# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.




**सफल टेस्टिंग**

# भारत ने समंदर से दागी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल

## इंडियन नेवी ने के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

के-4 एलएसबीएम एक इंटरमीडियट रेंज की सबमरीन से लॉन्च होने वाली परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे नौसेना के अरिहंत क्लास पनडुब्बियों में लगाया गया है। इससे पहले भारतीय नौसेना के-15 का इस्तेमाल कर रही थी। लेकिन के-4 उससे ज्यादा बेहतर, सटीक, मैन्यूवरेबल और आसानी से ऑपरेट होने वाली मिसाइल है। आईएनएस अरिहंत और अरिघट पनडुब्बियों में चार वर्टिकल लॉन्चिंग सिस्टम हैं. जिससे यह लॉन्च होती है। यह मिसाइल 17 टन वजनी और 39 फीट लंबी है। इसका व्यास 4.3 मीटर का है। यह 2500 किलोग्राम वजनी स्ट्रैटेजिक न्यूक्लियर हथियार ले कर उड़ान भरने में सक्षम है।




**ऑपरेशनल रेंज 3500 किलोमीटर**

दो स्टेज की यह मिसाइल सॉलिड रॉकेट मोटर से चलती है। इसमें प्रोपेलेंट भी सॉलिड ही पड़ता है। इसकी ऑपरेशनल रेंज 3500 किलोमीटर है। भारत का नियम है कि वह पहले किसी पर परमाणु हमला नहीं करेगा। लेकिन उस पर हुआ तो छोड़ेगा भी नहीं। इसलिए ऐसी मिसाइलों का नौसेना में होना बहुत जरूरी है।

### इससे पहले के अन्य परीक्षण

15 जनवरी 2010 में विशाखापट्टनम तट के पास पानी के 160 फीट अंदर पॉन्टून बनाकर वहां से इसका सफल डेवलपमेंटल लॉन्च हुआ था। 24 मार्च 2014 में उसी जगह और वैसी ही तकनीक के साथ पॉन्टून से फिर पहला सफल टेस्ट लॉन्च किया गया था। इसके बाद 7 मार्च 2016 में दूसरा सफल टेस्ट लॉन्च हुआ। जिसकी ट्रैजेक्टिरी डिप्रेस्ड थी। 2016 में आईएनएस अरिहंत से 700 केm रेंज के लिए सफल ट्रायल लॉन्च किया गया था। 17 दिसंबर 2017 में भी पानी के अंदर पॉन्टून से लॉन्चिंग हुई थी लेकिन वो असफल रही थी। इसके बाद 19 जनवरी 2020 में भी पॉन्टून से ही 3500 किलोमीटर रेंज के लिए पांचवीं बार सफल टेस्ट लॉन्च हुआ। 2020 में छठीं बार सफल टेस्ट लॉन्च हुआ था। इसके बाद अब यह परीक्षण किया गया है।

**14 अक्टूबर 2022 को टेस्टिंग की**

आईएनएस अरिघात समुद्र के अंदर मिसाइल अटैक करने में उसी तरह सक्षम है, जिस तरह अरिहंत ने 14 अक्टूबर 2022 को टेस्टिंग की थी। तब के-15 एलएसबीएम की सफल टेस्टिंग की गई थी। इसी के साथ भारत अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और चीन के अलावा दुनिया का छठा न्यूक्लियर ट्रायड देश बन गया था।

### खबर संक्षेप

#### मोदी को धमकी, हिरासत में 34 साल की महिला



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में धमकी भरा फोन आया था। मामले में पुलिस ने एक 34 साल की महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि महिला मानसिक रूप से अस्थिर है। उसने शरारत में फोन किया था। महिला का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड भी नहीं है। मामले की जांच जारी है। बता दें, पिछले साल हरियाणा के एक शख्स ने वीडियो वायरल करते हुए मोदी को गोली मारने की धमकी दी थी।

#### एयर इंडिया की बढ़ेंगी घरेलू व छोटी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने गुरुवार को बताया कि 2025 में उनके हवाई यातायात में ज्यादातर वृद्धि घरेलू और कम दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से होगी, क्योंकि उसके बेड़े में और अधिक संकीर्ण बॉडी वाले विमान शामिल हो रहे हैं, साथ ही अगले साल पुरानी चौड़ी बॉडी वाले विमानों को भी बदला जाएगा।

#### धनुष और ऐश्वर्या का हुआ तलाक फाइनल



**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के फेमस एक्टर डायरेक्टर धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत का ऑफिशियली तलाक हो गया है। 27 नवंबर, 2024 को चेन्नई फैमिली कोर्ट ने इस तलाक को मंजूरी दे दी। शादी के 18 साल साथ रहने के बाद दोनों ने अलग होने का फैसला लिया था। तमिलनाडु की एक फैमिली कोर्ट ने धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत के बीच तलाक को मंजूरी दे दी। फिल्म निर्देशक कस्तूरीराजा के बेटे धनुष और सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या ने 18 नवंबर 2004 को शादी रचाई थी। और दोनों परिवारों के आशीर्वाद से विवाह किया था। इनके दो बेटे यात्रा और लिंगा हैं।

**भारतीय एजेंसियों की बड़ी कामयाबी!**

**इंटरपोल के साथ मिलकर सीबीआई, एनआईए की संयुक्त कार्रवाई**

# लश्कर का मोस्टवांटेड आतंकी रवांडा से लाया गया भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लश्कर-ए-तैयबा के मोस्टवांटेड आतंकी सलमान रहमान खान को इंटरपोल की मदद से रवांडा से भारत लाया गया है। एनआईए (एनआईए) की टीम ने सीबीआई की सहायता से 28 नवंबर 2024 को उसे भारत पहुंचाया। सलमान के खिलाफ आतंकवादी साजिश रचने, आतंकवादी संगठन का सदस्य होने, और हथियारों व विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। सलमान रहमान खान पर बेंगलुरु के हेब्बल इलाके में आतंकवादी गतिविधियों के लिए हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक मुहैया कराने का आरोप है। सीबीआई ने एनआईए के अनुरोध पर 2 अगस्त 2024 को इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था। इंटरपोल नेशनल सेंट्रल ब्यूरो-किगाली की मदद से सलमान को रवांडा में ट्रैक किया गया और भारत लाया गया।




**पिछले साल किया था मामला दर्ज**

अफसरों ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2023 में सलमान के खिलाफ बंगलुरू में आतंक फैलाने की आपराधिक साजिश से संबंधित मामला दर्ज किया था। साथ ही बंगलुरू के हेब्बल पुलिस स्टेशन में भी एक एफआईआर दर्ज की गई थी। एनआईए के अनुरोध पर सीबीआई ने इस साल की दो अगस्त को इंटरपोल से खान के खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया था। वांछित अपराधी की तलाश के लिए इसे वैश्विक स्तर पर सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भेजा गया था। बाद में पता चला कि खान रवांडा में है। सीबीआई ने रवांडा की राजधानी और सबसे बड़े शहर किगाली में इंटरपोल के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो से सहायता मांगी। अधिकारी ने कहा कि आतंकी को आज यानी 28 नवंबर को वापस भारत लाया जा रहा है।

### सितंबर में किया गया था रवांडा में गिरफ्तार

*रवांडा की जांच ब्यूरो (आरआईबी) ने बताया कि सलमान को भारतीय अधिकारियों के अनुरोध पर सितंबर की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था। आरआईबी के महासचिव जीनोट रुहुंगा ने कहा कि भारत में आतंकवाद के आरोपों का सामना कर रहा 40 वर्षीय शख्स रवांडा की राजधानी में एक छोटी सी दुकान चला रहा था। हालांकि, रवांडा के अधिकारियों ने आतंकवादी समूह के नाम की पुष्टि नहीं की है।*

### वांटेड आतंकी बरकत सऊदी से हुआ था गिरफ्तार

इससे पहले 14 नवंबर 2024 को सीबीआई की टीम ने सऊदी अरब से वांटेड अपराधी बरकत अली खान को गिरफ्तार कर भारत लाया था। बरकत अली 2012 से दंगे और विस्फोटक पदार्थों के इस्तेमाल के आरोप में फरार था। उसके खिलाफ 6 दिसंबर 2022 को रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। सीबीआई ने केरल पुलिस के अनुरोध पर रेहान अरबिककलालारिक्कल को भी सऊदी अरब से ट्रैक किया। रेहान के खिलाफ 2022 में एक नाबालिग के साथ बलात्कार और यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज था। केरल पुलिस की टीम ने 10 नवंबर 2024 को उसे भारत लाया।

### इंटरपोल के जरिए बड़ी सफलता

भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) के रूप में कार्य करने वाली सीबीआई देशभर की सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करती है। 2021 के बाद से अब तक लगभग 100 वांछित अपराधियों को इंटरपोल चैनलों के जरिए भारत लाया जा चुका है। इस साल ही 26 अपराधियों को भारत लाने में सफलता मिली है।

**दिल्ली प्रदूषण मामला**

# सुप्रीम कोर्ट सख्त, स्कूलों को छोड़कर लागू रहेंगी पाबंदियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वायु प्रदूषण के मसले पर सुप्रीम कोर्ट सख्त है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि स्कूलों से संबंधित उपायों को छोड़कर जीआरएपी के चरण चार के तहत सभी पाबंदियां दो दिसंबर तक लागू रहेंगी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि 'कोर्ट कमिश्नर' की रिपोर्ट से पता चलता है कि अधिकारी जीआरएपी -4 के तहत पाबंदियों को सही तरीके से लागू करने में 'पूरी तरह विफल रहे हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि वो अपने अधिकारियों को निर्देश दे कि वे किसानों को उपग्रह की नजर से बचने के लिए शाम चार बजे के बाद पराली जलाने की सलाह न दें। रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जीआरएपी-4 के तहत आपात उपायों में छूट देने से गुरुवार को इनकार कर दिया और इन्हें दो दिसंबर तक जारी रखने का आदेश दिया।

**टिप्पणी**

- जीआरएपी-4 को पूरी तरह लागू करने में विफल रहे अधिकारी



### दिल्ली के प्रशांत विहार में बड़ा ब्लास्ट मिली सफेद पाउडर जैसी चीज

दिल्ली के प्रशांत विहार में पीवीआर के पास तेज धमाका हुआ है। दिल्ली पुलिस के पास कॉल कर इसकी सूचना दी गई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम इस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सबसे पहले इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर यह किस तरह का ब्लास्ट है। दरअसल, दिल्ली पुलिस को सूचना मिली की दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में तेज ब्लास्ट हुआ है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ब्लास्ट के साथ-साथ कॉल करने वाले शख्स के बारे में भी पता कर रही है। फायर विभाग के मुताबिक 11 बजकर 48 मिनट पर प्रशांत विहार के बंसी स्वीट्स में संदिग्ध धमाके की बात पीसीआर कॉल पर बताई गई. फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं।

# लोगों को उकसाया, प्लानिंग के तहत जुटाए हथियार, 3 और लोग गिरफ्तार

*संभल हिंसा में ऑडियो क्लिप से बड़ा खुलासा*

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के दौरान अधिक लोगों को हथियारों के साथ जुटाने के संबंध में एक ऑडियो क्लिप सामने आई है। जांच टीम ने ये ऑडियो क्लिप उनके फोन से बरामद की है, जिन्हें इस हिंसा में संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया है। इस क्लिप में, एक अज्ञात व्यक्ति को मुगल-युग की शाही जामा मस्जिद के पास अधिक लोगों को जुटाने की अपील करते सुना जा सकता है। शख्स को कहते सुना जा सकता है, 'सामान लेकर आ मस्जिद के पास, मेरे भाई का घर है।' दंगाइयों के ऑडियो क्लिप पर संभल पुलिस बड़ी कार्रवाई कर रही है। ऑडियो में पुलिस का कहना है कि तमंचा लाने की बात चल रही है। ऑडियो में सामने आए नामों को पुलिस ने पकड़ा है। तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनकी पहचान आमिर पठान, मोहम्मद अली और फैजान अब्बासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि इन तीनों ने 49 दंगाइयों के नाम भी बताए हैं, जिनकी पहचान पुलिस कर रही है।

### 25 लोग पहले से हिरासत में

पुलिस ने पहले 25 लोगों को गिरफ्तार किया है और सात एफआईआर दर्ज की हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद जिया-उर-रहमान बर्क और स्थानीय विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल के नाम भी एफआईआर में शामिल हैं। पुलिस ने अपनी एफआईआर में आरोप लगाया है कि बर्क ने हिंसा से पहले शाही जामा मस्जिद का दौरा किया और उकसाने वाले बयान दिए, जिससे घटना घटी।

# यूक्रेन के एनर्जी सेंटर्स पर 200 मिसाइल-ड्रोन से अटैक

एजेंसी ▶▶| कीव




रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए बृहस्पतिवार को 200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। इन हमलों के कारण देश भर में 10 लाख से ज्यादा आबादी बिजली से वंचित है। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दो सप्ताह से भी कम समय में यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर रूस के दूसरे बड़े हवाई हमले से यह आशंका बढ़ गई है कि रूस का इरादा सर्दी से पहले यूक्रेन की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को तहस-नहस करना है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हर्मन हालुशेंको ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि पूरे यूक्रेन में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बिजली आपूर्ति बंद की जा रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में, कलस्टर हथियारों से लैस कलिब्र क्रूज मिसाइलों ने नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया।

### ठंड में जानबूझकर किया अटैक

यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने ठंड के मौसम में यूक्रेनी बुनियादी ढांचे और लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए ताबड़तोड़ हमले किए हैं। उन्होंने लिखा, "उत्तर कोरिया समेत रूस के पागल सहयोगियों ने उसकी मदद की।" पश्चिमी देशों और दक्षिण कोरिया का कहना है कि हाल के महीनों में उत्तर कोरिया ने रूस के लिए अपने सैन्य सहयोग को बढ़ा दिया है। पश्चिमी यूक्रेन में ल्वीव क्षेत्र के प्रमुख मैक्सिम कोजित्स्की ने कहा कि हमले के कारण 5 लाख से ज्यादा घरों में बिजली नहीं है। उत्तर-पश्चिमी रिव्ने क्षेत्र के गवर्नर ओलेक्सांद्र कोवल के अनुसार, हमले के कारण क्षेत्र में 280,000 से अधिक घरों में बिजली नहीं है।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

*सदन में मौजूद रहे नेहरू-गांधी और वाड्रा परिवार के सभी सदस्य*

# हाथ में संविधान लिए प्रियंका ने ली लोकसभा सदस्य की शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केरल की पारंपरिक क्रीम कलर की कसावु साड़ी पहने अपनी दादी इंदिरा गांधी की छवि संग हाथ में संविधान की लाल किताब लिए प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। इस खास अवसर पर सदन में नेता प्रतिपक्ष और उनके बड़े भाई राहुल गांधी और दर्शक दीर्घा में मां और राजस्थान से राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी, पति रॉबर्ट वाड्रा, बेटा रेहान वाड्रा और बेटी मिराया वाड्रा समेत पूरा नेहरू-गांधी और वाड्रा परिवार मौजूद रहा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजीव शुक्ला और पार्टी के कुछ अन्य राज्यसभा सांसद भी इस दौरान लोकसभा की दर्शक व प्रेस दीर्घा में उपस्थित थे। सुबह 11 बजे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्रवाई की शुरुआत करने के तुरंत बाद हालिया उप चुनाव में केरल के वायनाड और महाराष्ट्र के नांदेड़ से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे कांग्रेस के दो सदस्यों प्रियंका गांधी और रवींद्र वसंतराव चव्हाण को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

**दो कंपनियां तय, ऑनलाइन होगा सिस्टम, राज्यभर में बनाए गए 350 डीलर्स**


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## छग में 30 लाख गाड़ियों में लगेंगी नई नंबर प्लेट, बाइक का रेट 366 रुपए, कार के लिए देनी होगी 656 रुपए फीस


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में 30 लाख से अधिक वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाई जानी है। इन वाहनों में घरेलू इस्तेमाल की दोपहिया गाड़ियों से लेकर हल्के निजी वाहन, पैसेंजर कार शामिल हैं। खास बात ये है कि 2019 के पहले रजिस्टर्ड किए गए सभी वाहनों में इस नंबर प्लेट की जरूरत होगी। नंबर प्लेट के लिए बेस प्राइज के अलावा जीएसटी भी अदा करना होगा। ऑनलाइन सिस्टम से नंबर प्लेट बदलने की पूरी प्रक्रिया संचालित होगी। राज्य में फिलहाल यह प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

### प्रदेश में 30 लाख से अधिक वाहनों की प्लेट बदलेगी

छत्तीसगढ़ में सरकार वाहन पोर्टल के हिसाब से करीब 50 लाख वाहन दर्ज हैं जिनका मॉडल 2019 के पहले का है। लेकिन परिवहन विभाग के जानकार सूत्रों का कहना है कि इनमें से करीब 30 लाख वाहनों के लिए नई नंबर प्लेट लगानी पड़ेगी। वजह ये है कि ▶▶ शेष पेज 2 पर




### प्रदेश में कहीं से भी बदलवा सकते हैं, 350 सेंटर

*वाहनों की नंबर प्लेट बदलने के मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि आप प्रदेश में कहीं से भी नई नंबर प्लेट ले सकते हैं। जैसे अगर आप की गाड़ी रायपुर परिवहन कार्यालय में दर्ज है और बिलासपुर या जगदलपुर में गाड़ी चला रहे हैं तो वहां भी इस सिस्टम से नई नंबर प्लेट हासिल कर सकते हैं। राज्य* ▶▶ शेष पेज 2 पर

### किस गाड़ी के लिए कितना खर्च

प्रति सेट कुल कीमत दो पहिया वाहनों के लिए स्नैप लॉक और फिक्सिंग सहित पंजीकरण प्लेटों का पूरा सेट - स्कूटर मोटरसाइकिल और मोपेड, ट्रैक्टर, पावर टिलर और ट्रेलर कृषि के लिए जीएटी सहित कुल 365.80, तिपहिया वाहनों के ▶▶ शेष पेज 2 पर

### ऐसे लगाई जाएंगी ये नंबर प्लेट

*हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए वाहन के मालिक को सरकारी वाहन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आना होगा। इस पोर्टल के माध्यम से नंबर प्लेट बदलने का काम तभी हो सकेगा, जब रजिस्ट्रेशन के साथ वाहन मालिक का मोबाइल नंबर वाहन पोर्टल पर दर्ज होगा। अगर मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है, तो पहले नंबर ही दर्ज कराना होगा। पोर्टल में नंबर होने पर रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ गाड़ी का चेसिस नंबर भी डालना होगा, उसके बाद मोबाइल नंबर से उसका वेरीफिकेशन होगा। नई नंबर प्लेट लेने के लिए निर्धारित फीस अदा करनी होगी। यह भी वाहन पोर्टल के माध्यम से होगा। इसके बाद संबंधित कंपनी नंबर प्लेट लगाने के लिए समय तय करेगी। यह टाइम स्लाट 120 दिनों तक का भी हो सकता है। जब नंबर आ जाएगा, तो नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट भी आपकी गाड़ी में लग जाएगी।*

साल भर में एक भी वारदात नहीं, अंदरूनी इलाकों में भी डटी फोर्स, बाकी जिलों में भी चल रहा ऑपरेशन

## 24 साल संघर्ष, 100 जवानों की शहादत के बाद अब बस्तर और कोंडागांव से नक्सलवाद साफ

राजेश दास ▶▶ जगदलपुर

खास खबर

गौरतलब है, छत्तीसगढ़ बनने के बाद शुरुआती दौर में नक्सलवाद बस्तर में चरम पर था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिन दहाड़े बारूदी सुरंग से वाहनों के परखच्चे उड़ाकर जवानों को मौत के घाट उतार दिया जाता था। छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग नक्सल समस्या की दृष्टि से देश प्रदेश नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सुर्खियों में रहा। खासकर बस्तर जिले का झीरमकांड 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ के लिए काला अध्याय साबित हुआ, लेकिन अब बस्तर में शांति लौट रही है। संभाग के 7 जिलों में से बस्तर और कोण्डागांव में सालभर से कोई भी बड़ी वारदात नहीं घटी है। अन्य पांच जिलों में भी वारदातें हुई हैं, नक्सली भी मारे जा रहे हैं।

राज्य गठन के बाद 24 सालों में बस्तर संभाग के नासूर बन चुके नक्सलवाद के खात्मे की कोशिशें होती रहीं। अलग-अलग सरकारों द्वारा किए गए प्रयासों के चलते नक्सलवाद अब अपनी आखरी सांसे गिन रहा है। इस समय फोर्स नक्सलियों पर आक्रामक प्रहार कर रहा है। ▶▶ शेष पेज 2 पर

*बस्तर संभाग के सात जिले में से दो जिले बस्तर और कोंडागांव से अब नक्सलियों का सफाया हो चुका है। 24 साल संघर्ष और 100 से ज्यादा जवानों की शहादत के बाद अब यहां शांति लौट रही है। दोनों जिले ऐसे हैं, जहां सालभर में एक भी नक्सल वारदात नहीं हुई। यहां अंदरूनी इलाकों में भी फोर्स मौजूद है। बाकी के पांच जिलों में भी नक्सल ऑपरेशन चल रहा है। आईजी का कहना है कि पूरे संभाग को नक्सलमुक्त कराया जाएगा।*





■ छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग नक्सल समस्या की दृष्टि से देश प्रदेश नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सुर्खियों में रहा

### 200 का आंकड़ा पार



*वर्ष 2024 में अब तक 207 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मार गिराया है। इनसे दर्जनों अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। लगातार कार्रवाई का परिणाम है कि संभाग के बस्तर व कोंडागांव जिले से नक्सलियों का लगभग सफाया कर नक्सलमुक्त किया जा चुका है।*

*सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर*

### गृहमंत्री का ऐलान हो रहा पूरा

गृहमंत्री अमित शाह ने एक माह पूर्व राजधानी रायपुर में नक्सल प्रभावित 10 राज्यों के मुख्यमंत्री, डीजीपी व मुख्य सचिव की बैठक ली थी और वर्ष 2026 तक नक्सलियों का खात्मा कर प्रदेश को नक्सलमुक्त करने की बात कही थी। जिसके बाद से ही नक्सल प्रभावित राज्यों की पुलिस आपसी ▶▶ शेष पेज 2 पर

### वर्ष 2024 रहा उपलब्धि भरा

बस्तर संभाग के 43 हजार वर्ग किमी क्षेत्र में से लगभग 35 प्रतिशत इलाके में दशक भर पूर्व तक नक्सलियों का एकछत्र राज हुआ करता था। वर्तमान में लगातार खुल रहे पुलिस कैम्प व नक्सल विरोधी मुहिम के चलते 9 हजार वर्ग किमी से अधिक इलाके को नक्सल ▶▶ शेष पेज 2 पर

### नए पुलिस कैम्प खुलने से नक्सलियों का आधार क्षेत्र घटा

*दक्षिण बस्तर के 3 जिले दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर समेत मध्य बस्तर का नारायणपुर का अबूझमाड़ एक तरह से नक्सलियों का साम्राज्य बन गया था। जहां दिन के समय भी बड़ी-बड़ी वारदातों को अंजाम देकर नक्सली खौफ कायम करने में सफल हो रहे थे, लेकिन लगातार इन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कैम्प खुलने से सुरक्षा के साथ-साथ बुनियादी सुविधाएं भी लोगों के करीब पहुंची, जो आजादी के बाद से ग्रामीण वंचित थे। अब छग शासन द्वारा संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत धूर नक्सल प्रभावित व नक्सलियों के कोर इलाकों में दर्जनों नए पुलिस कैंप खोले गए और क्षेत्र की जनता का विश्वास जीतने फोर्स की मदद से नक्सलियों का सक्रिय नक्सलियों के खात्मा कर लोगों की मंशा अनुरूप विकासमूलक कार्य कराया गया। राज्य गठन के बाद अब तक बस्तर में 30 व कोंडागांव जिले में 27 नक्सलियों को अलग अलग सुरक्षाबलों के जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराया है। वहीं पूरे संभाग में 1300 से अधिक नक्सलियों की मौत हो चुकी है।*

## हरिभूमि-आईएनएच के साथ दौड़ेगी राजधानी, 1 दिसंबर को खेल मंत्री करेंगे उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि-आईएनएच द्वारा राजधानी रायपुर में 1 दिसंबर को आयोजित फ्रीडम रायपुर रन को लेकर सभी वर्गों में उत्साह का माहौल है। इस दौड़ में शामिल होने बड़ी संख्या में धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। फ्रीडम रायपुर रन में देश के फिटनेस आइकन डा. ग्लैडसन जॉनसन के साथ शहरवासी दौड़ लगाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। उद्घाटन समारोह में बतौर विशेष अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर एवं सभापति प्रमोद दुबे उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव होंगे तथा अध्यक्षता कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज करेंगे। इस अवसर पर आरंग विधायक गुरु सुखवंत साहेब एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### बीआईबी, टी शर्ट 30 नवंबर को

मैराथन दौड़ में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले ही इस दौड़ में भाग ले पाएंगे। रजिस्ट्रेशन कराने पर प्रतिभागियों को हरिभूमि-आईएनएच के रायपुर कार्यालय में 30 नवंबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे के मध्य बीआईबी लगी टी-शर्ट मिलेगी। इस टी-शर्ट को पहनकर ही इस दौड़ में प्रतिभागी को शामिल होना है।

### 5 और 10 किलोमीटर की लगेगी दौड़

मरीन ड्राइव तेलीबांधा में आयोजित मैराथन दौड़ दो वर्ग में आयोजित की जा रही है। यह दौड़ 5 और 10 किलोमीटर की रहेगी। इस दौड़ में कोई भी उम्र के लोग भाग ले सकते हैं। दौड़ सुबह 6 बजे शुरू होगी। इस दौड़ में 10 किलोमीटर के विजेताओं को 50-50 हजार रुपए एवं 5 किलोमीटर के विजेताओं को 25-25 हजार रुपए पुरुस्कार के रूप में नकद इनाम दिया जाएगा। दौड़ में बच्चे, ▶▶ शेष पेज 2 पर



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### ओडिशा एयरपोर्ट पर पांच नई उड़ान सेवाएं



**भुवनेश्वर।** बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 2025 से कम से कम पांच नए गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं शुरू की जाएंगी। विमानन कंपनी इंडिगो एक जनवरी 2025 से इंदौर के लिए सप्ताह में चार दिन और देहरादून के लिए सप्ताह में तीन दिन उड़ान सेवा शुरू करेगी। भुवनेश्वर से इन उड़ानों का निर्धारित प्रस्थान समय अपराह्न तीन बजे होगा।

#### एनआईए ने 22 स्थानों पर की छापेमारी



**नई दिल्ली।** एनआईए ने साइबर धोखाधड़ी में संलिप्त कई कॉल सेंटर में काम करने के लिए युवाओं को लुभाने वाले मानव तस्करी गिरोह की जांच के सिलसिले में छह राज्यों में 22 स्थानों पर छापे मारे। छापेमारी बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित अन्य स्थानों पर की जा रही है। बिहार के गोपालगंज में पुलिस द्वारा दर्ज किया गया यह मामला एक संगठित गिरोह से संबंधित है।

दो साल पूर्व उरला थाना क्षेत्र की घटना

## चार साल के बच्चे को जिंदा जलाने वाले को फांसी, चार दशक बाद रायपुर कोर्ट से ऐसी सजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उरला थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व चार साल के मासूम को जिंदा जलाने वाले को कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन की कोर्ट में हुई है। आरोपी बच्चे को अपने साथ बाइक में बैठाकर बेमेतरा ले गया और सूनसान झाड़ियों के पास उसे टॉवेल में लपेटकर उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जानकारों का कहना है, रायपुर में चार दशक पहले कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। उसके बाद अब ऐसी सख्त सजा दी गई है।

■ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन की कोर्ट ने सुनाई सजा

तत्कालीन एजीपी राजेंद्र जैन के मुताबिक कोर्ट ने हर्ष चेतन को जिंदा जलाने के आरोप में पंचराम गेंड्रे को मौत की ▶▶ शेष पेज 2 पर

### तड़पते छोड़ भाग गया था

पुलिस ने पंचराम को नागपुर के पास से उसके मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार किया था। पकड़े जाने पर पंचराम ने पुलिस को बताया कि उन्हें हर्ष अब कभी नहीं मिलेगा। इसके बाद पुलिस ने पंचराम के साथ सख्ती के साथ पूछताछ की, तो उसने बच्चे को जिंदा जलाने का अपराध कबूल किया। पंचराम द्वारा पुलिस को दिए बयान के मुताबिक हर्ष को टॉवेल में लपेटकर उस पर पेट्रोल डाल रहा था। इस दौरान पेट्रोल बच्चे की आंख में चला गया। इससे बच्चे की आंख में जलन होने लगी। बच्चे ने आंख में जलन होने की बात कही, तो पंचराम ने बच्चे को थोड़ी देर में सब ठीक होने की बात कहते हुए आग लगा दी। आग लगाने के बाद पंचराम बच्चे को आग में ▶▶ शेष पेज 2 पर

### जिद करने पर बच्चे को साथ ले गया

मामले की पड़ताल करने वाली टीम को हर्ष के बड़े भाई ने बताया कि घटना दिनांक को वह अपने पड़ोस में रहने वाले पंचराम के साथ बाइक में घूमने गया था। लौटने पर पंचराम हर्ष के बड़े भाई तथा हर्ष को अपने साथ तालाब नहाने ले जाने लगा। इस पर हर्ष का बड़े भाई नहाने जाने से इंकार करते हुए बाइक से उतर गया। हर्ष ने पंचराम से तालाब जाने की जिद की। इस पर पंचराम हर्ष को अगवा कर अपने साथ बेमेतरा ले गया और वहां जाकर जिंदा जला दिया।

## छग को बड़ी सौगात, केंद्र ने दी फिल्म सिटी और सांस्कृतिक केंद्र के लिए राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को केंद्र सरकार से एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्र सरकार ने स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2024-25 के तहत राज्य की दो महत्वपूर्ण पर्यटन परियोजनाओं के लिए 147.66 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत 95.79 करोड़ रुपए की लागत से माना तूता रायपुर ▶▶ शेष पेज 2 पर

■ माना तूता रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण



### केंद्र ने दिए 174.66 करोड़

छत्तीसगढ़ में 147.66 करोड़ रुपए की लागत से चित्रोत्पला फिल्म सिटी बनेगी। इसके लिए भारत सरकार ने 147 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा में दिए गए अपने संबोधन में यह जानकारी दी।

### फिल्म मेकिंग और फिल्म टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

पर्यटन मंत्रालय,भारत सरकार के इस ठोस कदम से छत्तीसगढ़ में फिल्म मेकिंग और फिल्म टूरिज्म के लिए फिल्म सिटी निर्माण के माध्यम से अपार संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। यह सफलता छत्तीसगढ़ के पर्यटन विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और राज्य को एक वैश्विक पर्यटन ▶▶ शेष पेज 2 पर

'कोयला लेवी घोटाला'

## सौम्या को राहत, अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव सौम्या चौरसिया की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी, जो कथित कोयला-लेवी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी हैं। शीर्ष अदालत ने 25 सितंबर को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी और कहा था कि वह पहले ही एक वर्ष और नौ महीने से अधिक समय तक हिरासत में रह चुकी हैं तथा अभी आरोप तय नहीं हुए हैं। यह मामला न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ▶▶ शेष पेज 2 पर

### क्या है मामला

संघीय जांच एजेंसी ने 2022 में आरोप लगाया था कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य में कोयला-लेवी घोटाला' को अंजाम देने के लिए एक 'बड़ी साजिश' रची गई थी, जिसमें पिछले दो वर्षों में कुल 540 करोड़ रुपये की 'जबरन वसूली' की गई थी। धन शोधन का यह मामला आयकर विभाग द्वारा दर्ज की गई शिकायत से जुड़ा है। ईडी ने दावा किया था कि उसकी जांच एक बड़े घोटाले से संबंधित ▶▶ शेष पेज 2 पर

गांव का पारंपरिक बाजार जुए के अड्डे में तेजी से हो रहा तब्दील

## मुर्गा लड़ाई में फंसी मासूमियत, किताबें छोड़कर पकड़ा धारदार काती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

अलग खबर

बस्तर के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अंदरुनी गांवों में मुर्गा बाजार का स्वरूप बदल गया है। मनोरंजन की आड़ में अब यहां ग्रामीण जुआ खेल रहे हैं। इन दिनों तेजी से जुए के अड्डे में तब्दील हो रहे मुर्गा बाजार में स्कूल को छोड़कर बच्चे मुर्गा बाजार पहुंच रहे हैं, जहां धारदार काती को थाम कर बच्चे अपनी जान की बाजी लगाने से नहीं चूक रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर सपना देख रहे परिजनों की माने तो मुर्गा बाजार को लेकर प्रशासन को सख्ती बरतने की जरुरत हैं। मुर्गा बाजार की लत लगने से कई परिजनों का सपना ▶▶ शेष पेज 2 पर



### आदिवासी किसी भी शर्त पर छोड़ना नहीं चाहते...

प्राचीनकाल से ही मुर्गा लड़ाई आदिवासियों के मनोरंजन का एक हिस्सा रहा है। जिसे स्थानीय आदिवासी किसी भी शर्त पर छोड़ना नहीं चाहते हैं। हालांकि मुर्गा लड़ाई का कोई खास सीजन नहीं है पर यहां गांवों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में मुर्गे लड़ाई की महफ़िल सजने लगी है। जहां एक मुर्गे में लाखों रुपये तक की बोली लगती है। इसका क्रेज इतना ▶▶ शेष पेज 2 पर

### मौत के साथ खत्म होता है खेल

मुर्गों की लड़ाई के दौरान मुर्गे के पंजों में हथियार बांधकर आपस में लड़ाया जाता है। यह लड़ाई तभी खत्म होती है, जब दो मुर्गों में से एक की मौत हो जाती है। मुर्गों के बीच मौत का यह खेल देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती है। कई बार तो मुर्गा लड़ाई के बीच खिलाड़ियों में भारी विवाद होता हैं बात मारपीट तक पहुंच जाती हैं।

### दूसरे जिले से आ रहे जुआ खेलने

*आज की परिस्थिति में मुर्गा बाजार हाईटेक दौर से गुजर रहा है। दांव में पैसा लगाना ही मकसद रह गया है। कुछ समय पूर्व मुर्गा बाजार ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित था , लेकिन अब शहरीकारण होने चलते बाकायदा दूसरे जिले से आमंत्रण देकर बुलाया जाता है, जिसमें लाखों रुपए का दांव लगाया जाता हैं।*

### समाज के लिए ठीक नहीं

*बस्तर संस्कृति के जानकार सदाराम राम ठाकुर, संरक्षक सर्व आदिवासी समाज नारायणपुर ने बताया कि वास्तव में मुर्गा लड़ाई बस्तर में मनोरंजन लिए पारंपरिक एक खेल रहा है पर इसका स्वरूप अब पारंपरिक नहीं रह गया है। शहरीकरण के चलते यह जुए के रूप में बदलते जा रहा है।*

## चिंतन

# हंगामा, गतिरोध ही न बनें संसद की पहचान

पहले की तरह इस बार भी संसद हंगामे का अखाड़ा बनी हुई है। 25 नवंबर से संसद का शीत सत्र शुरू हुआ है, तब से रोज विपक्ष का हंगामा ही चल रहा है। यह सत्र 20 दिसंबर तक प्रस्तावित है, इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक सहित 16 विधेयकों को पास कराने की तैयारी थी, लेकिन अभी वक्फ विधेयक के मसौदे को लेकर बनी जेपीसी की बैठकों में विपक्षी सदस्यों का जो बहिष्कार का रवैया रहा, उसके चलते सरकार ने जीपीसी की अवधि बजट सत्र तक के लिए बढ़ा दी है। विपक्षी सदस्यों की ओर से वक्फ पर जेपीसी की बैठकों में किसी नतीजे पर नहीं पहुंचने की स्थिति के चलते सरकार को आभास हो गया कि मसौदे पर इस सत्र तक कोई आम राय बननी मुश्किल है, जबकि सरकार की मंशा इस विधेयक को संसद में पेश करने की है, इसलिए जेपीसी की अवधि वर्ष 2025 में होने वाले बजट सत्र तक बढ़ाना उचित समझा। विपक्ष अदाणी समूह से जुड़े आरोपों, संभल हिंसा, मणिपुर हिंसा की स्थिति आदि मुद्दों पर चर्चा व सरकार से जवाब की मांग कर रहा है। वक्फ बिल पर भी विपक्ष की राय सरकार से अलग है। विपक्ष वक्फ बिल के बहाने तुष्टिकरण व वोट बैंक की राजनीति को साधने में लगा हुआ है। चूंकि अदाणी समूह का मामला विदेशी गतिविधियों से जुड़ा है, इसमें भारत सरकार का कुछ भी लेना-देना नहीं है, ऐसे में इस पर संसद में हंगामा व सरकार से जवाब की मांग समझ से परे है। पीछे हिंडनबर्ग मामले में भी अदाणी समूह का कुछ नहीं हुआ,इसलिए विदेशी धरती से उठ रहे आरोपों की जांच होने तक इंतजार करना चाहिए, केवल आरोप को सच मानकर अपनी प्रतिक्रिया देना व संसद में चर्चा की मांग करना विपक्ष के नेता राहुल गांधी की समझदारी भरी राजनीति नहीं कही जा सकती है। लोकसभा व राज्यसभा का नहीं चलना सरकारी धन का अपव्यय ही है। प्रधानमंत्री ने सत्र शुरू होने से पहले ही सभी सांसदों को उनकी जनता के प्रति जिम्मेदारी का आभास कराया, सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के साथ समन्वय व संवाद स्थापित किया गया। इसके बाद भी विपक्ष के हंगामे व नारेबाजी के कारण संसद नहीं चल पा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्ष के सदस्यों से कहा है कि जिन मुद्दों का देश से कोई संबंध नहीं है, आप उन्हें यहां उठा रहे हैं, चर्चा के लिए नियम प्रक्रियाओं का पालन जरूरी है। साफ है कि विपक्ष जानबूझकर व्यवधान डाल रहा है। दरअसल, संसदीय अवरोध किसी मांग या समस्या का कोई समाधान नहीं है, बल्कि यह भारत की संसदीय राजनीति में एक व्याधि की तरह बनता जा रहा है। विपक्ष में रहते हुए सभी प्रमुख दलों ने इसे संसद ठप करने के हथियार की तरह अपनाया है, यह गलत ट्रेंड बन गया है, इससे संसद की प्रासंगिकता कम होती जाएगी, सभी दलों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कम से कम संसद चलनी चाहिए। इतने बड़े लोकतंत्र के हिसाब से सत्र की अवधि कम होती है, वह भी अगर हंगामे की भेंट चढ़ जाय तो ठीक नहीं है, ब्रिटिश संसद लंबे समय तक चलती है, दूसरे मुल्क की संसद भी अधिक चलती है। सरकार को भी लचीला रुख अपनाना चाहिए और विपक्ष की मांगों को जिद के चलते अनदेखा नहीं करना चाहिए। लगातार हंगामा, अवरोध और नारेबाजी से भारतीय संसद की गरिमा ही गिरती है, इसकी साख बनाए रखना सभी सांसदों की जिम्मेदारी है। सांसदों को नियम के दायरे में ही अपने मुद्दे उठाने चाहिए। हंगामा, नारेबाजी व गतिरोध ही भारतीय संसद की पहचान न बन जाए।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# भारत की बढ़ती आर्थिक अहमियत

इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के वैश्विक व्यापार और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विदेश दौरों में द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की रणनीति लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। खासतौर से पिछले छह महीनों में इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय दिखाई दिए हैं। गत 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत की अहमियत दिखाई दी है। इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय वार्ताएं लाभप्रद रही हैं। नि:संदेह दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और भारत का रणनीतिक महत्व लगातार बढ़ रहा है।

यकीनन दुनिया में भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ने के एक के बाद एक नए परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 से 21 नवंबर तक ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना के पांच दिवसीय दौरे के दौरान जहां जी-20 शिखर सम्मेलन में भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता विषय पर प्रभावी संबोधन दिया, वहीं नाइजीरिया और गुयाना पहुंचकर इन देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की सार्थक वार्ताएं की। यह भी महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, ब्राजील, सिंगापुर, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, नॉर्वे और स्पेन समेत कई देशों के नेताओं के साथ की गई 31 द्विपक्षीय और अनौपचारिक वार्ताओं में भारत का रणनीतिक महत्व उभरकर दिखाई दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के वैश्विक व्यापार और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विदेश दौरों में द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की रणनीति लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। खासतौर से पिछले छह महीनों में इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय दिखाई दिए हैं। गत 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत की अहमियत दिखाई दी है। इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय वार्ताएं लाभप्रद रही हैं।

भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष 2023 में भारत में जी 20 शिखर बैठक के समय की गई थी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि गत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने, व्यापार में संतुलन लाने, गैर-शुल्क व्यापार बाधाओं को दूर करने और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू)-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की संभावनाएं तलाशने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने राष्ट्रीय मुद्रा का इस्तेमाल कर एक द्विपक्षीय निपटान प्रणाली स्थापित करने और पारस्परिक निपटान प्रक्रिया में डिजिटल वित्तीय उपकरणों को लाने की योजना बनाने की बात कही है। यह बात महत्वपूर्ण है कि मोदी ने जहां 21 सितंबर को अमेरिका में आयोजित क्वाड लीडर्स सम्मेलन में भाग लेकर इस संगठन की भारत के लिए उपयोगिता बढ़ाई, वहीं 22 सितंबर को न्यूयार्क में मोदी और जो बाइडेन के बीच हुई बातचीत में कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। इसी प्रकार 10 अक्टूबर को लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी व सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे।

उल्लेखनीय है कि रूस के कजान में 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का




भारत ने रणनीतिक लाभ लिया। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। मोदी ने इस वार्ता के बाद कहा कि भारत और चीन के बीच संबंध महत्वपूर्ण हैं। निःसंदेह दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और भारत का रणनीतिक महत्व लगातार बढ़ रहा है। 22 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 'न्यूज9 ग्लोबल समिट' को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया भारत के रणनीतिक महत्व को स्वीकार कर रही है और यह पिछले 10 वर्षों में अपनाये गए 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' मंत्र के कारण संभव हुआ है। 21वीं सदी में तीव्र विकास के लिए भारत में प्रगतिशील और स्थिर नीति-निर्माण की व्यवस्था लाई गई, लालफीताशाही हटाई गई एवं जीएसटी (माल एवं सेवा कर) के रूप में एक कुशल कर प्रणाली शुरू की गई है। वस्तुतः जर्मनी का 'फोकस ऑन इंडिया' दस्तावेज इसका एक उदाहरण है। यह दस्तावेज दिखाता है कि दुनिया भारत के रणनीतिक महत्व को कैसे स्वीकार कर रही है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज हाल ही में अपनी तीसरी भारत यात्रा पर आए थे, जो दोनों देशों के प्रगाढ़ संबंधों को दर्शाता है। अब भारत को आर्थिक दुनिया की नई शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। जहां अमेरिका और रूस भारत को एक जैसा महत्व दे रहे हैं। वहीं सभी महत्वपूर्ण वैश्विक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत मिल रही है। जहां डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद भारत से मित्रता बढ़ाने की बात कही है, वहीं 10 नवंबर को रूस के राष्ट्रपति पुतीन ने भारत के बढ़ते आर्थिक कद को स्वीकार करते हुए भारत को वैश्विक महाशक्ति कहा और भारत से मैत्रीपूर्ण संबंधों की जमकर तरफदारी की है। निश्चित रूप से ट्रंप का राष्ट्रपति बनना भारत के लिए रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। जनवरी 2025 में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से ऊर्जा की कीमतों पर लगाम लगेगी और ऐसे में भारत की जीडीपी में तेज वृद्धि होगी।

माना जा रहा है कि राष्ट्रपति की कुर्सी संभालने के बाद ट्रंप चीन पर 60 फीसदी तक टैरिफ शुल्क बढ़ा सकते हैं। ट्रंप प्रशासन के तहत चीन के साथ व्यापार युद्ध (ट्रेडवार) के तेज होने के आसार हैं। चूंकि अमेरिका के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी करीब 14 फीसदी है, ऐसे में अमेरिका में चीन से आयात में कमी आने से अमेरिका के बाजार में भारत से निर्यात बढ़ाने का बड़ा मौका मिलेगा। यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद चीन प्लस वन रणनीति के तहत भारत के वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में आगे बढ़ने के मौके होंगे। यद्यपि दुनिया में भारत का रणनीतिक आर्थिक महत्व बढ़ रहा है, लेकिन इसे ऊंचाई देने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। भारत को लॉजिस्टिक लागत घटानी होगी। मेक इन इंडिया को अधिक कारगर बनाना होगा। शोध एवं नवाचार पर व्यय बढ़ाना होगा। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाना होगी। ई कॉमर्स निर्यात हब को तेजी से क्रियाशील करना होगा। वाणिज्य मंत्रालय के थिंक टैंक का उपयोग मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ताओं की मदद के लिए विशेष सेल बनाने में किया जाना होगा।

इन सबसे साथ-साथ एफटीए को आसान बनाया जाना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय एफटीए पर वार्ताओं और मानक परिचालन प्रक्रियाओं (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर यानी एसओपी) को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ हुई एक बैठक के बाद अब नए दिशा-निर्देशों पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की शीघ्र मंजूरी जरूरी है। हम उम्मीद करें कि इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के बढ़ते हुए आर्थिक रणनीतिक महत्व का लाभ जहां द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने में मिलेगा, वहीं भारत दुनिया के नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई दे सकेगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

ऑनलाइन कोर्ट
सोनम लववंशी



# सुलभ और पारदर्शी न्याय का नया युग!

बीते दिनों न्यायिक प्रणाली में एक आमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिला। जिससे सुलभ और पारदर्शी न्याय की आस जगना स्वाभाविक है। दरअसल न्यायिक प्रणाली का व्यवस्थित और सुचारू रूप से क्रियान्वित होना, एक सभ्य समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है और उसे आधुनिक बनाना समय की जरूरत है। वर्तमान समय में देश के भीतर संवैधानिक व्यवस्था के तले सभी को समान न्याय मुहैया कराने की तो बात की जाती है, लेकिन जब समय पर न्याय उपलब्ध कराने की बात आती है, तो उस मामले में हमारी व्यवस्था काफ़ी पिछड़ी हुई दिखाई पड़ती है। समय से न्याय न मिलना, अपने-आपमें स्वयं किसी अन्याय से कम नहीं। इन सबके बावजूद न्याय का मंदिर सिर्फ़ वादी-प्रतिवादी की फाइलों के ढ़ेर से भरा पड़ा है और न्याय के लिए लोग सिर्फ़ तारीखों के इंतजार में अपना समय, धन और क्या कुछ नहीं गंवा देते। इसी बीच केरल के कोल्लम में देश की पहली 24x7 ऑनलाइन कोर्ट की व्यवस्था की है। इस प्रकार का नवाचारी क़दम कहीं न कहीं देश में न्यायिक प्रणाली को डिजिटल और आधुनिक बनाने की दिशा में एक नई क्रांति की शुरुआत है। गौरतलब हो कि इस पहल का उद्घाटन 17 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.आर. गवई द्वारा किया गया था, जिन्होंने इसे न्याय की उपलब्धता और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल लाखों भारतीयों को न्याय प्राप्त करने में मदद करेगी और ₹सभी के लिए न्याय₹ की संविधानिक प्रतिबद्धता को साकार करने में सहायक होगी। देखा जाए तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ़ संविधान में लिखें वाक्यों से लोगों के जीवन में बदलाव दृष्टिगोचर नहीं होगा। इसीलिए इस तरह के क़दम से देशवासियों को काफ़ी उम्मीद है और यह पहल न सिर्फ़ न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से न्याय को व्यापक जनसमूह तक पहुंचाने का यह प्रयास, एक ऐसी सोच का प्रतीक है जो समाज के हर वर्ग को न्यायिक प्रक्रिया में समाहित करना चाहती है। यह अदालत एक ऐसी प्रणाली के तहत काम करेगी, जहां वादियों और वकीलों को भौतिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। कहीं से भी, किसी भी समय, केवल एक ऑनलाइन प्रपत्र भरकर केस दर्ज किया जा सकता है। इस प्रणाली के तहत एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। डिजिटल माध्यम के जरिए यह सुविधा न्यायालयों के भारी दबाव को कम करने में सहायक होगी। खासकर उन मामलों के लिए, जिन्हें त्वरित निपटारे की आवश्यकता होती है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया को आसान बनाना, एक ऐसी सोच को दर्शाता है जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय को व्यावहारिक रूप से साकार करने की ओर अग्रसर है। आज, न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या करोड़ों में है। ऐसी स्थिति में यह डिजिटल पहल न केवल लंबित मामलों के बोझ को कम करने में सहायक होगी, बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत करेगी। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह ऑनलाइन कोर्ट वादियों के लिए न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाएगी। कई बार वादियों को न्यायालयों तक पहुंचने के लिए भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए न्यायालय तक पहुंचना एक कठिन कार्य है। ऑनलाइन कोर्ट की यह पहल इन चुनौतियों को समाप्त कर, एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जो सभी को समान अवसर देता है। इसके अतिरिक्त, इस पहल से न्यायालयों में पारदर्शिता बढ़ेगी। डिजिटल माध्यम से संचालित प्रक्रिया रिकॉर्डिंग, डॉक्यूमेंटेशन और निगरानी के लिए बेहतर होगी, जिससे न केवल वादियों को भरोसा मिलेगा, बल्कि न्यायिक अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। यह कदम भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने में भी प्रभावी सिद्ध हो सकता है। इस पहल के तहत फिलहाल कोल्लम जिले की चार अदालतों में कार्यवाही शुरू की गई है, और अन्य जिलों में भी इसे लागू करने की योजना है। इसका उद्देश्य राज्य और देश के सभी हिस्सों में ऐसी ऑनलाइन अदालतों की स्थापना कर, एक समग्र डिजिटल न्यायिक प्रणाली विकसित करना है। यह पहल न्यायिक क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक ठोस कदम है, जो भारत की न्यायिक प्रणाली को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाएगी।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा।

## अंतर्मन



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।*

## आज की पाती

### साइबर ठगी को लेकर सचेत रहें

कुछ महीने पहले वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स ने दुनिया के लगभग सौ देशों के साइबर क्राइम का आंकड़ा जारी किया है। इसमें हमारे देश को साइबर क्राइम के मामले में 10वां स्थान मिला है, जबकि नंबर एक पर रूस, दूसरे नंबर में यूक्रेन, उसके बाद चीन तीसरे स्थान पर, जबकि अमेरिका भी साइबर क्राइम से अछूता नहीं है। अमेरिका इस आंकड़े में चौथे स्थान पर है। इन आंकड़ों से साफ जाहिर है कि दुनिया के दूसरे देश भी साइबर क्राइम से अछूते नहीं हैं। यह चिंता का विषय है कि साइबर क्राइम दुनियाभर में फैला है। साइबर सुरक्षा बहुत जरूरी है। साइबर क्राइम से न केवल धन की हानि होने की आशंका बनी रहती है, बल्कि इससे तकनीक के साधनों के दुरुपयोग होने के चांस भी बढ़ सकते हैं। साइबर चोर चोरी या धोखाधड़ी करने के लिए लोगों को लालच देते हैं। इससे सचेत रहने की जरूरत है। *- मोहन ठाकुर, धमतरी*

## करंट अफेयर

# डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि घटाने या बढ़ाने का विकल्प

उच्च शिक्षण संस्थान जल्द ही स्नातक (यूजी) छात्रों के सामने पाठ्यक्रमों की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने का विकल्प पेश कर सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस सप्ताह एक बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए त्वरित डिग्री प्रोग्राम (एडीपी) और विस्तारित डिग्री प्रोग्राम की पेशकश के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार मसौदा मानदंडों को अब हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक किया जाएगा। कुमार ने कहा कि डिग्रियों में पाठ्क्रमों की अवधि छोटी किए जाने या बढ़ाए का उल्लेख होगा और इन डिग्रियों को आगे की पढ़ाई या नौकरी के लिए निर्धारित अवधि की डिग्री के समान माना जाएगा। छात्र पढ़ाई की क्षमताओं के आधार पर अपने अध्ययन की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने के लिए इस विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। एडीपी के तहत छात्रों को प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके तीन साल या चार साल का पाठ्यक्रम कम समय में पूरा करने का विकल्प मिलेगा, जबकि ईडीपी में प्रति सेमेस्टर कम क्रेडिट अर्जित करके पाठ्यक्रम की अवधि बढ़ाने का विकल्प मिलेगा।



## ऑफ बीट

# बच्चों के स्क्रीन टाइम को सीमित करे माता-पिता

कई परिवारों में कभी काम तो कभी मनोरंजन के लिए स्क्रीन से चिपके रहना दैनिक जीवन का हिस्सा होता है। लेकिन अभिभावकों के लिए, बच्चों को स्क्रीन से ज्यादा से ज्यादा दूर रखना ही काफी नहीं है बल्कि खुद के लिए भी स्क्रीन के उपयोग के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। हमारे अध्ययन में पता चला है कि जो माता-पिता स्क्रीन पर अत्यधिक समय बिताते हैं वे अनजाने में अपने बच्चों को भी इसी तरह की आदतों के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। ज्यादा समय स्क्रीन पर बिताने से बच्चों में संचार और बौद्धिक क्षमता के विकास में देरी हो सकती है। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से अभिभावकों और बच्चों के बीच बातचीत कम हो जाती है, जो बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण होती। अकसर देखा जाता है कि ज्यादा समय स्क्रीन पर बिताने की वजह से बच्चे अपने माता-पिता से बात नहीं कर पाते हैं। लेकिन जब माता-पिता अपने स्मार्टफोन का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, तो इसका मतलब होता है कि वे अपने बच्चों से ज्यादा बात नहीं करते या उनका ध्यान नहीं रख पाते, खासकर तब जब भोजन के समय स्क्रीन देखने लग जाते हैं।



## ट्रेंड

### तेलंगाना में उपस्थिति




तेलंगाना भाजपा के विधायकों और सांसदों के साथ अच्छी बैठक हुई। राज्य में हमारी पार्टी की उपस्थिति तेजी से बढ़ रही है। तेलंगाना के लोग पहले से ही कांग्रेस से तंग आ चुके हैं और उनके पास बीआरएस के कुशासन की बेहद भयानक यादें हैं। वे बीजेपी की ओर बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### असहमत होने की अनुमति



मैं यह सोचने में बहुत समय बिता रहा हूं कि कैसे नियम और आदतें बनाई जाएं जो हमें एक साथ रहने में सक्षम होने के बावजूद गहराई से असहमत होने की अनुमति दें। 5 दिसंबर को, मैं हमारे वार्षिक सम्मेलन में इस बारे में बात करूंगा।
**-बराक ओबामा, पूर्व राष्ट्रपति, यूएसए**

### इतनी नफरत क्यों



अजमेर शरीफ़ दरगाह 800 सालों से है और यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद चादर भेजते हैं, आखिर क्यों भाजपा व आरएसएस के लोग मस्जिदों और दरगाहों के ताल्लुक से इतनी नफरत पैदा कर रहे हैं?
**-असदुद्दीन औवेसी, लोकसभा सांसद**

### प्रतिष्ठित 'फ्लॉप शो'



मैं जसपाल भट्टी के प्रतिष्ठित 'फ्लॉप शो' के पुराने एपिसोड देखकर हंसी नहीं रोक सकता। दूरदर्शन पर क्या कमाल के शो होते हैं! अब आप इन सभी को नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर नई सामग्री के साथ देख सकते हैं। **-अक्षय कुमार, अभिनेता**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार, 29 नवंबर 2024
अगहन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 23, अंक : 133
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 28.6
न्यून. 14.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

छग की महिला सरपंच को बहाल करते हुए की सख्त टिप्पणी

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बड़ी चिंता, महिला सरपंचों से बदला लेने अधिकारियों और सदस्यों में हो रही मिलीभगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खास खबर

सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला सरपंच को काम पूरा होने में देरी के 'मामूली आधार' पर हटाने के संबंध में छत्तीसगढ़ के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए उदाहरण पेश करना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने इसे 'औपनिवेशिक सोच' करार दिया और उनकी बहाली के आदेश दिए, साथ ही सरकार पर अवांछित मुकदमेबाजी और उत्पीड़न के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। पीठ के 14 नवंबर को पारित कड़े शब्दों वाले आदेश में कहा गया, अपनी औपनिवेशिक सोच के कारण प्रशासनिक अधिकारी एक बार फिर निर्वाचित जनप्रतिनिधि और चयनित लोक सेवक के बीच मूलभूत अंतर को पहचानने में असफल रहे हैं। अपीलकर्ता जैसे निर्वाचित प्रतिनिधियों को अक्सर नौकरशाहों के अधीनस्थ समझा जाता है, जिन्हें ऐसे निर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य ▶▶ शेष पेज 2 पर



### कोर्ट ने कहा

*प्रथम दृष्टया गौर करने से पता चलता है कि ग्राम पंचायत के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर उनकी पहल में बाधा डालने का किया सुनियोजित प्रयास*

### साजबहार पंचायत का मामला

सोनम लकड़ा (27) ने जनवरी 2020 में राज्य के जशपुर जिले के साजबहार पंचायत के सरपंच के रूप में निर्वाचित होने के बाद अधिकारियों द्वारा उन्हें हटाए जाने को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि निर्वाचित पदों पर महिलाओं को हतोत्साहित करने वाले प्रतिगामी दृष्टिकोण को अपनाने के बजाय, उन्हें ऐसा माहौल बनाना चाहिए जो शासन में उनकी भागीदारी और नेतृत्व को प्रोत्साहित करे।

### अफसरों पर ऐसी टिप्पणी

कोर्ट ने कहा कि मामले पर प्रथम दृष्टया गौर करने से पता चलता है कि ग्राम पंचायत के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर उनकी पहल में बाधा डालने का सुनियोजित प्रयास किया। पीठ ने कहा, इन व्यक्तियों ने कदाचार के निराधार आरोपों के साथ उनकी विश्वसनीयता को कम करने की कोशिश की और जब ये रणनीतियां विफल हो गईं, तो विकास परियोजनाओं को नुकसान पहुंचाने का सहारा लिया। इस संगठित अभियान के कारण अंततः उन्हें विधिवत निर्वाचित सरपंच के रूप में अन्यायपूर्ण तरीके से हटा दिया गया। कोर्ट ने कहा, यह चिंता का विषय है कि हर कदम पर अपीलकर्ता को लगातार बाधाओं का सामना करना पड़ा और उनके प्रयासों में बहुत कम या कोई सहयोग नहीं मिला।

### सीएस को निर्देश, चार हफ्ते में दें एक लाख

पीठ ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे चार सप्ताह के भीतर सरपंच को एक लाख रुपए का भुगतान करें और उसके 'उत्पीड़न' के लिए जिम्मेदार दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच करें। उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार दोषी अधिकारियों से जुर्माना राशि वसूलने की अनुमति दी।

# रोजगार अधिकारी रविशंकर बने पीएससी टॉपर, दूसरे नंबर पर रहीं डीएसपी मृणमयी

*गुरुवार दोपहर साक्षात्कार समाप्त होने के पश्चात देर रात जारी किए गए परिणाम*


रविशंकर वर्मा रैंक- 1


मृणमयी शुक्ला रैंक- 2


आस्था शर्मा रैंक- 3



■ 242 पदों के लिए 703 उम्मीदवारों का लिया गया था साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 के परिणामों की घोषणा कर दी। पहले स्थान पर रविशंकर वर्मा रहे हैं। उन्हें 1500 अंकों की परीक्षा में 802.5 अंक हासिल हुए हैं। पीएससी द्वारा 242 पदों के लिए विज्ञापन निकाले गए थे। फरवरी में हुई प्रारंभिक परीक्षा के बाद मुख्य परीक्षा में 3597 उम्मीदवार शामिल हुए थे, जिसमें से 703 उम्मीदवार इंटरव्यू के लिए चयनित हुए थे। परिणाम पीएससी ने देर रात अपनी वेबसाइट में अपलोड कर दिए हैं।

प्रथम स्थान पर रविशंकर वर्मा वर्तमान में रोजगार अधिकारी हैं। रविशंकर वर्मा बलौदाबाजार के कुसमुंडी के रहने वाले हैं। वहीं दूसरे पायदान पर रहने वालीं मृणमयी का यह छठवां प्रयास है। इसके पूर्व 2021 में उन्हें डीएसपी का पद मिल चुका है। वे अलॉटमेंट का इंतजार कर रही थीं। इस बीच उनका चयन ▶▶ शेष पेज 2 पर

### छोटे शहरों से हैं टॉपर्स

1. रविशंकर वर्मा, बलौदाबाजार
2. मृणमयी शुक्ला, बिलासपुर
3. आस्था शर्मा, राजनांदगांव
4. किरण राजपुत, नवागांव, लोरमी
5. नंदिनी, महासमुंद
6. सोनल यादव
7. दिव्यांश सिंह चौहान, पेंड्रा
8. शशांक कुमार
9. पुनितराम वर्मा, तिल्दा
10. उत्तम कुमार, दुर्ग

### सीएम साय ने सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2023 के सफल अभ्यर्थियों को चयनित होने पर बधाई दी है। चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए श्री साय ने कहा है कि आप सभी के कंधों पर प्रदेश के विकास की अहम जिम्मेदारी है।

महायुति नेताओं की अमित शाह के साथ बैठक- सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर की खबर

# एकनाथ के बेटे और अजित बन सकते हैं डिप्टी सीएम, 22-12-3 का बना फॉर्मूला!



*महायुति के नेताओं शिंदे, अजित और फडणवीस की नई दिल्ली में गुरुवार को शाह के साथ उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें माना जा रहा है कि सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर लग गई है।*

माना जा रहा है कि नए सीएम 2 दिसंबर को शपथ ले सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

महायुति के नेताओं एकनाथ शिंदे, अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस की नई दिल्ली में गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें माना जा रहा है कि सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर लग गई है। शिंदे, पवार राजी हैं। हालांकि, दो डिप्टी सीएम पद के लिए कवायद चल रही है। माना जा रहा है कि एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम नहीं बनेंगे। उनके बेटे श्रीकांत शिंदे को डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है।

वहीं, अजित पवार इस पद के लिए तैयार हैं। बैठक में लगभग 22-12 और 3 का फॉर्मूला भी तैयार हो गया है। यानी, 22 मंत्री भाजपा से, 12 मंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना से और 3 मंत्री अजित पवार की एनसीपी से होंगे। इसके साथ ही बड़े विभागों के बंटवारे पर भी बात हुई। इसका खुलासा होना अभी बाकी है। शुक्रवार को इस बैठक की सारी योजनाओं का खुलासा हो जाएगा और ▶▶ शेष पेज 2 पर

शुक्रवार को इस बैठक की सारी योजनाओं का खुलासा हो जाएगा और सीएम व दो डिप्टी सीएम के नामों का भी ऐलान कर दिया जाएगा


अजीत पवार


श्रीकांत शिंदे

नई कैबिनेट में 22 मंत्री भाजपा से, 12 मंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना से और 3 मंत्री अजित पवार की एनसीपी से होंगे

### ◆ भाजपा किसी दबाव में निर्णय नहीं लेती: बोले शिवसेना-यूबीटी नेता

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास दानवे ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो स्वतंत्र रूप से निर्णय लेती है और अपने सहयोगी एकनाथ शिंदे के दबाव में काम नहीं करती है।

## एकनाथ हो सकते हैं कैबिनेट का हिस्सा



एकनाथ शिंदे के करीबी नेता और विधायक संजय शिरसाट ने कहा है कि नई सरकार में शिवसेना के प्रमुख का उप मुख्यमंत्री पद लेना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि शिंदे कैबिनेट का हिस्सा होंगे, लेकिन मुख्यमंत्री रह चुके एक व्यक्ति का डिप्टी सीएम बनना ठीक नहीं है। उन्होंने साफ किया कि शिवसेना डिप्टी सीएम के पद के लिए दूसरे नेता का नाम देगी। शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा है कि वह अपने पिता एकनाथ शिंदे पर गर्व करते हैं, क्योंकि उन्होंने गठबंधन धर्म के लिए अपनी निजी महत्वाकांक्षा को किनारे कर दिया। एक्स पर एक पोस्ट पर श्रीकांत ने कहा कि उनके पिता का महाराष्ट्र के लोगों के साथ अटूट बंधन है। उन्होंने दिन-रात समाज के हर वर्ग के लिए मेहनत की।

झारखंड में नई सरकार

## सोरेन ने चौथी बार ली सीएम पद की शपथ



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को यहां एक भव्य समारोह में राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस मौके पर 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 49-वर्षीय आदिवासी नेता सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक समारोह में सोरेन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल मौजूद थे।

### एकता सबसे बड़ा हथियार

शपथ लेने से कुछ घंटे पहले हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, एकता राज्य के लोगों का सबसे बड़ा हथियार है, जिन्हें न तो विभाजित किया जा सकता है और न ही चुप कराया जा सकता है। भाजपा-नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सोरेन ने यह भी कहा कि जब भी वे हमें चुप कराने की कोशिश करते हैं, तो क्रांति और तेज हो जाती है।

## खबर संक्षेप

### निचली अदालतों में 5,000 से अधिक रिक्तियां

**नई दिल्ली।** अधीनस्थ और जिला अदालतों में 5,000 से अधिक



न्यायाधीशों की कमी है। 25 उच्च न्यायालयों में कुल 360 से अधिक रिक्तियां हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

### छापेमारी कर रही ईडी टीम पर हमला

**नई दिल्ली।** साइबर धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली में छापेमारी



कर रही ईडी की टीम पर कथित तौर पर हमला किया गया। संघीय एजेंसी ने राष्ट्रीय राजधानी के बिजवासन इलाके में हुई घटना के संबंध में पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### इंफाल घाटी, जिरीबाम में आज से खुलेंगे स्कूल

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने ऐलान किया कि इंफाल घाटी जिलों और जिरीबाम में स्कूलों और कॉलेजों में कक्षाएं 29 नवंबर से पुनः शुरू होंगी। लगभग 13 दिन के बाद शिक्षण संस्थान खुलने जा रहे हैं। राज्य के सभी सरकारी स्कूल, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, निजी स्कूल और केंद्रीय स्कूलों में 29 नवंबर से सामान्य कक्षाएं पुनः शुरू होंगी।

## अजमेर पर विवाद, बाबा बागेश्वर बोले- अगर शिव मंदिर तो होगी प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान के अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करते हुए एक वाद स्थानीय अदालत में दायर किया गया है। अब इस मामले में मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का बयान भी सामने आया है। बाबा बागेश्वर ने कहा कि 'भगवान की कृपा है सब मंगल-मंगल हो रहा है, हिंदुत्व के प्रति सकारात्मक समय आ रहा है, अगर वहां भी शिव मंदिर है तो प्राण प्रतिष्ठा होगी, रुद्राभिषेक होना चाहिए।' ▶▶ शेष पेज 2 पर



### ओवैसी बोले- पीएम मोदी भी चादर चढ़ाते हैं

एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा पर निशाना साधा है। दरगाह शरीफ में तो हर साल नरेंद्र मोदी चादर चढ़ाते हैं, भिजवाते हैं। कई प्रधानमंत्रियों ने चादर भिजवाई हैं।

### पर्सनल लॉ बोर्ड बोले-स्वतः संज्ञान लें सीजेआई

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने अजमेर शरीफ दरगाह के सर्वेक्षण की मांग पर गुरुवार को चिंता जताई। बोर्ड ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्थानीय अदालत आगे ऐसे विवादों के लिए रास्ता नहीं खोलें।

सेंसेक्स 1,190 अंक लुढ़का

## डोला शेयर बाजार, घट गए 1.50 लाख करोड़

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर कुछ दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तगड़ी बिकवाली होने से जबर्दस्त गिरावट दर्ज की गई।



सेंसेक्स 1,190 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 361 अंक की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली के चलते गिरावट दर्ज की गई।

### अदाणी समूह

इस बीच, विवादों में घिरे अदाणी समूह की पांच कंपनियों के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। अदाणी टोटल गैस में करीब 16 प्रतिशत की तेजी रही जबकि अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 10 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी 10 प्रतिशत और अदाणी एंटरप्राइजेज 1.63 प्रतिशत चढ़ गए। मिडकैप सूचकांक में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही।

गैर आदिवासी से विवाह कर एसटी होने का लाभ लेने का बस्तर में पहले से विरोध

## आरक्षण का लाभ लेने के लिए धर्म परिवर्तन उचित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

खास खबर

एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पाने के लिए धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी माना है, इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया है। बस्तर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है यहां धर्म परिवर्तन का मसला सुर्खियों में रहता आया है। आज सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर हरिभूमि ने बस्तर के अनेक जागरूक आदिवासी नेताओं से चर्चा की है। सर्व आदिवासी समाज बस्तर के जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 2 पर

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का आदिवासी नेता कर रहे स्वागत


दशरथ कश्यप


प्रकाश ठाकुर


मनीष कुंजाम

### संविधान के अनुकूल फैसला

पूर्व विधायक तथा आदिवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपीआई नेता मनीष कुंजाम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला संविधान के बाहर नहीं हुआ है, यह संविधान के अनुकूल है। दलित वर्ग को हिंदू अथवा बौद्ध धर्म अपनाने पर आरक्षण का लाभ मिलने की व्यवस्था है लेकिन दलित क्रिश्चियन को ▶▶ शेष पेज 2 पर

### रीति-नीति को भूलने वालों को न मिले लाभ

सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर का इस संबंध में कहना है कि धर्म परिवर्तन कर अपने रीति-नीति को भूलने वालों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। नुपूर कमेटी ने माना है कि पांच कैटेगिरी रोटी, बेटी, विवाह, खानपान, रहन सहन आदि व्यवस्था से अलग हो जाता है और कोई धर्म परिवर्तन करता है और अपनी रीति निती को नहीं मानता है ▶▶ शेष पेज 2 पर



हरिभूमि बालभूमि
haribhoomi.com
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024
03
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, संसार में अनेक जीव-जंतु हैं, जिनमें से कुछ पक्षी अपनी अलग किस्म की शारीरिक संरचना की वजह से जाने जाते हैं। आज हम तुम्हें कुछ ऐसे अनोखे पक्षियों के बारे में बता रहे हैं, जिनके सिर पर खास तरह का क्राउन यानी ताज होता है। ये ताज उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। जानो, ऐसे ही ही कुछ अनोखे पक्षियों के बारे में।

# सुंदर-आकर्षक क्राउन वाले ये अनोखे पक्षी

### ग्रे-क्राउन क्रेन

**मध्य-दक्षिणी** अफ्रीका में पाया जाने वाला ग्रे-क्राउन क्रेन (सारस) एक नीला-ग्रे क्रेन है। इसका चेहरा ब्लैक और व्हाइट होता है। इसके सिर पर मुकुटनुमा सुनहरे-पीले पंखों वाली चमकीली संरचना होती है। यह क्रेन आमतौर पर अकेले, जोड़े में या झुंड में आर्द्रभूमि, बाढ़ वाले घास के मैदानों और किसी भी आर्टिफिशियल वॉटर बॉडी के आस-पास पाए जाते हैं। भोजन की तलाश में या खराब मौसम में ये पक्षी अन्य खुले स्थानों पर चले जाते हैं। ग्रे-क्राउन क्रेन सर्वाहारी पक्षी है, जो मुख्य रूप से पौधे, अनाज, कीड़े, सांप और छोटी मछलियां खाता है।



### रॉयल फ्लाईकैचर



**उत्तरी, दक्षिणी** और मध्य अमेरिका में पाया जाने वाला रॉयल फ्लाईकैचर एक दुर्लभ, मध्यम आकार का भूरे रंग का पक्षी है। इसकी लंबी चोंच, हल्के दालचीनी रंग की पूंछ होती है। इसका मुकुट अनूठे तरीके से खुलता है। यह अपना मुकुट कम ही खोलता है, लेकिन बंद में भी इस मुकुट के शानदार डिजाइन और पैटर्न देखे जा सकते हैं। एक बार खुलने पर इसका मुकुट एक हथौड़े के आकार का हो जाता है, जो चमकीले लाल और बैंगनी नीले रंग के पंखे के रूप में दिखाई देता है। यह आर्द्र उष्णकटिबंधीय जंगलों का मूल निवासी है। खुले मध्य-स्तरीय क्षेत्रों में यह पक्षी अकसर कीड़ों की तलाश में इधर-उधर घूमता रहता है। *

### होआटजिन



**यह पक्षी** दिखने में बहुत हद तक मुर्गी जैसा लगता है। इसका चेहरा नीला और इसकी कलंगी नारंगी रंग की होती है, जो बेहद प्यारी लगती है। होआटजिन मुख्य रूप से अमेजन बेसिन में नदियों और झीलों के किनारे रहते हैं। ये आहार के रूप में मुख्य रूप से पत्तियां खाते हैं। यह पक्षी गायों, बकरियों और भेड़ों की तरह ही जुगाली करता है। होआटजिन संभवतः दुनिया का एकमात्र ऐसा पक्षी है, जो भोजन पचाने के लिए पेट के बजाय अलग अंगों का उपयोग करता है। यह पक्षी जीवाणु किण्वण (बैक्टीरिया फर्मेंटेशन) की मदद से अपना भोजन पचाता है। इसके द्वारा छोड़े गए दुर्गंधयुक्त बैक्टीरिया वाष्प के कारण इसे 'स्टिंकबर्ड' भी कहते हैं। यह पक्षी धीमी और कम दूरी की उड़ान में ही सक्षम हैं। होआटजिन चिड़ियाघरों में लंबे समय तक जीवित नहीं रहते, इसलिए उन्हें देखने के लिए सबसे अच्छा विकल्प जंगल ही है। यह पक्षी दक्षिण अमेरिका के जंगलों में पाया जाता है। *



### ऑर्नेट हॉक-ईगल

**चमकदार सुनहरी** आंखें और सिर पर मुकुट की तरह सुसज्जित लंबे काले पंख, ऑर्नेट हॉक-ईगल पक्षी को दूर से ही एक अलग पहचान देते हैं। इसकी लंबी और नुकीली शिखा (ताज जैसी संरचना) उड़ान के दौरान तो सपाट रहती है, लेकिन बैठे हुए यह पक्षी इसे लंबवत रूप से उठा सकता है। ऑर्नेट हॉक-ईगल उष्णकटिबंधीय वनक्षेत्र में निचले इलाकों और तलहटी में पाए जाते हैं। इन्हें अकसर सुबह के समय उड़ते हुए देखा जाता है। लंबी दूरी तक उड़ते हुए यह पक्षी तीखी सीटी बजाता है, जो इसकी उपस्थिति का संकेत देती है। वयस्क हॉक-ईगल के सिर के किनारे नारंगी रंग के पंख होते हैं, निचले हिस्से पर मोटी धारियां होती हैं। *



### विक्टोरिया-क्राउंड पिजन

पापुआ न्यू गिनी में पाया जाने वाला विक्टोरिया-क्राउंड पिजन बड़े आकार के कबूतर की एक प्रजाति है। इसका शरीर ब्लू-ब्राउन कलर के पंखों वाला, छाती मैरून कलर की, पंख हल्के भूरे रंग के और सिर पर बेहद खूबसूरत नीले-सफेद रंग का मुकुट होता है। मुकुट और उसके पंख का पैच इसे अन्य मुकुटधारी कबूतरों से अलग करता है। यह पक्षी प्रकृति में पाई जाने वाली सबसे बड़ी कबूतर प्रजातियों में से एक है। विक्टोरिया-क्राउंड पिजन निचले दलदली वन क्षेत्रों में पाए जाते हैं। यहां उन्हें भोजन के लिए जंगल की जमीन पर गिरे हुए फल, बीज, अनाज और छोटे अकशेरूकी जंतुओं की तलाश करते हुए देखा जा सकता है। *



### यूरेशियन हूपो

यूरोप, मध्य-पूर्व एशिया, अफ्रीका में रहने वाला यूरेशियन हूपो एक नारंगी रंग का पक्षी है। इसके पंख जेबरा जैसे धारीदार होते हैं। इसकी एक लंबी घुमावदार चोंच होती है। सिर पर नारंगी और काले रंग का मुकुट होता है, जो चाइनीज फैन जैसा दिखता है। इस क्राउन को हूपो स्वेच्छा से खोल या बंद कर सकता है। इसकी उड़ान और इसके गोल पंख इसे कुछ-कुछ हमिंग बर्ड जैसा लुक देते हैं। लेकिन इसकी चोंच हमिंग बर्ड की तुलना में बहुत लंबी और मोटी होती है। इस पक्षी को घास के मैदान, खेत, बाग-बगीचे ज्यादा भाते हैं। यह अपनी लंबी चोंच का प्रयोग भोजन करने या शिकार पकड़ने में करता है। यूरेशियन हूपो मुख्य रूप से मांसाहारी पक्षी है, ये आमतौर पर कीड़े, छोटे सरीसृप और मेंढक खाता है, लेकिन यह कभी-कभी बीज और जामुन भी खाता है। *

---

कविता / हरीश कुमार 'अमित'

## टुन्नू जी की मोटरकार



टुन्नू जी की मोटरकार,
जैसे इक डिब्बा बेकार।
घर के आगे खड़े-खड़े,
साल हो गए पूरे चार।
स्टार्ट न हो तो यह लेकिन,
कर लो कोशिश कितनी बार।
टायर सारे पंक्चर हैं,
चढ़ा है धूलों का अंबार।
दरवाजों के शीशे टूटे,
सीटों का हुआ बंटाधार।
अगली-पिछली बत्तियां टूटीं,
बोनट में आ गई दरार।
फिर भी अपने इस डिब्बे से,
टुन्नू जी को बेहद प्यार।
लेते सेल्फी इसके संग रोज,
टुन्नू जी दस-बारह बार।

## जीके क्विज-130

1. हाल ही में भारत के किस राजनेता को गुयाना, डोमिनिका और बारबाडोस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया?
2. 2024 में फॉर्च्यून पत्रिका की '100 सबसे शक्तिशाली' लोगों की लिस्ट में पहले स्थान पर कौन है?
3. साल 2024 के बुकर पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?
4. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
5. तानसेन का वास्तविक नाम क्या था?
6. भारत का पिट्सबर्ग किस शहर को कहा जाता है?
7. कांसा किन दो धातुओं का मिश्रधातु है?
8. 'चरक संहिता' किससे संबंधित ग्रंथ है?
9. कांजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
10. विश्व में चांदी का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-130 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-129 का उत्तर :** 1.नोएल टाटा, 2.नीमा रिंजी, 3.कांस्य पदक, 4.शिवराज सिंह चौहान, 5.समुद्रगुप्त, 6.दादा भाई नौरोजी, 7.उत्तर प्रदेश, 8. 42 वां संविधान संशोधन, 9.नागालैंड, 10. इंफाल

**जीके क्विज-129 का सही उत्तर देने वाले :** खुशी-बालोद, प्रयाग-बिलासपुर, कबीर-हिसार, संजय-ईमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी.ईशान-अहमदाबाद, गुलशन-ईमेल से, हरीश-रायपुर, दिवाकर-भोपाल

---

सतीश हर साल अपना बर्थ-डे, दोस्तों के साथ बड़ी धूमधाम से सेलिब्रेट करता, खूब एंज्वॉय करता था। पापा के ट्रांसफर की वजह से वह दूसरे शहर में आया तो यह सोचकर उदास था कि अबकी अपना बर्थ-डे धूमधाम से नहीं मना सकेगा। उसके पापा सतीश के मन की बात भांप गए। उन्होंने उसका बर्थ-डे बहुत ही अनोखे ढंग से सेलिब्रेट किया। सतीश को भी बहुत खुशी हुई।

## अनोखा बर्थ-डे




कहानी
दिनेश विजयवर्गीय

सतीश के पापा बैंक मैनेजर हैं। उनका ट्रांसफर बिलासपुर से रायपुर हो गया था। सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाले सतीश को नई जगह आने की खुशी तो थी, पर उसे अपने दोस्तों का साथ छूटने का दुख भी था, लेकिन वह कर भी क्या सकता था। रायपुर में नए फ्लैट में आए, अभी एक माह ही हुआ था। आज सतीश का बर्थ-डे था। ऐसे में सतीश को अपने दोस्तों की बहुत याद आ रही थी। वह उनके साथ खेलता था, क्लास में भी वे एक-दूसरे की स्टडी में हेल्प करते थे। अशोक, विमल, कमल और रजनीश के साथ तो सतीश की बहुत अच्छी बॉन्डिंग थी। पांचों दोस्तों का एक-दूसरे के घरों में आना-जाना होता रहता था। बिलासपुर में सतीश और उसके फ्रेंड्स एक ही कॉलोनी में रहते थे। वे सभी पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद के साथ-साथ हर एक्टिविटीज में एक-दूसरे के साथी थे। जब भी किसी फ्रेंड का बर्थ-डे होता, तो बाकी सभी दोस्त उसके घर जाकर कमरे की सजावट करते और गिफ्ट्स देते। वे आपस में देर तक बातें करते, अशोक और विमल तो गाना भी गाते। बच्चों के फैमिली मेंबर्स भी उनके एंज्वॉयमेंट में शामिल होते। फिर सभी मिलकर केक काटते, बर्थ-डे सॉन्ग गाते। फिर सभी टेस्टी फूड्स और स्वीट्स का आनंद लेते। 'ओह! कितना अच्छा टाइम था वह। यहां नई जगह पर पता नहीं कैसे मन पाएगा मेरा बर्थ-डे? इस बार बिलासपुर के दोस्तों के साथ जैसा बर्थ-डे नहीं मना पाएगा।' सतीश काफी देर से यही सब सोच रहा था। उसके मन की बात पापा समझ रहे थे। उनके मन में कुछ विचार आया। वह सतीश के पास आकर बोले, 'बेटा, इस बार हम तुम्हारा बर्थ-डे कुछ अलग ढंग से मनाएंगे।'

पापा की बात सुनते ही सतीश की आंखों में चमक आ गई। उसने चहकते हुए पूछा, 'अलग ढंग से, वो कैसे पापा?'

'इस बार हम तुम्हारे बर्थ-डे पर किसी से कोई गिफ्ट नहीं लेंगे, बल्कि गिफ्ट देकर तुम्हारा बर्थ-डे मनाएंगे।' पापा मुस्कुराते हुए बोले।

'हम किसको और क्या गिफ्ट देंगे पापा? अभी तो यहां मेरा कोई फ्रेंड भी नहीं बना है।' सतीश ने पूछा। 'चलो मेरे साथ...।' पापा सतीश को साथ लेकर मार्केट गए। वह एक रेडीमेड कपड़ों की शॉप पर रुके।

'अब तुम्हारी उत्सुकता का जवाब देता हूं। तुमने कई बार कहा कि हमारी बिल्डिंग के गार्ड अंकल हमेशा मुस्कुराते हुए वेलकम करते हैं, बड़े प्यार से बोलते हैं। हम इस बार उनको एक जैकेट गिफ्ट करेंगे और मिठाई खिलाकर उनका मुंह भी मीठा कराएंगे।' पापा ने सतीश से कहा।

'पापा, आपका यह आइडिया तो बहुत ही अच्छा है। गार्ड अंकल को कितना अच्छा लगेगा।' सतीश खुश होकर पापा से बोला।

सतीश और उसके पापा जल्द ही गिफ्ट और मिठाइयां लेकर मार्केट से लौट आए। सतीश को बिल्डिंग में प्रवेश करते ही गार्ड अंकल मिल गए। वह मिठाई का डिब्बा उनकी तरफ बढ़ाते हुए बोला, 'लीजिए अंकल, मुंह मीठा कीजिए। आज मेरा बर्थ-डे है।' पापा भी जैकेट वाला बैग गार्ड अंकल की तरफ बढ़ाते हुए बोले, '...और यह एक जैकेट भी लीजिए, सतीश की तरफ से।' गार्ड अंकल सतीश और उसके पापा का प्रेम भरा अपनापन देख गदगद हो गए। सतीश और पापा को भी एक अनोखी-सी खुशी हो रही थी। *

---

साइंस फैक्ट / नयनतारा

## पेड़-पौधे और सूरज का अनोखा कनेक्शन

बच्चों, तुमने देखा होगा कि घर के गार्डन में जो पेड़ होते हैं, वे अकसर एक तरफ झुक या मुड़ से जाते हैं। क्या तुमने कभी सोचा है, ऐसा क्यों होता है? हम तुम्हें इसका कारण समझाते हैं। साथ ही यह भी बताते हैं कि पेड़-पौधे सन-लाइट यानी सूरज की रोशनी को क्यों फॉलो करते हैं?

**बहुत ही जरूरी है सन-लाइट:** बच्चों, कई बार घर की बाउंड्री, आस-पास की बिल्डिंग्स या किसी अन्य वजह से पेड़ों को पूरी धूप नहीं मिल पाती। ऐसे में जिस तरफ सूर्य की रोशनी आती है, पेड़ भी उसी तरफ मुड़ना शुरू कर देते हैं। इस वजह से कई बार पेड़ एक तरफ झुक से जाते हैं। अगर पेड़ ऐसा नहीं करेंगे, तो वह सूखने और मुरझाने लगेंगे।



**सन-लाइट में ही बनता है पेड़-पौधों का भोजन:** बच्चों, पत्तियों में 'क्लोरोफिल' नामक एक विशेष हरा पदार्थ होता है, जो उन्हें भोजन के निर्माण में मदद करता है। क्लोरोफिल, शुगर का उत्पादन केवल सन-लाइट यानी सूर्य की रोशनी में ही करता है। पेड़-पौधों द्वारा भोजन बनाने की पूरी प्रक्रिया को 'फोटोसिंथेसिस' यानी 'प्रकाश संश्लेषण' कहते हैं। पेड़-पौधे 'फोटोट्रॉपिक' होते हैं, पेड़-पौधों की पत्तियां सन-लाइट की तरफ मुड़ती हैं ताकि वे सही ढंग से फोटोसिंथेसिस कंप्लीट कर सकें।

**एक तरफ झुक जाने का मुख्य कारण:** पेड़ की कोशिकाओं में ऑक्सिन नामक एक पदार्थ पाया जाता है। यह पदार्थ सन-लाइट के प्रति सेंसेटिव होता है, इसलिए सन-लाइट से उल्टी दिशा की तरफ मूव करता है। ऑक्सिन पेड़ की कोशिकाओं में तने की उस साइड जमा हो जाते हैं, जो लाइट से दूर होता है। ऑक्सिन के कारण पेड़ की वे कोशिकाएं, जो सन-लाइट की तरफ नहीं होती हैं, अधिक तेजी से ग्रो करने लगती हैं। इससे पेड़ दूसरी तरफ यानी सन-लाइट की ओर झुक जाता है।

**पेड़-पौधों की मूवमेंट क्यों नहीं दिखती:** बच्चों, तुम तेज हवा या आंधी में पेड़-पौधों को मूव करते, हिलते-डुलते तो देखते ही होगे। पेड़-पौधों में इंटरनल मूवमेंट भी होता है, लेकिन आमतौर पर ये मूवमेंट काफी स्लो होता है, इसलिए यह दिखाई नहीं देता। कुछ पौधे तो तेजी से मूव करते हैं, जैसे कद्दू की बेल 10 मिनट में अपनी सपोर्ट के इर्द-गिर्द मूव करते हुए एक घेरा बना लेती है। *

---

## रंग भरो-163

**रंग भरो-163** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





वासनि, रायपुर



तन्मय, जालौन



तमन्ना, कोरबा



प्रगति, बिलासपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



गौरांग, मोवा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, प्रगति-रायपुर, चहक-कोसली, रितेश-मटियारी, दिशांत-महेंद्रगढ़, हेतल-भिलाई, दिव्यम-गुना, रोशनी-महासमुंद, दीक्षा-रायगढ़, विशेष-भोपाल, शुभम-दिल्ली, प्रियंका-रोहतक, अंशिका-हिसार, रोहन-बालोद


## रंग भरो 164



बच्चों, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी अपने पिगी बैंक में पैसे डाल रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम 'बालभूमि' में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक क्यूट-से लिटिल पैंथर का चित्र दिया गया है। दाईं तरफ चार परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि लिटिल पैंथर के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




ɛ-ɹɐʞℲ

## खबर संक्षेप



### बारात गया युवक राजिम में मृत मिला

**धमतरी।** रिश्तेदार की शादी में राजिम बारात गए युवक को दो दिन बाद नदी में मृत पाया गया है। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय सोरिद निवासी देव कुमार उर्फ बसंत देवांगन पिता जितेन्द्र उम्र 24 वर्ष के रिश्तेदार हटकेशर निवासी के घर शादी कार्यक्रम था। देव कुमार शादी में सम्मिलित होकर सोमवार को बारात राजिम गया था। बीते सोमवार की रात्रि 12 बजे तक युवक अन्य बारातियों के साथ था। उसके बाद से युवक अचानक वहां से कहीं चला गया। रिश्तेदारों ने युवक की आसपास तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। युवक के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने राजिम थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई। तीन दिन बाद गुरूवार को राजिम के मेला स्थल नदी में युवक की लाश पाई गई। पुलिस ने दर्ज गुमशुदगी के आधार पर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। परिजन शव लेकर धमतरी पहुचे और शाम को अंतिम संस्कार किया।

### खड़े ट्रक से बाइक टकराई चालक युवक की हुई मौत

**सरोना।** अभनपुर से सरोना की ओर बीती रात को जा रहे मोटर सायकल सवार में दो युवक बस को साइड देने के चक्कर में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गए, जिसमें मोटर सायकल चालक की मौत हो गई वहीं पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर भेजा गया। जानकारी के अनुसार मोटर सायकल चालक सरोना निवासी 23 वर्षीय दीपक पिता स्व. रामू एवं रोशन नेताम मोटरसाइकिल सीजी 19 बीएच 7810से अभनपुर से सरोना आ रहे थे। इसी दौरान दलदली के पास सड़क किनारे एक ट्रक खड़ी हुई थी। बस को साइड देने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक खड़ी ट्रक से टकरा गए, जिसमें मोटर सायकल चला रहे युवक दीपक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं दूसरा युवक रोशन को घायल अवस्था में दलदली के उपसरपंच सुदामा यादव, नरेश साहू व टीकम साहू ने कार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोना पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को रायपुर के लिए रिफर कर दिया गया।

### ब्राउन शुगर का अवैध परिवहन करने वाले आरोपी युवक को दस वर्ष का सश्रम कारावास

**महासमुंद।** विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) संघपुष्पा भतपहरी ने ब्राउनसुगर का अवैध परिवहन व 7.65 मिमी लोहे का पिस्टल रखने वाले आरोपी शंकर लाल वैष्णव पिता जोधाराम वैष्णव (30) निवासी श्रीराम नगर तेलीबाधा रायपुर को धारा 22 (सी) स्वापक औषधि तथा मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम एवं धारा 25 आयुध अधिनियम के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 लाख रुपए का जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की नहीं पटाए जाने पर 1 वर्ष की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी तथा 25 आयुध अधिनियम के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा व 10 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि नहीं पटाने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी।

## तेंदुए का आतंक : एक ही रात में दो बछड़े पर हमले से गांव में दहशत

# ठेलकाबोड गांव के छोटेपारा में तेंदुए ने चार माह के बछड़े को मारकर पेड़ पर टांगा और दूसरा ले गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर सीमा से लगे गाँव ठेलकाबोड़ के छोटेपारा में 27 नवंबर की रात को तेंदुआ ने एक 4 माह के बछड़ा को उठाकर पेड़ के ऊपर ले गया और टांग दिया। पहाड़ में जाते जाते एक गाय के बछड़े को अपने साथ ले गया। तेंदुआ के रात के आतंक को गांव वालो ने 28 नवंबर की सुबह देखा और पूरी घटना गाँव में आग की तरह फैल गई। घटना के बाद से गाँव में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार ठेलकाबोड़ के छोटेपारा निवासी दिनेश जैन ने बताया कि बीती रात 27 नवंबर को रात में घर के पास पेड़ के नीचे गाय, बैल और बछड़ा को बांधकर रखा गया था। मैं 28 नवंबर की सुबह 6 बजे दूध दुहने के लिए गया, तो देखा कि वहां पर बछड़ा नहीं था, जिसकी जानकारी मैने अपनी पत्नी कुमारी बाई जैन को दिया। हम लोग बछड़े की तलाश गाँव में इधर से उधर कर रहे थे, कुछ देर बाद मेरे पड़ोसी सुरेश ने देखा कि जिस पेड़ के नीचे दिनेश ने अपने गाय, बैल और बछड़ा को रखा था, उसी पेड़ के ऊपर डंगाल में 4 माह का बछड़ा लटका हुआ था। पेड़ पर देखने से तेंदुआ के नाखून और खून के निशान दिखे, जिससे हम लोगों को लगा कि तेंदुआ ने हमला किया है और इसकी जानकारी वन विभाग को 28 नवंबर को दिया गया। वन विभाग की टीम पहुँचती उसके पहले पता चला कि इस घटनास्थल के कुछ दूरी पर रहने वाले पुन्नू सिंह के गाय के बछड़े को तेंदुआ उठाकर ले गया है, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है यानी अभी तक कोई अवशेष नहीं मिले है।

### खास बातें

- वन विभाग की टीम ने किया मौके का मुआयना और ग्रामीणों को दी हिदायत
- ग्रामीणों ने खून के निशान और बछड़े को देखते दहशत में आएं
- तेंदुआ पुन्नू के गाय के बछड़े को ले गया, जिसकी अभी तक नहीं हो पाई है शिनाख्त



पेड़ पर टंगा हुआ गाय का बछड़ा लाल घेरे में



पेड़ में तेंदुआ के पैर के निशान लाल घेरे में

### दहशत का माहौल बना हुआ है

जानकारी के अनुसार बीती रात को हुई घटना से छोटेपारा ठेलकाबोड़ में दहशत का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों में दिनभर तेंदुआ को लेकर चर्चा बनी रही। वन विभाग का अमला गाँव वालों को अंधेरे में नहीं निकलने की समझाईश भी दिया है। वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है और पूरी घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया है।



पेड़ से उतारकर रखा गया बछड़ा, जिसे तेंदुआ ने किया घायल

### 28 की शाम साढ़े 6 बजे फिर से दिखे दो तेंदुए

ठेलकाबोड़ के लोगों ने हरिभूमि को 28 नवंबर की सायं पौने 7 बजे फोन करके बताया कि पहाड़ की ओर दो तेंदुआ फिर से दिखाई दिए है, परंतु हल्ला होने के कारण तेंदुआ पहाड़ की ओर वापिस हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इन तेंदुआ को नहीं रोका गया तो आज रात फिर से किसी न किसी ग्रामीण के जानवर को उठाकर ले जाएंगे।

### गश्त के लिए टीम किया गया तैनात

परिक्षेत्र अधिकारी रहमान खान ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर गाँव के लोगों को सतर्क कर दिया गया है, वहीं हमारी एक टीम गांव का भ्रमण कर रही है। हमारी टीम उस पर नजर बनाए हुए है और यह प्रयास होगा कि रात को गाँव में धावा न बोले, उसकी निगरानी की जा रही है, उसके बाद नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। ग्रामीण के जानवर की मौत हुई है, उसका प्रकरण बनाकर मुआवजा राशि उपलब्ध करवाया जाएगा।

## टोल प्लाजा के पास हादसे में तीन की मौत, शवों को रख किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल हाईवे 53 पर छुईपाली टोल प्लाजा के पास बुधवार की रात सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आज तीनों के शवों को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीनों शवों को रखकर चक्काजाम कर मुआवजे की मांग कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर निर्माण कार्य चल रहा था। जिसमें पिकअप क्रमांक सीजी 07 बी 0225 किराये पर बीएसपीएल में चल रही थी। बुधवार को पिकअप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीन में से एक की मौत घटना स्थल पर हो गई व दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक प्रशांत बारिक, मुकेश साहू और दुखनाशन बारिक ग्राम गिधली व ग्राम बानीपाली के निवासी थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। गुरुवार की सुबह पीएम के बाद दुर्घटना में हुई मौत से आक्रोशित गांव वालों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के छुईपाली में तीनों शवों को रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को समझाने का प्रयास किया, पर ग्रामीणों का चक्काजाम जारी था। छुईपाली टोल प्लाजा के पास बीती रात एक पिकअप की ठोकर से तीन लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतकों के परिजन छुईपाली टोल प्लाजा में शव को रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। परिजनों द्वारा मुआवजा के तौर पर कुछ मांगे रखी गई थी, लेकिन प्रशासन से बातचीत के बाद करीब 50 हजार रुपए के राशि की तत्काल व्यवस्था पर परिजन मान गए।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## हमारा आशियाना

### रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस

रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

### Appointment आवश्यकता

#### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार **पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230.**(RO-6425)

#### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016.** (RO-3114)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

#### वेटर/हेल्पर

आवश्यकता है- वेटर एवं किचन हेल्पर की वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें- आहार फैमली रेस्टोरेंट पंजाबी भाईचारा हॉस्पिटल सेक्टर 9 भिलाई नगर 9329218418.** (RO-A)

#### कृषक

आवश्यकता है- पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध, **संपर्क : 8435034111.** (RO-365)

#### सेल्स

आवश्यकता है- बॉस इंस्ट्रूमेंट्स मेडिकल इंस्ट्रूमेंट कंपनी को रायपुर जिले के लिए सेल्स रिप्रेजेंटेटिव की आवश्यकता है, फ्रेशर ग्रेजुएट **संपर्क करें, शुरुआती वेतन (10000/- से 25000/-)** E mail id- sales-bossinstruments@gmail.com **मो. 9244757509.** (RO-3120)

#### कुक/वेटर

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट के लिए इंडियन कुक, चाइनीस कुक, साउथ इंडियन कुक, एवं वेटर की आवश्यकता है **संपर्क करें VIP रोड राम मंदिर के सामने राम भोग, 9993566999, 9977866999.** (RO-A)

#### ड्रायवर

आवश्यकता है- महिंद्रा पिकप DI चलाने हेतु कुशल एवं अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। **पता- अशोक इंटरप्राइजेस रामनगर रायपुर मोबाइल - 8770676924.** (RO-1016)

आवश्यकता है- तेलीबांधा रायपुर के पास ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलू कार ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, 12 घंटे ड्यूटी **संपर्क 9754160228.**(RO-1240)

#### आवश्यकता

आवश्यकता है- विभिन्न कार्य हेतु शिक्षित लड़को की आवश्यकता है **संपर्क करें:- हेयर एंड केयर विविंग पॉइंट प्रथम तल, समवेत शिखर परिसर, रजबंधा मैदान, रायपुर मोबाइल नंबर:- 98271-03630.**(RO-3126)

आवश्यकता है- N.S.N.कंपनी में आवश्यकता हैं लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष सैलरी 12000/- से 15000/- रहने की सुविधा, **संपर्क करें:- रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.)** Mob. **9589295885, 9993929100.**(RO-3110)

#### टेलीकॉलर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को निम्नलिखित पदों की आवश्यकता हैं टीम लीडर (फीमेल) एंड टेलिकॉलर (फीमेल) पद 25, कंप्यूटर जानकार को प्राथमिकता सैलरी :7000 -15000 Mail egenesis.2023@gmail.com, Contact : **9584316317, 9589049626 हेड ऑफिस :- ई-जेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स, दक्षिण गंगोत्री सुपेला, भिलाई** (आरो.-SP/893)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

#### ऑफिस बॉय/प्यून

आवश्यकता है- अनुभवी ऑफिस बॉय/प्यून की। 10वीं पास **संपर्क करे - 78288-88621 / 78794-72898, पता :- गेट अकादमी, नरसिंघ विहार कॉलोनी, कातुलबोर्ड ,दुर्ग** (आरो न.- 633)

#### अन्य

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर कम्पनी द्वारा नौकरी, वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वेसेस पर,10वी+12वी पास लड़के लड़कियां हेतु ,(25950) पदों पर, फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, सैलरी - (32600+70500) **आवेदन हेतु - अधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, व्हाट्सएप या कॉल करें - 9434227378.** (RO-562)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G **कंपनी** (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834** (RO-3051)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - **7903284986.**(RO-557)

आवश्यकता है- जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 **6267324667.** (RO-1334)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- नागपुर की नामांकित आयुर्वेदिक मेडिसिन कंपनी में 10वीं से ग्रेजुएट पास फेल युवक युवतियों की डायरेक्ट परमानेंट भार्ती प्रतिमाह कमाइये 8500-22000 रहना खाना फ्री. **संपर्क- 9371272061, 9271228935.** (RO-69)

#### Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871.** (RO-3106)

#### Property प्रापर्टी

#### मकान

मकान बेचना है- रायपुर कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर के पास आदर्श नगर में 750 वर्गफीट में 4BHK डुप्लेक्स फर्निश्ड इंडिविजुअल कार्नर **मकान बेचना है- 8839814486.**(RO-3788)

बेचना है- कुम्हारी में लोट्स फेस-5 में शानदार ऑफर! अब टी.एन.सी अप्रूव्ड प्लॉट्स पर 90% बैंक फाइनेंस के साथ 1100/- से घटकर केवल 851/- प्रति वर्गफीट पर उपलब्ध। ऑफर सिर्फ इस महीने के 30 तारीख तक है और प्लॉट्स सीमित हैं। ब्रोकर संपर्क न करें। केवल इन्वेस्टर्स संपर्क करें। **मोबाइल: - 9165586666, 9584444523.** (RO-3123)

प्लॉट बेचना है - सेजबहार रामकृष्ण कॉलोनी मे 2000 वर्गफुट अतिउत्तम आदिवासी प्लाट मात्र 475/- एव के खिलौरा मे हाईवे के पास 10000 वर्गफुट सेमी कमर्शियल प्लॉट मात्र 399/- बेचना है **संपर्क करे 8962756407.** (RO-3119)

छोटा विज्ञापन

बेचना है- नई राजधानी निमोरा में फार्म हाउस के लिए प्लॉट्स उपलब्ध! मंत्रालय से मात्र 5 किमी की दूरी पर शानदार लोकेशन में फार्म हाउस के लिए प्लॉट्स। विभिन्न साइज उपलब्ध- 10,000, 5,000, 2,500 वर्गफीट रेटः- केवल 431 रुपए प्रति वर्गफीट इस बेहतरीन अवसर को हाथ से न जाने दें! **संपर्क:- 9165586666, 9584444523.** (RO-3122)

प्लॉट बेचना है - दुर्ग गंजपारा के समीप नयापारा मुख्यमार्ग में प्राईमलोकेशन पर आवासीय प्लॉट व दुर्ग अंजोरा में अपोलो कॉलेज के समीप पूर्णविकसीत आवासीय प्लाट, नगपुरा से कोटनी मुख्यमार्ग में फॉर्महाउस उपयुक्त प्लाट बेचना है। अधिक जानकारी हेतु **संपर्क करें : 96172-85000, 96174-45000.** (आरो न.-628)

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

#### For Rent किराया

#### किराया/बेचना

किराये से देना है- जिला- कांकेर, तहसील- चारामा के अंतर्गत ग्राम- लिलेझर में स्थित 2 मैट्रिक टन क्षमता वाली राईस मिल (कुल जमीन 1.62 एकड़) को बेचना है/लंबी अवधि के लिए किराए पर देना है। कृपया इच्छुक व्यक्ति **मोबाइल नंबर 9425249490 में संपर्क कर सकते हैं।** (RO-A)

#### Finance फायनेंस

फाइनेंस - लोन, लोन, लोन गुरुकृपा फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं के लिए विशेष छूट **संपर्क:- 9201641302.** (RO-3125)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

#### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग, हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स

रोग जटिल एवं बड़ा है अत: धीरज एवं विश्वास रखे चिंता न करे क्योंकि आप के रोग एवं समस्या का समाधान केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं इसमे रोग को स्थाई रुप से जड़-मूल से नाश किया जा सकता है। अन्य उपाय से रोग दब जाते है जड़ से नहीं जाते।

- सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग (शरीर में तांबे रंग के छिलके पपड़ीयुक्त दाग, सिर में रुसी का भ्रम नाखुनों का सड़ना, घुटने में दर्द इत्यादि)
- एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर जेन्टीलियस एवं हर्पिस सिम्पलेक्स) स्त्री पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन दर्द योनी मार्ग से बदबू सफेद पीला पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी. हो सकता है एवं हेपाटाइटिस सिफलिस गौनोरिया (मूत्र मार्ग से पस) जाते हो तो तुरंत खुन की जांच कराये यहां जांच की पूर्ण व्यवस्था है।
- समस्त यौन रोग एवं यौन (सैक्स) कमजोरी नपुंसकता, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन पेशाब मार्ग से धातु जलन प्रोस्टेट विकार यूरेथ्रास्ट्रेक्चर बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।

इस तरह हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग मे वर्षो से प्रगतिशील एवं अग्रसर हैं। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गये हो तो अवश्य ही मिलें।

बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223,
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग, 9303242200, 9303948500, 0788-4011332 समय शाम 3.30-7.30 बजे तक
अपाईंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

# बांग्लादेश के मुद्दे पर जयशंकर ने पीएम को किया ब्रीफ, आज संसद को करेंगे संबोधित!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमले और इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से बढ़ते तनाव के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें इस मामले पर और भारत के पड़ोसी देश में बढ़ती अस्थिरता को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद शुक्रवार को विदेश मंत्री संसद के दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा में बांग्लादेश के मुद्दे पर बयान दे सकते हैं। उधर, विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि बांग्लादेश के सभी नागरिकों जिसमें अल्पसंख्यक भी शामिल हैं। उनके जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा करने की प्राथमिक जिम्मेदारी बांग्लादेश की सरकार है। इन सबके बीच सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्रवाई की शुरुआत से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद ने भी बांग्लादेश के मुद्दे पर जोरदार अंदाज में कांग्रेस से पूछा कि वहां हिंदुओं के मंदिर तोड़े जा रहे हैं, शांति कहां से होगी, हिंदुओं को मारा जा रहा है।

## अन्यायपूर्ण ढंग से किया गिरफ्तार, जल्द हो रिहाई : हसीना

बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिंदू महंत चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण ढंग से गिरफ्तार किया गया है और उन्हें तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सरकार धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करे। इनके खिलाफ अगस्त महीने में उन्हें उनके पद से हटाने के बाद से लगातार हिंसा बढ़ी है। अवामी लीग के एक नेता ने हसीना के इस बयान को एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि सनातन धर्म के शीर्ष नेता को गलत व अन्यायपूर्ण ढंग से गिरफ्तार किया गया है। उन्हें जल्द रिहा किया जाना चाहिए। चटगांव में मंदिरों में आग लगाई जा रही है।

**महासचिव का बड़ा बयान**

# चिन्मय से इस्कॉन ने तोड़ा नाता, कहा- उनके किसी काम के जिम्मेदार नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/ढाका

इस्कॉन बांग्लादेश के महासचिव चारु चंद्र दास ने कहा है कि इस्कॉन चिन्मय कृष्ण दास के किसी भी बयान या गतिविधि की जिम्मेदारी नहीं लेता। उन्होंने ढाका में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा करते हुए बताया कि चिन्मय प्रभु को हाल ही में निष्कासित कर दिया गया है। यह बयान उस समय आया जब बांग्लादेश में हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद विवाद गहरा गया। दास को सोमवार को चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ भड़काऊ बयान देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद इस्कॉन समर्थकों और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए थे।

## आस्ट्रेलिया : बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर 'बैन', विधेयक पारित

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई सीनेट ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने पर रोक लगाने वाला विधेयक बृहस्पतिवार का पारित कर दिया। दुनिया में यह इस तरह का पहला कानून होगा। इस कानून में व्यवस्था की गयी है कि 'टिकटॉक', 'फेसबुक', 'स्नैपचैट', 'रेड्डिट', 'एक्स' और 'इंस्टाग्राम' समेत सोशल मीडिया मंच यदि 16 साल के कम उम्र के बच्चों के एकाउंट खोलने/रखने पर रोक लगाने में विफल रहते हैं तो उन पर पांच करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगेगा। सीनेट में यह विधेयक 19 के मुकाबले 34 मतों से पारित हुआ। प्रतिनिधि सभा पहले ही 13 के मुकाबले 102 मतों से इसे मंजूर कर चुकी है। वैसे प्रतिनिधि सभा को सीनेट में विपक्ष द्वारा लाये गये संशोधनों पर मुहर लगाना बाकी है।

## संसद में अदाणी और संभल मुद्दे पर गतिरोध बरकरार

**नई दिल्ली।** संसद में बृहस्पतिवार को अदाणी समूह से जुड़े आरोपों तथा संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण लगातार तीसरे दिन गतिरोध बना रहा तथा लोकसभा एवं राज्यसभा को एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे के कारण दोनों ही सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाए। सोमवार से शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन से अदाणी समूह से जुड़े आरोपों एवं संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष सरकार पर दबाव बनाए हुए है जिसके कारण दोनों सदनों में गतिरोध कायम है। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्ष के सदस्यों को इंगित करते हुए कहा, ''जनता ने आपको अनेक आकांक्षाओं के साथ यहां भेजा है, आपको उनकी चिंताएं और क्षेत्र की समस्याएं उठानी चाहिए।''

## नई सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहने की आवश्यकताः राष्ट्रपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के छात्र अधिकारियों और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बदलते हुए भू-राजनीतिक माहौल में हमें किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है।

इस दौरान हमें न केवल राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है। बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना चाहिए। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि सशस्त्र बलों का सभी लोग सम्मान करते हैं।

---

**केनरा बैंक Canara Bank** (भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking) सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **18-12-2024** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक कब्जा दिनांक बकाया राशि | आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स पवन एग्रो** द्वारा प्रोपराइटर- श्री अरिहंत गोलचा पुत्र अवंत गोलचा ग्राम पेटेचुआ कंकालिन गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.) 491227 | संपत्ति का समस्त भू भाग फैक्ट्री भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 324, प.ह.नं. 37, ग्राम पेटेचुवा कंकालीन, तह. गुरुर, जिला- बालोद (छ.ग.) क्षेत्रफल-69,940 वर्गफीट चर्तुसीमाएं (विलेख के अनुसार) : पूर्व-सड़क, पश्चिम-सरकारी भूमि, उत्तर-सरकारी भूमि, दक्षिण-सड़क **सांकेतिक कब्जा** | 02/08/2022 14/10/2022 दि. 26-11-2024 को ₹ 4,44,23,760.41/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 110.00 लाख ₹ 11.00 लाख ₹ 10,000/- |
| | संपत्ति का समस्त भू भाग कमर्शियल डायवर्टेड खुला प्लाट नं. 03, खसरा नं. 684/7, प.ह.नं. 28/14, चितौड़, आर.आई.सी. गुरुर, जिला- बालोद (छ.ग.) संपत्ति मालिक- श्री अरिहंत गोलछा पुत्र श्री अवंत गोलछा क्षेत्रफल - 10000 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: (विलेख के अनुसार) पूर्व-आकाश गोलछा की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-डोनर की भूमि, दक्षिण-सुनीता बोहरा की भूमि **भौतिक कब्जा** | | ₹ 63.00 लाख ₹ 6.30 लाख ₹ 10,000/- |
| ऋणी- **मेसर्स मॉडर्न साइंटिफिक कंपनी** प्रोपराइटर- इमरान उमरानी पुत्र स्वर्गीय अब्दुल गफ्फार उमरानी, स्टेशन रोड रायपुर, छत्तीसगढ़ -492009 जमानतदार: रफीक उमरानी पुत्र अब्दुल गफ्फार उमरानी | भूमि एवं भवन स्थित प्लाट नं. 26, समता सहकारी गृह निर्माण सहकारी समिति, समता कॉलोनी, रायपुर, क्षेत्रफल-4000 वर्गफीट संपत्ति मालिक- अब्दुल गफ्फार उमरानी चर्तुसीमाएं (विलेख के अनुसार) पूर्व- रफीक का घर, पश्चिम- सलीम का घर, उत्तर- सड़क, दक्षिण- जलाल का घर **सांकेतिक कब्जा** | 05/05/2022 15/07/2022 दि. 26-11-2024 को ₹ 81,96,611.01/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 152.80 लाख ₹ 15.28 लाख ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 17/12/2024 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 18/12/2024, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) देखें अथवा सम्पर्क करें श्री रंजन कुमार पाणी, मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8989014648, 9140476074, 7905027805, 8073562754)
स्थान : भोपाल दिनांक : **26-11-2024** प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः- दिनांक-
ई-निविदा संख्याः-23/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 74/2024-25 | रातू | ब्रजपुर ग्राम में अम्बा रोरी शाहदेव साहू के घर से कमला देवी के घर तक पथ निर्माण कार्य। (लं०- 1.000 कि०मी०)। | 1,19,80,500.00 | एक करोड़ उन्नीस लाख अस्सी हजार पाँच सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 75/2024-25 | नगड़ी | प्रगति नगर सपारोम में पी०डब्लू०डी० रोड से अल्ट्राटेक मिक्सिंग प्लॉट होते हुए बाला जी राईस मिल तक पथ निर्माण कार्य (लं०- 1.250 कि०मी०)। | 2,01,47,600.00 | दो करोड़ एक लाख सैंतालीस हजार छः सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/RANCHI/ 76/2024-25 | रातू | जामुन टंगरा बगीचा टोली प्राथमिक विद्यालय से संतोष गुप्ता के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं०- 1.540 कि०मी०)। | 1,62,98,200.00 | एक करोड़ बासठ लाख अन्ठानबे हजार दो सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः-**02.12.2024**
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः-**21.12.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-**23.12.2024** अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०- 0651-2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 340601 Rural Work Department(24-25)#D

---

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
CIN – U40108CT2003SGC015820 GSTN-22AADCC5773E1ZX (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र संभाग, छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांस.कं.लिमि.,भिलाई
पता-पॉवर कंपनी परिसर, जी.ई.रोड भिलाई (छत्तीसगढ़) पिन -490021
वेबसाईट :- www.cspc.co.in ई-मेल eesstrans.bhilai@cspc.co.in टेलीफोन नं :- 0788-2281283 फैक्स नं. 0788-2281283

क्रमांकः 10-72/स्था./क्रय/1610 भिलाई, दिनांक : 26/11/2024

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

टाटा योद्धा (डबल-केबिन)/महिन्द्रा बोलेरो केम्पर (1.0-1.5 टन क्षमता) माल वाहक श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु

कार्यपालन अभियंता (उपकेन्द्र संभाग) भिलाई के उपकेन्द्रों के कार्यों के लिये वाहन चालक सहित एक नग टाटा योद्धा (डबल-केबिन)/महिन्द्रा बोलेरो केम्पर (1.0-1.5 टन क्षमता) माल वाहक श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (2 वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का विवरण | आवश्यक संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालन यंत्री उपकेन्द्र संभाग, छ. स्टे.पॉ.ट्रान्स.कं.लिमि., भिलाई के अधीनस्थ सहायक अभियंता 132 के०व्ही० उपकेन्द्र रूआबांधा के अंतर्गत आने वाले कार्य क्षेत्रों के कार्य के लिये 01 नग टाटा योद्धा (डबल-केबिन)/ महिन्द्रा बोलेरो केम्पर (क्षमता 1.0-1.5 टन) अथवा समकक्ष मालवाहक वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (2 वर्ष) हेतु | 01 नग | दिनांक 16.12.2024 समय 17:00 बजे तक | दिनांक 17.12.2024 समय 15:00 बजे तक | दिनांक 17.12.2024 समय 17:30 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
उपकेन्द्र संभाग छ.रा.पॉ.ट्रान्स.कं.लिमि. भिलाई

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाऐ

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**
(फोन / फैक्स नं.- 07856-252362, ई मेल eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू. क्रं./50/ले.शा./का.अ./ लो.स्वा.यां. / 2024 दन्तेवाड़ा, दिनॉकः 27/11/2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है।

कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल विलेज का कार्य।

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर क्रमॉक | कार्य का विवरण / ग्राम / विकासखण्ड | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 161925 | नलजल प्रदाय योजना बालेंगपाल / गीदम | आठवा काल | 67.08 |
| | | **कुल योग** | | **67.08** |

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।
टीप- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 11.12.2024 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

G-242504159/2

---

**OFFICE OF THE DISTRICT AYUSH OFFICE**
**JAGDALPUR, DISTRICT BASTAR (C.G.)**
EMAIL:- cgayushjagdalpur@gmail.com Telephon & Fax No.:- 07782-227927

No./Plan/Contingency/2024/2193 Jagdalpur, Date 27/11/2024

**Re-Tender Notice**

In the financial year 2024-25, sealed tenders are invited for procurement of contingency material from local vendors at the prescribed rate (whatever discount is available in favour of the government) for Community/Primary Health Centre Ayurveda/Homeo AYUSH District Bastar and Kondagaon operated under the District AYUSH Office Jagdalpur of the district. In the two bid tender, it will be mandatory to write Pre Qualified on the first envelope (A) and Price Bid on the second envelope (B) in red ink. Tenders received after the prescribed date and time will not be considered. The concerned registered firm can deposit the head item of the government: - (0210 Medical and Public Health, 03 Medical Education Training and Research, 101 Ayurveda, 0753 Miscellaneous) through challan in the bank, submit a copy of the challan, information about the tender form rules and conditions can be obtained from the office during office days.

1. Last date for sale of tender - 05/12/2024 till 05:30 PM.
2. Last date for submission of tender - 06/12/2024 till 12:00 PM.
3. Date of opening of tender - 06/12/2024 at 02:00 PM.

District Ayush Officer
District Bastar, Jagdalpur (CG)

G-242504139/2

---

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECITOVE ENGINEER T.D.P.P. WATER RESOURCES DIVISION JAGDALPUR DISTRICT-BASTAR**

**CORRIGENDUM NO. 1**

IN NIT No.:- 17,18,19,20,21,22,23/SAC/2024-25, Jagdalpur Dated: 21.11.2024, System Tender No- 161339, 161340, 161341, 161342, 161344, 161345, 161346 (1st Call), Whose G-Number- is 242503978 dated 21.11.2024 following amendments are made-

| S.No. | Amendments |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1 | Clause 2.8.1 of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4515/F-7-7/S- 2/31/2001, Nava Raipur, Date 25.11.2024. |
| 2 | Clause 4.3.36 of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4504/F-7-7/S- 2/31/2001, Nava Raipur, Date 22.11.2024. |

Note:- Detailed Amendments can be viewed on the web site https://eproc.cgstate.gov.in. All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
T.D.P.P. WATER RESOURCES DIVISION
JAGDALPUR, DISTRICT-BASTAR (C.G.)

G-242504132/2

---

**कार्यालय कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा एवं पदेन उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

क्रमांक / 1890 / भू-अर्जन / 2024 **अधिसूचना** दंतेवाड़ा दिनांक 20-11-2024

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि ग्राम बालूद तहसील दंतेवाड़ा बायपास गीदम जनपद से बांगाबाड़ी सड़क निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन तथा पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 ( जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा ) की धारा 19 के तहत घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है:-

-: अनुसूची :-

1. भूमि का वर्णन :- 1. जिला दंतेवाड़ा 2. तहसील - दंतेवाड़ा 3 ग्राम -बालूद 4. भूमि का क्षेत्रफल-3.610 हे.

| क्र. | प्रभावित भूमि स्वामी का नाम | प्रभावित भूमि का खसरा नं. | प्रभावित रकबा (हे०में) |
|---|---|---|---|
| 1. | देवसिंह पिता दशिरी | 121, 1166, 1174, 1189 | 0.060, 0.020, 0.020, 0.020 |
| 2. | मिडको पति देवा | 132, 134, 294 | 0.020, 0.010, 0.050 |
| 3. | भगत सिंह पिता गौचरण | 139 | 0.070 |
| 4. | बुधुसिंह पिता कामदेव | 137 | 0.040 |
| 5. | सनकू पिता बोड्डी | 235/1 | 0.150 |
| 6. | संपत पिता दुला | 252, 253/3 | 0.050, 0.070 |
| 7. | गोपी पिता राजू | 253/2 | 0.050 |
| 8. | चुन्नू पिता कमलू | 253/4 | 0.070 |
| 9. | दुला पिता बुधू | 246/1 | 0.090 |
| 10. | सोनारू पिता कोसा | 259/1 | 0.060 |
| 11. | सामनाथ पिता बुधू | 274 | 0.220 |
| 12. | महंगू पिता गडेली | 288 | 0.140 |
| 13. | मडकामी आयतु पिता कोसा | 295/2 | 0.050 |
| 14. | राकेश पिता सोनधर | 295/3, 295/5 | 0.180, 0.020 |
| 15. | देवा पिता बॉडा | 295/4 | 0.120 |
| 16. | सोनमती पिता जयदेव एवं वगेरह | 773, 1276 | 0.040, 0.040 |
| 17. | जयबल पिता जीवनाथ | 1292 | 0.020 |
| 18. | सावनकुमार पिता मोहनसिंह | 1291 | 0.030 |
| 19. | कामदेव पिता दशोमु | 1294 | 0.030 |
| 20. | चन्द्रकिरण पति नीलेश्वर | 1308/1 | 0.210 |
| 21. | चैनसिंह पिता सुन्दरसिंह | 1308/2 | 0.230 |
| 22 | संतूराम पिता कामो | 259/2 | 0.010 |
| 23 | सुशीला मरकाम पिता महेंन्द्रसिंह मरकाम | 259/3 | 0.010 |
| 24 | सुप्रिया पिता हिरमा | 259/4 | 0.010 |
| 25 | मनीराम पिता हिंगा | 246/2 | 0.090 |
| 26 | दुला पिता बुधू | 234 | 0.04 |
| 27 | गोपी पिता राजू | 292 | 0.58 |
| 28 | अर्जुन पिता हुँगा | 293 | 0.53 |
| 29 | देवा पिता बाले | 296 | 0.60 |
| 30 | आयतू पिता कोसा | 260/1 | 0.08 |
| 31 | धनसिंह पिता पतिराम | 1169 | 0.02 |
| | योग | 39 | 3.610 |

| वृक्ष का किस्म | महुआ | सागौन | आम | साजा | जामुन | बीजा | लेडीया | टीवस | तेन्दु | पीपल | हल्दू | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या | 27 | 10 | 06 | 01 | 05 | 04 | 02 | 01 | 02 | 01 | 03 | 02 | 64 |

(2) भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) दंतेवाड़ा के कार्यालय में किया जा सकता है। (3) उक्त भूमि अर्जन में किसी व्यक्ति का विस्थापन निहित नही है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

( मयंक चतुर्वेदी)
कलेक्टर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-242504130/2

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव**
जिला - कोण्डागांव (छ.ग.) (Phone no. 07786-296071, Email id - eekon-phe-cg@gov.in)

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::-**

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 150 मि०मी० व्यास 120 मीटर गहराई के नलकूप खनन कार्य

| स. क्र. | निविदा क्रमांक एवं दिनॉक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | नलकूप खनन की संख्या | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 20/25.11.2024 | 161929 | विकासखण्ड कोण्डागांव ग्रुप क्र. 01 नलकूप खनन कार्य | 20 No. | 28.00 |
| 02 | 21/25.11.2024 | 161950 | विकासखण्ड कोण्डागांव ग्रुप क्र. 02 नलकूप खनन कार्य | 20 No. | 28.00 |
| 03 | 22/25.11.2024 | 161952 | विकासखण्ड माकडी ग्रुप क्र. 03 नलकूप खनन कार्य | 20 No. | 28.00 |
| 04 | 23/25.11.2024 | 161953 | विकासखण्ड केशकाल ग्रुप क्र. 04 नलकूप खनन कार्य | 16 No. | 22.40 |
| 05 | 24/25.11.2024 | 161954 | विकासखण्ड केशकाल ग्रुप क्र. 05 नलकूप खनन कार्य | 16 No. | 22.40 |
| 06 | 25/25.11.2024 | 161955 | विकासखण्ड फरसगांव ग्रुप क्र. 06 नलकूप खनन कार्य | 17 No. | 23.80 |
| 07 | 26/25.11.2024 | 161956 | विकासखण्ड फरसगांव ग्रुप क्र. 07 नलकूप खनन कार्य | 16 No. | 22.40 |
| 08 | 27/25.11.2024 | 161957 | विकासखण्ड बडेराजपुर ग्रुप क्र. 08- नलकूप खनन कार्य | 15 No. | 21.00 |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट बेव पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय बेवसाईट http://phedcegprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 11.12.2024 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कोण्डागांव (छ.ग.)

G-242504167/1

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगॉव जिला - राजनांदगॉव (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण की सूचना**

ज्ञापन क्र./वलेलि/2024-25/1631 दिनांक 27/11/2024

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 11/वलेलि/2023-24 दिनांक 24.01.2024 (सिस्टम नंबर 151912) मोहला-मानपुर-चौकी जिले के विकासखण्ड मोहला की बोगाटोला जलाषय का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

G-07336/2

कार्यपालन अभियन्ता
जल संसाधन बैराज संभाग
डोंगरगांव

G-242504153/3

---

**छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति, संचालनालय महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़ इन्द्रावती भवन, ब्लॉक -01, द्वितीय तल, नया रायपुर, 492002**
दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax), E-Mail : dirwcd.cg@nic.in

क्र.10473/894 / मबावि/मि.वा./2024-25 अटल नगर, नवा रायपुर, दिनांक 27/11/2024

**विज्ञापन**

**मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं एवं किशोर न्याय बोर्ड / बालक कल्याण समिति में संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन**

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों एवं स्वीकृति अनुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला बस्तर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जशपुर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, कबीरधाम, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव में शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं एवं जिला बालोद, कांकेर, कोरबा, रायगढ़, बस्तर, बिलासपुर, मुंगेली जिले में किशोर न्याय बोर्ड / बाल कल्याण समिति के रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाना है। इस हेतु निर्धारित अर्हताओं/ अनर्हताओं के प्रकाश में पात्र आवेदकों से दिनांक 27/12/2024 तक आवेदन आमंत्रित है। उक्त पदों पर भर्ती के लिये आवेदन संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी / जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रेषित करना होगा। आवेदन हेतु जिलेवार, वर्गवार पदपूर्ति किये जाने वाले पदों का विस्तृत विवरण, पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव, अन्य अर्हताओं, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों का विवरण, आवेदन पत्र एवं संबंधित जिलों का पत्राचार का पता महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.cgwcd.gov.in तथा www.cgstate.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

( जनमेजय महोबे )
संचालक
संचा. महिला एवं बाल विकास विभाग एवं
सचिव राज्य बाल संरक्षण समिति
नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.)

G-242504138/2

---

**कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (भ/स) सुकमा संभाग, सुकमा**

**मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक- 3677/NIT-05/2024-2025/ व ले लि दिनांक : 26/11/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 09/12/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 16/12/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 17/12/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी "द" से "अ" तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) :- T0026 TO T0031- 1500.00
एस.ओ.आर. - The Rates and specification are based as per Road/Bridge/Culvert SOR issued CGRRDA 2018
कार्य की अवधि - Period 04 Months From Reckoned Date

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम / NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 05 T0026 | सामसुली - डोंगीनपारा मार्ग में परिया नाला पर 8 मी. x 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य पार्ट-1 जिला सुकमा (1st Call) | 36.81 28000.00 555000.00 |
| 05 T0027 | सामसुली - डोंगीनपारा मार्ग में परिया नाला पर 8 मी. x 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य पार्ट-2 जिला सुकमा (1st Call) | 43.62 32800.00 654300.00 |
| 05 T0028 | सामसुली - डोंगीनपारा मार्ग में परिया नाला पर 8 मी. x 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य पार्ट - 3 जिला सुकमा (1st Call) | 30.54 23000.00 458500.00 |
| 05 T0029 | बड़ेसेट्टी से गंधारपारा मार्ग में मूलेर नाला पर 8 मी. x 3 स्पान माइनर ब्रिज का निर्माण कार्य (भाग - 01 ) (1st Call) | 36.81 28000.00 555000.00 |
| 05 T0030 | बड़ेसेट्टी से गंधारपारा मार्ग में मूलेर नाला पर 8 मी. x 3 स्पान माइनर ब्रिज का निर्माण कार्य (भाग - 02) (1st Call). | 43.62 32800.00 654300.00 |
| 05 T0031 | बड़ेसेट्टी से गंधारपारा मार्ग में मूलेर नाला पर 8 मी. x 3 स्पान माइनर ब्रिज का निर्माण कार्य (भाग - 03) (1st Call) | 30.54 23000.00 458500.00 |

**निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट** www.cg.nic.in/pwdraipur **में** Live Tender **के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।**

**शर्ते :- 1.** वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, **2.** शपथ पत्र **3.** जी. एस. टी. प्रमाण पत्र, **4.** पैन कार्ड, **5.** आधार कार्ड, **6.** वैध बैंक साल्वेंसी, **7.** ठेकेदारों के द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि प्रमाण पत्र (E.P.F.) **8.** आयकर चुकता प्रमाण / वाणिज्यकर कार्यालय में जी.एस.टी. पंजीयन व कर चुकता प्रमाण पत्र (विगत त्रैमास/माह) सभी संबंधित दस्तावेज स्वंय के नाम पर पंजीकृत हो प्रस्तुत करना अनिवार्य है न होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। **9.** टी.डी.आर./ एफ.डी.आर. फोटोकापी होने की स्थिति में अनर्ह माना जावेगा।

(D) Financial offer. (E) Bid capacity (Appendix 1), information in Annexure 1. {SPECIAL CONDITIONS OF N.I.T. 19(A) - (FOR TENDER value less than Rs, one crore) (F) Existing commitments and ongoing all classes of civil engineering construction works, by the Prime Contractor information in Annexure 2 (G) Affidavit in prescribed format Annexure 3 attached in N.I.T. Documents.

कार्यपालन अभियंता,
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा संभाग सुकमा

G- 242504124/3





# करीना की 'हीरोइन' फिर से होगी रिलीज...

**नई दिल्ली।** करीना कपूर खान की फिल्म हीरोइन आज एक क्लासिक बन गई हैं। मधुर भंडारकर द्वारा निर्देशित, 2012 की ड्रामा फिल्म को आज भी बेबो के सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि मधुर को फिल्म हीरोइन बनाते वक्त कई आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, क्योंकि उन्होंने इस फिल्म में वास्तविक अभिनेत्रियों के जीवन से समानताओं को दिखाने की कोशिश की थी। इस बारे में बात करते हुए, उन्होंने फिल्म के बड़े पर्दे पर फिर से रिलीज होने का भी संकेत दिया। मधुर ने कहा कि कई लोगों को लगा कि उन्होंने एक अभिनेत्री के जीवन में होने वाली कई चीजों को उजागर किया है।

लाइफ Style

# ईशा



## मॉडलिंग के साथ अभिनय में भी आजमाई किस्मत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने साल 2007 में मिस इंडिया इंटरनेशल का खिताब जीता था। ईशा गुप्ता को बॉलीवुड की फ्लॉप अभिनेत्रियों में गिना जाता है। ईशा की गिनती बोल्ड अभिनेत्रियों में होती है।

ईशा गुप्ता ने फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया। उन्हें 'मिस फोटोजेनिक' के नाम से जाना जाता है। इस दौरान उन्होंने अभिनेत्री बनने की सोची और एक्टिंग स्कूल में जाकर दाखिला भी ले लिया। प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली के स्थानीय स्कूल में पढ़ाई की थी। ईशा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय से पत्रकारिता और मास कम्युनिकेशन में डिग्री हासिल की। ईशा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। वे अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। फिल्मों में भी वे अपने बोल्ड अवतार के कारण ही जानी जाती हैं। हालांकि, फिल्म में उनका बोल्ड लुक कुछ खास काम नहीं आया। ईशा गुप्ता को को 'जन्नत 2' में पहली बार बड़े पर्दे पर देखा गया। द्विभाषी फिल्म वीदेवदू के साथ तेलुगु और तमिल में अपनी शुरुआत की। ईशा गुप्ता की बात करें तो वे 'मर्डर 4', 'देसी मैजिक' और 'हेरा फेरी 3' में नजर आएंगी। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग जारी है। इन दिनों ईशा सिनेमा से दूर स्पेन में बिजनेस चला रही हैं। सोशल वर्क में भी एक्टिव रहती हैं। ईशा गुप्ता को 'टोटल धमाल', 'पल्टन', 'रुस्तम', 'राज 3', 'बादशाह', 'जन्नत 2', 'कमांडो 2', 'हमशक्ल', 'चक्रव्यूह' में काम किया है।

हॉलीवुड मसाला



# 'ड्यूनः प्रोफेसी' शो में आएंगी नजर

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री तब्बू 'ड्यूनः प्रोफेसी' शो में जल्द नजर आएंगी। इस शो में वह 'सिस्टर फ्रांसेस्का' के किरदार में दिखाई देंगी। शो का एक नया पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसमें तब्बू बेहद दमदार अंदाज में नजर आ रही हैं। उनके फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि उनका एपिसोड भारत में 16 दिसंबर को जियो सिनेमा प्रीमियम पर देखा जा सकेगा। सोशल मीडिया पर इस नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'नई सिस्टर की ताकत देखने के लिए तैयार हो जाइए।'



# 'ए क्रिसमस कैरोल' के लिए किया जाता है याद

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता जूलियन अर्नोल्ड का 24 नवंबर को एडमोंटन के सिटाडेल थिएटर में 'ए क्रिसमस कैरोल' के प्रदर्शन के दौरान निधन हो गया। अभिनेता जूलियन अर्नोल्ड की अचानक मौत से उनके सभी चाहने वाले सदमें में हैं। जूलियन अर्नोल्ड, एडमोंटन के मूल निवासी और अल्बर्टा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र स्थानीय थिएटर समुदाय के प्रिय सदस्य थे, जिन्हें 'ट्वेल्थ नाइट' जैसी प्रस्तुतियों और 'ए क्रिसमस कैरोल' के कई प्रदर्शनों में उनकी भूमिकाओं के लिए याद किया जाता है। जूलियन अर्नोल्ड सभी के पसंदीदा स्टार थे। जूलियन अर्नोल्ड, एडमोंटन में पले-बढ़े हैं और उन्होंने जॉर्जेस पी. वेनियर सेकेंडरी स्कूल और अल्बर्टा विश्वविद्यालय से पढ़ाई की।



# 'सामी-सामी' पर किया रश्मिका ने डांस

**मुंबई।** पुष्पा 2 द रूल 5 दिसंबर को रिलीज के लिए तैयार है। इन दिनों अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना फिल्म पुष्पा 2 के प्रचार का एक भी मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहते हैं। यही वजह है कि वह फिल्म को प्रमोट करने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच रश्मिका का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह पुष्पा 2 के इवेंट के दौरान अपना प्रसिद्ध पुष्पा द राइज का गाना 'सामी सामी' पर डांस करती नजर आईं। रश्मिका मंदाना ने कोच्चि में पुष्पाः द रूल के प्री-रिलीज इवेंट में जमकर सुर्खियां बटोरीं, जहां उन्होंने हिट ट्रैक सामी सामी पर डांस किया। रश्मिका का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें प्रशंसक उनकी ऊर्जा और हुक स्टेप्स की प्रशंसा कर रहे हैं।




# मां से सुनी कहानियां बनीं प्रेरणा...

**मुंबई।** 'स्त्री' फ्रेंचाइजी से बेहद लोकप्रिय हो चुके निर्देशक अमर कौशिक अपनी आगामी फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल में ही दिनेश विजान और मैडॉक प्रोडक्शंस के साथ मिलकर इस फिल्म की घोषणा की है। अब एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक ने हॉरर कॉमेडी से पौराणिक कथाओं की ओर हुए बदलाव को लेकर बात की। उन्होंने इसके पीछे की प्रेरणा को साझा करते हुए कहा कि उनकी मां उन्हें बचपन से ही पौराणिक कहानियां सुनाया करती थीं, जो उन्हें काफी आकर्षित करती रही हैं। एक इंटरव्यू में अमर कौशिक ने बताया कि उन्हें उनकी मां बचपन से ही पौराणिक कहानियां सुनाती थीं, जिससे उन्हें इस फिल्म के लिए प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा, 'अब जब मैं फिल्म उद्योग में हूं और सौभाग्य से, मेरी कुछ फिल्में सफल रही हैं।

टीवी मसाला


# चिंकी-मिंकी ने फिर किया अजब-गजब कारनामा...

**नई दिल्ली।** चिंकी मिंकी के नाम से शायद ही कोई अनजान होगा। चिंकी मिंकी दो जुड़वा बहने हैं, जो बिल्कुल एक जैसी दिखती हैं। और यही उनकी यूएसपी भी रही है। दोनों ने ऐसे कई वीडियो बनाए हैं, जिसमें वो एक साथ सिंक में बोलती हैं। सिंक में एक ही जैसे एक्शन करती हैं। उनक यही स्टाइल दर्शकों के बीच काफी फेमस हुआ। इसके साथ ही चिंकी मिंकी को कपिल शर्मा के कॉमेडी शो से खूब पॉपुलैरिटी मिली। एक बार फिर चिंकी मिंकी सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं। इस बार वो पानी पर कार दौड़ा कर दर्शकों को हैरान कर रही हैं। चिंकी मिंकी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से ये वीडियो अपलोड किया है। जिसे देखकर आप हैरान रह जाएंगे। इस वीडियो में चिंकी मिंकी कार चलाती दिख रही हैं। आमतौर पर कार सड़क पर भागती नजर आती है। लेकिन चिंकी मिंकी की कार सड़क पर नहीं पानी में चल रही है। कार भी कोई ऐसी वैसी नहीं है। वो एक लग्जरी कार में सवार होकर समंदर की लहरों पर सवारी कर रहे हैं। पहले उनकी कार पानी पर सरपट भागती है और फिर गोल गोल चक्कर लगाती है। चिंकी मिंकी ने पानी में कार चलाते हुए ढेर सारी पिक्स भी क्लिक की है। चिंकी -मिंकी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बताया कि वो इस वीडियो में मेक लारेन नाम की कार चला रही हैं।



## करणवीर को मिला दोस्ती में धोखा

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 के दो प्रतियोगी करण वीर मेहरा और शिल्पा शिरोडकर के बीच भी टेंशन पैदा होते हुए देखी गई। यह दोनों शो की शुरुआत में ही अच्छे दोस्त बन गए थे। इंस्टाग्राम पेज पर एपिसोड की झलकियां दिखाई गईं। जिसमें शिल्पा करण की बजाय ईशा सिंह को टाइम गॉड चुना। टाइम गॉड बनने पर कोई प्रतियोगी बाकी प्रतियोगी के लिए लीडर की तरह होता है, वह जो कहेगा उन्हें करना पड़ेगा। एपिसोड में ईशा टाइम गॉड बनेगी।



लेकिन इस बात करण काफी नाराज हैं, उन्हें लगा था कि शिल्पा उन्हें टाइम गॉड बनाएंगी जबकि ऐसा हुआ नहीं। करण शिप्ला से बात करते हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें वह अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। वह शिल्पा को कहते हैं कि उन्हें ऐसे लोग पसंद नहीं है जिनकी दोस्ती फेक होती है। करण अकसर ही शो में अपने मन की बातें शिल्पा से शेयर करते हैं वह भी उनको अच्छी सलाह देती हैं। ऐसे में दर्शकों को लगता है कि यह दोनों काफी अच्छे दोस्त बन गए हैं। लेकिन, जो कुछ एपिसोड में दर्शक देखेंगे, उससे उन्हें भी लगेगा कि शायद शिल्पा करण को अपना करीबी दोस्त नहीं मानती हैं।

# 'बच्चन' के बिना स्क्रीन पर दिखा ऐश्वर्या का नाम...

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड की बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अपनी खूबसूरती, अभिनय, कौशल और बुद्धिमत्ता के लिए जानी जाती हैं। हाल के कुछ दिनों से ऐश्वर्या और अभिषेक के वैवाहिक जीवन की परेशानियों के बारे में खबरें सुर्खियों में छाई हुई हैं। उनके रिश्ते को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जाती हैं। हालांकि, कुछ दिनों पहले अमिताभ बच्चन ने उठ रहे इन सवालों की निंदा की। अब इस मामले को दोबारा तब हवा मिल गई, जब दुबई में हुए एक कार्यक्रम में ऐश्वर्या राय का नाम स्क्रीन पर बच्चन के नाम के बिना दिखाया गया। जिस पर, नेटिजन्स ने प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी और अटकलें लगाने लगें की यह गलती से हुआ है या बात कुछ और है। 'ग्लोबल वूमेन फोरम 2024' से ऐश्वर्या के कई वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहे हैं। वीडियो में ऐश्वर्या मंच की शोभा बढ़ाते हुए नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का लुक भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान अभिनेत्री ने नीले रंग की ड्रेस पहनी थी जिसमें एक ट्रेल था। ऐश्वर्या ने इसे कढ़ाई वाली जैकेट के साथ पहना था। उन्होंने बोल्ड आई मेकअप और हल्के रंगी की लिपस्टिक लगा रखी थी।



# 'किसिक' से लेकर 'आई नहीं' तक न्यू ईयर चार्टबस्टर सॉन्ग में शामिल, गानों की लिस्ट है हाई-फाई...

**मुंबई।** नए साल आने में बस कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में न्यू ईयर पार्टी के लिए इस साल के कई गाने चार्टबस्टर सॉन्ग लिस्ट में शामिल हो चुके हैं। इन सभी गानों को प्रशंसकों ने बेहद पसंद किया। इस लिस्ट में किसिक, नैन मटक्का और आई नहीं जैसे कई गाने शामिल हो चुके हैं। यह साल जाते-जाते कई ब्लॉकबस्टर फिल्में और बेहतरीन गाने देकर जाएगा। हाल ही में रिलीज हुआ पुष्पा 2 का गाना किसिक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। तो वहीं स्त्री 2 का गाना 'आई नहीं' भी सभी का मन बहलाया। नैन मटक्का के अलावा न्यू ईयर चार्टबस्टर सॉन्ग लिस्ट में और भी गाने शामिल हैं।



**किसिक :** अल्लू अर्जुन ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से पुष्पा 2: द रूल के गाने किसिक के रिलीज होने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की थी। किसिक गाने के हिंदी लिरिक्स सुनने के बाद फैंस को यह गाना बेहद पसंद आया, तो कुछ नेटिजन्स को नापसंद भी रहा। किसिक गाने में अल्लू अर्जुन के साथ श्रीलीला का धमाकेदार डांस हर किसी को पसंद आया।



**नैन मटक्का :** बेबी जॉन का गाना 'नैन मटक्का' रिलीज होते ही इस साल के चार्टबस्टर सॉन्ग लिस्ट में शामिल हो गया। नए साल की पार्टी में प्रशसंकों के लिए वरुण धवन और कीर्ति सुरेश का जबर्दस्त गाना नैन मटक्का और भी धमाल मचा देगा। इस गानें में वरुण और कीर्ति के डांस मूव्स देखकर आप खुद को थिरकने से रोक नहीं पाएंगे। गानें की खास बात ये भी है कि इसे फेमस पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने गाया है।



**आई नहीं :** स्त्री 2 का गाना 'आई नहीं' आते ही इस साल के चार्टबस्टर सॉन्ग की लिस्ट में शुमार हो चुका है। इस गाने में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव के हुक स्टेप्स प्रशंसकों के बीच काफी प्रसिद्ध हुए। इसके अलावा फिल्म का यह गाना लोगों की जुबां पर आज भी चढ़ा हुआ है। नए साल की पार्टी में यह गाना भी धूम मचा देगा।



**तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया :** तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया फिल्म का टाइटल ट्रैक हर किसी को पसंद आया। इस फिल्म में शाहिद के साथ कृति सेनन की जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आई। फिल्म का गाना 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के हुक स्टेप्स प्रशंसकों को बेहद पसंद आए। फिल्म में कहानी के साथ गाने पर भी खूब ध्यान दिया गया है।

## जन्म के महज 15 दिन बाद ही खो दिया मां को, जीवन में सहे कई भावनात्मक दुख

# कम उम्र में लगी ड्रग्स की लत, दोस्तों पर खर्च करने के लिए की पहली फिल्म

*मुंबई। प्रतीक बब्बर मशहूर बॉलीवुड अभिनेता और राजनेता राज बब्बर और दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल की संतान हैं। प्रतीक बब्बर जीवन काफी ऊथल-पुथल भरा रहा है। अभिनेता ने अपने जीवन में कई भावनात्मक दुख सहे हैं और मुश्किलों का सामना किया है। अभिनेता ने अपने जन्म के महज 15 दिन बाद ही अपनी मां को खो दिया। इसके बाद उनके अपने पिता के साथ भी मतभेदों से भरा रिश्ता रहा, जिस वजह से उन्होंने कई मौकों पर अकेलापन भी महसूस किया है। अभिनेता अपने जीवन में काफी बेबाक रहे हैं। एक बार अभिनेता ने कहा था कि उन्होंने सफल फिल्म जाने तू या जाने ना, बस इस वजह से की थी, ताकि वो इससे मिले पैसे अपने दोस्तों पर खर्च कर सकें।*

### पिता से करते थे नफरत

अभिनेता प्रतीक बब्बर का जन्म 28 नवंबर 1986 को मुंबई में हुआ। जन्म के महज 15 दिनों के अंदर मां को खो देने के बाद प्रतीक की परवरिश उनके नाना-नानी ने की। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक ऐसा भी समय था, जब प्रतीक अपने पिता से नफरत करते थे। एक इंटरव्यू में अभिनेता ने कहा था, 'मेरे पिता के पास मेरी बात सुनने का वक्त नहीं था। सब लोग मुझे मेरी मां की कामयाबी के बारे में बताते थे, लेकिन मुझे उससे कोई फर्क नहीं पड़ता था। मेरे दिमाग में आवाजें कौंधती थी कि मेरी मां मेरे साथ क्यों नहीं है।' अभिनेता अपनी मां को बहुत ज्यादा मिस करते थे, जिसके कारण उन्हें काफी अकेलापन भी महसूस होता था।

### इस वजह से जाने तू या जाने ना में किया था काम

प्रतीक बब्बर काफी वक्त तक लाइमलाइट से दूर रहे थे। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2008 में आई फिल्म 'जाने तू या जाने ना' से की थी। इस फिल्म में वह जेनेलिया डीसूजा के भाई बने थे। हालांकि फिल्म से उन्हें खास पहचान नहीं मिली थी, लेकिन उन्होंने ये फिल्म करने का एक दिलचस्प कारण बताया था। उन्होंने कहा था कि उन्होंने इस फिल्म में बस इस वजह से काम किया था, क्योंकि वह अपने दोस्तों के ऊपर खर्च करना चाहते थे।

### ख्वाबों का झमेला में आएंगे नजर

पहली फिल्म के बाद प्रतीक ने 'एक दीवाना था' और 'धोबी घाट' जैसी लीक से हटकर फिल्मों में काम किया। इस बाद में वह 'मुल्क', 'बागी 2', 'छिछोरे' और 'दरबार' जैसी फिल्मों में भी नजर आए। इनमें से कुछ सफल रहीं, तो कुछ फ्लॉप हुईं, लेकिन प्रतीक ने अपने काम से तारीफें बटोरीं। इससे पहले प्रतीक बब्बर इंडिया लॉकडाउन में नजर आए थे। अब वह जल्द ही ख्वाबों का झमेला में नजर आएंगे।



### विवादों से रहा नाता

बचपन से मां के बिना बड़े होने के कारण प्रतीक काफी अकेला महसूस करते थे। इस वजह से उनके स्वभाव में काफी ज्यादा कटुता भी आ गई थी। इस वजह से बहुत कम उम्र में ही उन्होंने नशा का सेवन करना शुरू कर दिया था। अभिनेता ने साल 2016 में एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि महज 12 की उम्र में उन्हें ड्रग्स की लत लग गई थी, इसकी वजह से उन्हें 17 साल की उम्र में रिहैब सेंटर भी जाना पड़ा था। इसके अलावा उन पर साल 2018 में गोवा रोड एक्सिडेंट का केस भी दर्ज हुआ था। इसके अलावा अभिनेत्री एमी जैक्सन के साथ अपने रिश्ते की वजह से भी वह काफी चर्चा में रहे थे। अभिनेता ने एमी के नाम का टैटू भी गुदवा लिया था, लेकिन ये मोहब्बत अधूरी रह गई थी।

**खबर संक्षेप**

## गोदरेज प्रॉपर्टीज क्यूआईपी से 6000 करोड़ जुटाएगी

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज क्यूआईपी के जरिये संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचकर 6,000 करोड़ रुपये की संपूर्ण राशि जुटा लेगी। अपार्टमेंट की मजबूत मांग के बीच कारोबार का विस्तार करना है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 6,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बुधवार को पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) पेश किया।

## बीईएमएल को चेन्नई मेट्रो से मिला अनुबंध




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड से 3,658 करोड़ रुपये का एक अनुबंध मिला है। बीईएमएल इस अनुबंध के तहत चेन्नई मेट्रो को 210 मेट्रो कोच से लैस 70 ट्रेन सेट की आपूर्ति करेगी। इन मेट्रो ट्रेन सेट का इस्तेमाल चालक-रहित मेट्रो संचालन में किया जाएगा।

## स्टार्टअप रेलॉय को 40% राजस्व वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी कैपिटल समर्थित प्रॉपटेक के स्टार्टअप रेलॉय को मजबूत आवासीय मांग के दम पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 40 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि की उम्मीद है। हमने अब 'रेफरल' बिक्री का तरीका खोज लिया है और इसे अपने सभी ग्राहकों के लिए अपना रहे हैं। इसमें नए ग्राहकों का भी योगदान है।''रेफरल' बिक्री विपणन की शक्तिशाली रणनीति है जो संतुष्ट ग्राहकों के प्रभाव का लाभ उठाकर किसी ब्रांड के उत्पादों या सेवाओं को उनके दोस्तों, परिवार तक पहुंचाती है।

## अजमेरा रियल्टी एंड इंफ्रा ने 100 करोड़ रुपए कर्ज चुकाया



**नई दिल्ली।** अजमेरा रियल्टी एंड इंफ्रा इंडिया लिमिटेड ने कॉरपोरेट ऋण में से 100 करोड़ रुपये चुका दिए हैं और अब बकाया ऋण घटकर 693 करोड़ रुपये रह गया है। मुंबई स्थित कंपनी में शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने '' अपने कॉर्पोरेट ऋण में से 100 करोड़ रुपये चुका दिए हैं।

## नंद किशोर एसबीआई फंड्स के एमडी नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और यूरोप की सबसे बड़ी परिसंपत्ति प्रबंधक अमुंडी के बीच संयुक्त उद्यम एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने नंद किशोर को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह शमशेर सिंह की जगह लेंगे।

## मोसेस बोरोसिल के सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** बोरोसिल रिन्यूएबल्स के निदेशक मंडल ने मेल्विन मोसेस को कंपनी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति दो दिसंबर, 2024 से प्रभावी होगी। बोरोसिल रिन्यूएबल्स ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मोसेस इससे पहले यूपीएल कॉरपोरेशन में कार्यरत थे। कंपनी ने कहा कि वह इससे पहले मेरिसेंट, जेनेका और सिंजेन्टा, पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स से भी जुड़े रहे हैं।

# एकल खिड़की मंजूरी का इस्तेमाल करें उद्योग, नहीं तो होगी बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से 'एकल खिड़की मंजूरी' प्रणाली का इस्तेमाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसा न किए जाने पर सरकार इस योजना को बंद करने पर विचार करेगी। राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (एनएसडब्ल्यूएस) एक डिजिटल मंच है जो उद्योग को व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप अनुमोदन की पहचान करने और आवेदन करने में मार्गदर्शन करता है। इस पोर्टल पर 32 केंद्रीय विभागों और 29 राज्य सरकारों से अनुमोदन के लिए आवेदन स्वीकार किए जाते हैं।

- पोर्टल पर 32 केंद्रीय विभाग व 29 राज्य सरकारों से आवेदन होते हैं स्वीकार

**वाणिज्य व उद्योग मंत्री गोयल ने किया आह्वान**

### सरकार 300 अन्य कानूनों को अपराध के श्रेणी से करेगी बाहर

गोयल ने कहा कि सरकार 300 अन्य कानूनों एवं नियमों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के बारे में सक्रियता से विचार कर रही है। इस मौके पर गोयल ने देश के कारोबारी माहौल की जानकारी प्राप्त करने और सुधार को लेकर सुझाव प्राप्त करने और नजर रखने के लिए सीआईआई कारोबार सुगमता (ईओडीबी) और नियामक मामलों का पोर्टल जारी किया।



### उद्योग जगत से सुझाव की जरूरत

गोयल ने कहा कि निवेशकों की पहचान करने और उनकी व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप अनुमोदन संबंधी आवेदन के लिए सरकार के एनएसडब्ल्यूएस मार्गदर्शन को उद्योग जगत से सुझावों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक उद्योग राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली से नहीं जुड़ेगा, यह पहल सफल नहीं होगी।

*जन विश्वास विधेयक पिछले तारीख से लागू होगा: गोयल ने जन विश्वास 2.0 विधेयक के बारे में बात करते हुए कहा कि सरकार उद्योग जगत के लिए इसे पिछली तारीख से लागू करने का प्रयास करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पिछली तारीख से लागू करने में किसी तरह की नकारात्मकता नहीं होगी और केवल वैकल्पिक आधार पर पूर्व प्रभावी लाभ दिए जाएंगे।*

### सरकार इस पर बहुत पैसा खर्च कर रही

गोयल ने कारोबारी सुगमता पर आयोजित दूसरे (उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी)-सीआईआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अब विकल्प आपके (उद्योग) पास है। अगर आपको लगता है कि आपकी इसमें रुचि नहीं है तो सरकार इस पर बहुत पैसा खर्च कर रही है।

*रुचि न दिखाने पर निराशा जताई : केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनएसडब्ल्यूएस भले ही संपूर्ण न हो, लेकिन इसे बेहतर बनाने के लिए वह उद्योग जगत के सुझावों के लिए तैयार हैं। मंत्री ने सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय भूमि बैंक में उद्योग जगत द्वारा अपेक्षित रुचि न दिखाए जाने पर भी निराशा व्यक्त की।*

## अबू धाबी की आईएचसी ने अदाणी में अपना समर्थन दोहराया

# अबू धाबी, श्रीलंका से तंजानिया तक, सबको हैं अदाणी पर भरोसा, जारी रहेगा समूह में निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी समूह के प्रमुख विदेशी निवेशकों में से एक आईएचसी ने एक बयान में कहा, '' अदाणी समूह के साथ हमारी साझेदारी हरित ऊर्जा और टिकाऊ क्षेत्रों में उनके योगदान में हमारे विश्वास को दर्शाती है।

अईएचसी 100 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब परिसंपत्तियों का प्रबंधन करने वाली सबसे बड़े सरकारी कोष में से एक है।

*अबू धाबी की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (आईएचसी) ने अदाणी समूह को अपना समर्थन दोहराते हुए कहा कि समूह के संस्थापक चेयरमैन गौतम अदाणी पर अमेरिका में अभियोग के बावजूद समूह में निवेश को लेकर उसका नजरिया बदला नहीं है। इस बीच, श्रीलंका बंदरगाह प्राधिकरण और तंजानिया सरकार ने भी अदाणी समूह को पूरा समर्थन देने की बात कही है।*

- आईएचसी ने अदाणी के हरित ऊर्जा में 50 करोड़ डॉलर निवेश किया है
- अमेरिकी अभियोग के बावजूद समूह में निवेश को लेकर नहीं बदला नजरिया
- तंजानिया सरकार ने भी अदाणी में पूरा समर्थन जताया




### आईएचसी ने अप्रैल 2022 में किया था निवेश

बयान में कहा गया, '' हमारे सभी निवेशों की तरह हमारा दल प्रासंगिक जानकारी और घटनाक्रम का मूल्यांकन करना जारी रखे हुए है। इस समय इन निवेशों पर हमारा नजरिया यथावत है। आईएचसी ने अप्रैल 2022 में समूह की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. (एजीईएल) और बिजली कंपनी अदाणी ट्रांसमिशन में करीब 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया था।

*श्रीलंका ने साझेदारी पर भरोसा दिखाया: इस बीच, अन्य अंतरराष्ट्रीय भागीदारों ने भी अदाणी समूह के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। श्रीलंका बंदरगाह प्राधिकरण ने अदाणी समूह के साथ अपनी साझेदारी में भरोसा जताया है जिसने उनके देश के बंदरगाह बुनियादी ढांचे के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।*

*कोलंबो टर्मिनल में एक अरब डॉलर का निवेश : रियोजना श्रीलंका के बंदरगाह क्षेत्र में सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होगा। खबरों के अनुसार, श्रीलंका बंदरगाह प्राधिकरण के चेयरमैन एडमिरल सिरीमेवान रणसिंघे (सेवानिवृत्त) ने कहा कि परियोजना को रद्द करने के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। यह परियोजना अगले कुछ महीनों में चालू हो जाएगी।*

### सभी अनुबंधों का तंजानिया करेगा पालन

तंजानिया सरकार ने भी अदाणी पोर्ट्स के साथ अपने समझौतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की है। उसका मानना है कि मौजूदा परियोजनाओं को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है और सभी अनुबंध पूरी तरह से तंजानिया के कानून का अनुपालन करते हैं।

### तंजानिया के साथ कंटेनर टर्मिनल का समझौता

तंजानिया और अदाणी पोर्ट्स ने मई 2024 में दार एस सलाम बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल-2 को संचालित करने के लिए 30 साल के रियायत समझौते को अंतिम रूप दिया था। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स ने सार्वजनिक क्षेत्र की तंजानिया इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल सर्विसेज में 95 प्रतिशत हिस्सेदारी 9.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में हासिल की है।

### उल्लंघन का नहीं धोखाधड़ी का लगा है आरोप

इससे पहले अदाणी समूह ने कहा था कि उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी पर कथित रिश्वतखोरी के मामले में अमेरिका के विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) के उल्लंघन का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। बल्कि उन पर प्रतिभूति धोखाधड़ी के तहत आरोप लगाया गया है जिसमें मौद्रिक दंड लगाया जा सकता है।

### आईएचसी ने अदाणी एंटरप्राइजेज में हिस्सेदारी बढ़ाई

उसने समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज में एक अरब डॉलर का निवेश किया था। हालांकि बाद में, उसने एजीईएल में अपनी 1.26 प्रतिशत हिस्सेदारी और एटीएल (जिसे अब अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड कहा जाता है) में 1.41 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी थी लेकिन अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर पांच प्रतिशत की थी।

## चांदी की कीमतों में फिर गिरावट 90,000 रुपए के स्तर पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- चांदी में फिर आई 4,900 रुपए की गिरावट
- सोना 100 रुपए घटकर 78,700 रुपए प्रति किग्रा

स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की बिकवाली से बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 4,900 रुपये घटकर 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई, जबकि सोना 100 रुपये घटकर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।

बृहस्पतिवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 400 रुपये घटकर 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। बुधवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत क्रमशः 78,800 रुपये और 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। आभूषण विक्रेताओं और सिक्का विनिर्माताओं की कमजोर मांग के कारण चांदी की कीमत भी 4,900 रुपये घटकर 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इससे पहले, चार नवंबर को चांदी में 4,600 रुपये की गिरावट आई थी। बुधवार को चांदी में एक दिन की सबसे बड़ी तेजी देखी गई थी। इसमें 5,200 रुपये की तेजी आई थी और यह राष्ट्रीय राजधानी में दो सप्ताह के अंतराल के बाद 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई थी।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क योजनाओं के आर्थिक संभावनाओं पर प्रभाव और फेडरल रिजर्व (फेड) की ब्याज दर के परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशों में मजबूत रुख के अनुरूप यहां कारोबारी धारणा कमजोर हुई।

### सोने की गति अल्पकाल में अनिश्चित

त्रिवेदी ने कहा, ''डॉलर सूचकांक की चाल और वैश्विक परिस्थिति से सोने की गति अल्पकाल में अनिश्चित रहेगी।''एशियाई बाजार में कॉमेक्स सोना वायदा 8.20 डॉलर प्रति औंस या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 2,673 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स चांदी वायदा 0.15 प्रतिशत गिरकर 30.51 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## ओएनजीसी ने अशोकनगर में चार अन्य तेल क्षेत्र खोजे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- खनन पट्टे के लिए राज्य सरकार से मंजूरी का अभी भी इंतजार

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी ने पश्चिम बंगाल में अशोकनगर के पास पिछले छह साल में चार और तेल क्षेत्रों की खोज की है लेकिन उनके खनन पट्टे के लिए राज्य सरकार की मंजूरी का अभी भी इंतजार है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने 24 सितंबर, 2018 को ब्लॉक डब्ल्यूबी-ओएनएन-2005/4 में अशोकनगर की पहली खोज को अधिसूचित किया था। पुरी ने कहा कि यह खोज पांच दशकों से अधिक समय से बंगाल तलछटी बेसिन में ओएनजीसी के निरंतर अन्वेषण प्रयासों का परिणाम है। प्रारंभिक अध्ययनों के अनुसार अशोकनगर तेल क्षेत्र में खोजा गया कच्चा तेल एक हल्की किस्म है और यह बॉम्बे हाई तेल और ब्रेंट क्रूड के लगभग समान है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, /"ओएनजीसी ने 10 सितंबर, 2020 को प्रारंभिक विकास योजना (ईडीपी) के तहत अशोकनगर-1 खोज के प्रारंभिक मौद्रीकरण के लिए उत्तर 24 परगना जिले में 5.88 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लिए पेट्रोलियम खनन पट्टा (पीएमएल) के अनुदान के लिए पश्चिम बंगाल सरकार को आवेदन किया था। इसके एक महीने बाद केंद्र सरकार ने भी राज्य सरकार को पीएमएल के अनुदान के लिए सिफारिश की।

### इंतजार के कारण तेल और गैस का उत्पादन प्रभावित

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के तहत राज्य सरकारों को केंद्र सरकार की पूर्व सिफारिश के साथ पेट्रोलियम खनन पट्टा देने का अधिकार है। पुरी ने कहा, /"राज्य सरकार से पीएमएल का इंतजार होने की वजह से विकास योजना लागू नहीं हो सकी जिससे तेल और गैस का उत्पादन प्रभावित हुआ।/"

**सौर संयंत्र लगाने इकोफाई का स्वेलेक्ट एनर्जी से करार...**



**नई दिल्ली।** हरित परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण उपलब्ध कराने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी इकोफाई ने दक्षिण भारत में सौर ऊर्जा की पहुंच को सुलभ बनाने के लिए स्वेलेक्ट सिस्टम्स लि. के साथ समझौता किया है। एवरफोर्स कैपिटल समर्थित इकोफाई ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि वह साझेदारी के तहत स्वेलेक्ट की विनिर्माण और वितरण इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर पहुंच बनाएगी और सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए वित्तीय समाधान प्रदान करेगी। कंपनी ने कहा कि यह साझेदारी रणनीतिक रूप से सरकार की पीएम सूर्य घर पहल के साथ जुड़ी हुई है। इसका उद्देश्य सुलभ ऋण समाधान प्रदान कर छत पर लगने वाले (रूफटॉप) सौर संयंत्र स्थापना में तेजी लाना है।

## सहकारी क्षेत्र में 5.5 करोड़ नौकरियां सृजित करने की क्षमता : रिपोर्ट

- प्रत्यक्ष रूप से 2030 तक स्वरोजगार के अवसर होंगे संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वैश्विक स्तर पर 30 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है

भारत के सहकारी क्षेत्र में 2030 तक प्रत्यक्ष रूप से 5.5 करोड़ नौकरियां और 5.6 करोड़ स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की क्षमता है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। प्रबंधन परामर्श कंपनी प्राइमस पार्टनर्स ने बृहस्पतिवार को सहकारी क्षेत्र पर जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत का सहकारी तंत्र वैश्विक स्तर पर 30 लाख सहकारी समितियों में से करीब 30 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट में कहा गया, '' भारत 2030 तक 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है और ऐसे में सहकारी क्षेत्र आशा तथा क्षमता की किरण बना हुआ है।'' समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र की अपार क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए तैयार है।''

*2030 तक योगदान पांच फीसदी तक होगा : इनका 2030 तक संभावित योगदान तीन से पांच प्रतिशत तक हो सकता है। प्रत्यक्ष तथा स्वरोजगार दोनों की बात करें तो यह 10 प्रतिशत से अधिक हो सकता है।*

## रिलायंस ने वेवटेक हीलियम में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- रिलायंस ने हिस्सेदारी खरीदने 1.2 करोड़ डॉलर किए निवेश

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अमेरिका की हीलियम गैस खोज और उत्पादन कंपनी वेवटेक हीलियम में 1.2 करोड़ डॉलर में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी रिलायंस फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट यूएसए एलएलसी ने 27 नवंबर, 2024 को वेवटेक हीलियम इंक (डब्ल्यूएचआई) के साथ एक शेयर खरीद समझौता किया है और 1.2 करोड़ डॉलर के कुल मूल्य पर डब्ल्यूएचआई की 21 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। डब्ल्यूएचआई को दो जुलाई, 2021 को अमेरिका में शुरू किया गया और 2024 में इसका वाणिज्यिक परिचालन शुरू हुआ। डब्ल्यूएचआई एक अमेरिकी हीलियम गैस अन्वेषण और उत्पादन कंपनी है जो भूमिगत भंडारों से हीलियम गैस का उत्पादन करने के लिए संपत्तियों के अधिग्रहण, अन्वेषण और विकास में लगी हुई है।

### लेनदेन में सरकार से अनुमोदन की जरूरत नही थी

कंपनी ने कहा, "यह अधिग्रहण कम कार्बन समाधानों में अपने अन्वेषण और उत्पादन व्यवसाय का विस्तार करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है।" कंपनी ने कहा कि उपरोक्त लेनदेन के लिए किसी सरकारी या नियामकीय अनुमोदन की आवश्यकता नहीं थी।

**बिजनेस साइट**

## हियरिंग केयर सेंटर ने किया निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन



**रायपुर।** बैरन बाजार छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास स्थित हियरिंग केयर सेंटर द्वारा 28 नवंबर से 1 दिसंबर 2024 तक एक विशेष निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 10:30 बजे से शाम 7 बजे तक (गुरुवार से शनिवार) तथा रविवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इस शिविर में बहरापन के मरीजों को विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा। साथ ही, श्रवण यंत्रों पर भारी छूट दी जा रही है। इसके अलावा कोक्लियर इम्पलांट (परामर्श) और स्वीच थेरेपी पर विशेष मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शिविर में फिलिप्स और रेक्सटन जैसी प्रमुख कंपनियों के हियरिंग ऐड उपलब्ध होंगे, जो बहरापन के मरीजों के लिए एक प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं। हियरिंग केयर सेंटर के इस पहल से छत्तीसगढ़ के दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। हियरिंग केयर सेंटर की शाखाएँ छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड जैसे विभिन्न राज्यों में उपलब्ध हैं।

## रिलायंस के ब्लैक फ्राइडे सेल में घरेलू व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर बंपर छूट

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल की ब्लैक फ्राइडे सेल अब शुरू हो चुकी है, जो साल की सबसे बहुप्रतीक्षित डील्स लेकर आई है। यह सेल 28 नवंबर से लेकर 2 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें ग्राहकों को रिलायंस डिजिटल, माय जियो स्टोर्स और वेबसाइट पर स्मार्टफोन, लैपटॉप, घरेलू उपकरणों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स पर आकर्षक ऑफ़र्स मिलेंगे। इस वर्ष रिलायंस डिजिटल ग्राहकों को आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और वनकार्ड के चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर 10,000 रुपये तक की तत्काल छूट का लाभ दे रहा है। इसके साथ ही बजाज फिनसर्व और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के वित्तीय साझेदारों के माध्यम से 22,500 रुपये तक का कैशबैक भी उपलब्ध है। रिलायंस डिजिटल ने एप्पल उत्पादों पर भी खास ऑफ़र्स दिए हैं। ग्राहकों को अब आईफोन 16 मात्र 70,900 रु में मिल सकता है, वहीं आईपेड 70,900 रु से शुरू होकर उपलब्ध हैं। इसके अलावा रिलायंस डिजिटल पर एप्पल वॉच 1371 रु प्रतिमाह की आसान ईएमआई पर मिलेगी।




- 2 दिसंबर तक ग्राहकों को मिलेगा शानदार डिस्काउंट्स

**पांच से दस फीसदी तक की छूट :** इसके अलावा रिलायंस डिजिटल ने छोटे और घरेलू उपकरणों पर भी 'अधिक खरीदें, अधिक बचाएं' ऑफ़र पेश किया है। इस ऑफ़र के तहत एक खरीदने पर 5% की छूट, दो खरीदने पर 10% की छूट और तीन या अधिक उत्पादों पर 15% तक की छूट मिलेगी, साथ ही अनलिमिटेड बचत का मौका भी मिलेगा।

## क्यू5 स्पोर्टबैक जनवरी से यूरोप में बिक्री के लिए होगी उपलब्ध

# भारत आने वाली है ऑडी क्यू5 मिडसाइज एसयूवी, अब स्पोर्टबैक वर्जन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑडी इंडिया अगले साल (2025 में) तीसरे जेन की क्यू5 मिडसाइज एसयूवी लांच करने वाली है। इस साल की शुरुआत में सामने आया यह नया मॉडल अब स्पोर्टबैक वर्जन में भी उपलब्ध है, जिसमें स्टैंडर्ड क्यू5 की तुलना में स्पोर्टियर डिजाइन और रिवाइज्ड स्पेसिफिकेशन हैं।

क्यू5 स्पोर्टबैक जनवरी से यूरोप में सेल्स के लिए उपलब्ध होगी, जिसकी पहली डिलीवरी मई 2025 में होगी। क्यू5 स्पोर्टबैक में एसयूवी की खासियतों के साथ कूपे की अट्रेक्टिव सिलआउट भी है। सेकेंड जेन के मॉडल में 515 लीटर या एसक्यू5 स्पोर्टबैक में 470 लीटर तक का सामान रखने की कैपेसिटी है।

- वाहन की टोइंग कैपेसिटी 2,400 किलोग्राम तक है

### पर्याप्त स्टोरेज स्पेस

जब सीटों की सेकेंड रो को नीचे मोड़ा जाता है, तो स्टोरेज स्पेस 1,415 लीटर या 1,388 लीटर तक बढ़ जाता है। इसकी टोइंग कैपेसिटी 2,400 किलोग्राम तक है। क्यू5 स्पोर्टबैक में ऑडी का नया 48-वोल्ट एमएचईवी प्लस इलेक्ट्रिकल सिस्टम है, जो आईसीई को सपोर्ट करता है और कार्बन उत्सर्जन को कम करता है। नया पावरट्रेन जनरेटर (पीटीजी) 230एनएम और 24बीएचपी तक का एक्स्ट्रा टॉर्क जनरेट करता है।



### तीन इंजनों के साथ होगी उपलब्ध

ऑडी क्यू5 स्पोर्टबैक बाजार में लांच होने पर 3 इंजनों के साथ उपलब्ध होगी, जिसके बाद आगे ड्राइव वैरिएंट भी आएंगे। सभी वर्जन एमएचईवी प्लस टेक्नोलॉजी से लैस हैं, जो थोड़े समय के लिए 24बीएचपी तक की पावर जनरेट करता है। सीरीज के सभी मॉडल एस ट्रॉनिक 7-स्पीड डुअल-क्लच ट्रांसमिशन और क्वाट्रो ऑल-व्हील ड्राइव का भी यूज करते हैं।

### रेट लाइट पर भी एसी करेगा काम

इसके अलावा, 48-वोल्ट इलेक्ट्रिकल सिस्टम इलेक्ट्रिक एयर कंडीशनिंग कंप्रेसर के उपयोग को कैपेबिल बनाता है। यह सुनिश्चित करता है कि इंजन बंद होने पर भी कोस्टिंग करते समय या रेड लाइट पर एसी काम करना जारी रखे। लिथियम-आयन बैटरी में 1.7केडब्ल्यूएच की स्टोरेज कैपेसिटी है। बेल्ट अल्टरनेटर स्टार्टर का प्राइमरी फंक्शन इंजन को चालू करना और बैटरी को इलेक्ट्रिकली पावर देना है।

### आईसीसी बोर्ड की बैठक आज

# चैंपियंस ट्रॉफी : 'हाइब्रिड' मॉडल पर होगी चर्चा, पीसीबी को स्वीकार नहीं

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की शक्तिशाली बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यक्रम को लेकर मुख्य चर्चा होगी। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है और भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी को बता दिया है वह टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। पाकिस्तान दूसरी तरफ टूर्नामेंट को 'हाइब्रिड' मॉडल के तहत आयोजित नहीं करने पर अड़ा हुआ है।

आईसीसी बोर्ड की बैठक वर्चुअल तरीके से होगी और इसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर कोई हल निकलने की संभावना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, 'इस समय 'हाइब्रिड' मॉडल सबसे अच्छा विकल्प है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में शामिल सभी पक्ष टूर्नामेंट के हित में समझदारी भरा फैसला लेंगे। भारत और पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट का आयोजन करना अच्छा नहीं है।'



### 2008 से पाक नहीं गया भारत

भारत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है, जिसमें 150 से ज्यादा लोग मारे गए थे। आईसीसी ने भी कई बार कहा है कि वह वह किसी भी सदस्य बोर्ड से सरकार की सलाह के विरुद्ध जाने की अपेक्षा नहीं करता है। पाकिस्तान की स्थिति देश में जारी मौजूदा राजनीतिक विरोध से और कमजोर हुई है।

### बड़े पैमाने पर होगा वित्तीय नुकसान

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा। टूर्नामेंट के मुख्य प्रसारक 'जियो स्टार' ने पहले ही आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों से संपर्क कर कार्यक्रम के बारे में अंतिम निर्णय पर पहुंचने में हो रही देरी पर अपनी निराशा व्यक्त की है। आईसीसी और प्रसारणकर्ता के बीच हुए अनुबंध के अनुसार संचालन संस्था से अपेक्षा की गई थी कि वह टूर्नामेंट का कार्यक्रम कम से कम 90 दिन पहले दे, लेकिन यह समय सीमा पहले ही पार कर ली गई है।

### पीसीबी मेजबानी पर अड़ा

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सूचित किया कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' स्वीकार नहीं करेगा। पीसीबी ने साथ ही विश्व संचालन संस्था से शुक्रवार को होने वाली बोर्ड बैठक में विकल्प पर चर्चा नहीं करने के लिए कहा है। भारत के पाकिस्तान में टूर्नामेंट में खेलने के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया है जिसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम संबंधित उलझन सुलझान के लिए आईसीसी ने कार्यकारी सदस्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई है।

# महिला प्रीमियर लीग : 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी छोटी नीलामी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला प्रीमियर लीग 2025 सीजन की छोटी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। टीम बनाने के लिए पांचों फ्रैंचाइज़ी के पास इस साल 15 करोड़ का बजट होगा, जो पिछले साल 13.5 करोड़ था। छोटी नीलामी में इंग्लैंड की कप्तान हेदर नाइट, न्यूज़ीलैंड की तेज़ गेंदबाज़ लिया ताहुहु, वेस्टइंडीज़ की ऑलराउंडर ड्रिएंड्रा डॉटिन कुछ बड़े अंतर्राष्ट्रीय नामों में से एक होंगे। वहीं भारतीयों में स्नेह राणा, लेग स्पिनर पूनम यादव और बल्लेबाज़ वेदा कृष्णमूर्ति होंगी। 2023 और 2024 सीज़न की रनरअप दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी मेग लैनिंग के पास है और इनके पास सबसे छोटा 2.5 करोड़ का बजट है। वहीं पिछले दो सीज़न में सबसे नीचे रहने वाली गुजरात जायंट्स के पास सबसे अधिक 4.4 करोड़ का पर्स है। उन्होंने अपनी टीम से सात खिलाड़ी बाहर किए हैं और वे नई टीम बनाने को देख रहे हैं। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास भारत की उप्तान स्मृति मांधना और न्यूज़ीलैंड की T20 विश्व कप विजेता कप्तान सोफ़ी डिवाइन हैं, उन्होंने भी सात खिलाड़ी रिलीज किए हैं।



# लिवरपूल की लगातार 5वीं जीत, रियल मैड्रिड को हराया

लिवरपूल। एलेक्सिस मैक एलिस्टर और कोडी गाकपो के गोल के दम पर लिवरपूल ने यूएफ चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। लिवरपूल की इस जीत में गोलकीपर कोइमहिन केलहर और रक्षापंक्ति के युवा खिलाड़ी कोनोर ब्रैडली ने भी प्रभावी योगदान दिया। इस हार के बाद मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में दो जीत से छह अंक के साथ 25वें पायदान पर है। टीम की यह पांच मैचों में तीसरी हार है।



केलहर ने मैच के 61वें मिनट में रियल मैड्रिड के दिग्गज किलीयन एमबापे की पेनल्टी कीक का शानदार बचाव किया जबकि 21 साल के ब्रैडली ने मैच के दूसरे हाफ में फ्रांस के इस खिलाड़ी को गोल करने के मौका बनाने से दूर रखा। ब्रैडली का एमबाप्पे को शानदार तरीके से किया गया टैकल करना सोशन मीडिया पर वायरल हो गया। मैड्रिड की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 15 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पायदान पर है।

**IndusInd Bank**

**VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE**

Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:

| Sl.No. | Branch | Contract No. | Customer Name | Registraion No. | Yard |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RAIPUR | AA2C45475 | D ANUP DUTTA | CG04PH2852 | SHRI BALAJI PARKING YARD, KANKER |
| 2 | BILASPUR | AA3C22042 | M MO NAUSHAD | CG10AK1418 | RAM PRASAD PASWAN, KORBA |
| 3 | BILASPUR | AA5C02451 | L RAJKUMAR THOURANI | CG10AT7748 | LANJEWAR BROTHERS PARKING YARD, BILASPUR |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.)

**Call: 0771-4255804, Last Date : 05th December, 2024.**

The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.

-Authorized Officer

**Date : 29th October, 2024, Raipur** www.indusind.com

"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"




HDFC BANK

# एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

**शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240**

**CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com**

**मांग–सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री तिवारी चंदू,** यूनिट–फ्रंट–9, फ्रंट–10, फ्रंट–11, बैक–यूटिलिटी–3, भूतल, साम्राज्य रेजीडेंसी कमर्शियल, क्रमांक. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4 प.ह.नं. 108/39 ; ग्राम–फाफाडीह, रायपुर –छत्तीसगढ़, पिन – 492008.<br>**श्री तिवारी चंदू,** सेक्टर 1, साहू आटा चौकी के बाजू, गैस गोदाम के पास, शिवानंद नगर, खमतराई रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492008 – भारत।<br>**श्रीमती तिवारी शशिकला,** यूनिट–फ्रंट–9, फ्रंट–10, फ्रंट–11, बैक–यूटिलिटी–3, भूतल, साम्राज्य रेजीडेंसी कमर्शियल, क्रमांक. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4 प.ह.नं. 108/39 ; ग्राम–फाफाडीह, रायपुर –छत्तीसगढ़, पिन – 492008.<br>**श्रीमती तिवारी शशिकला,** सेक्टर 1, साहू आटा चौकी के बाजू, गैस गोदाम के पास, शिवानंद नगर, खमतराई रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492008 – भारत।<br>**मेसर्स चंदू तिवारी,** प्रोपराइटर **श्री चंदू तिवारी** के माध्यम से, सत्यम बिला के बाजू में, नया साहू आटा चक्की के बाजू में, पुराना गैस गोदाम के पीछे, सेक्टर – 1, शिवानंद नगर, खमतराई, रायपुर छत्तीसगढ़, – पिन – 492008 – भारत। | ₹60,49,508/- as on 31-Aug-2024* | 11-OCT-2024 | यूनिट–फ्रंट–9, फ्रंट–10, फ्रंट–11, बैक–यूटिलिटी–3, भूतल, भूतल, भूतल, भूतल,साम्राज्य रेजीडेंसी कमर्शियल, क्रमांक. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4 प.ह.नं. 108/39 ; ग्राम–फाफाडीह, रायपुर – छ.ग.। |
| 2. | **श्री तिवारी चंदू,** फ्लैट–A-101, फ्लोर–1, साम्राज्य रेसीडेंसी, इंद्रप्रस्थ ए, स.क्रमांक. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4, प.ह.नं. 108/39; ग्राम–फाफाडीह, रायपुर छ.ग.– 492008.<br>**श्री तिवारी चंदू,** सेक्टर 1, साहू आटा चौकी के बाजू, गैस गोदाम के पास, शिवानंद नगर, खमतराई रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492008– भारत।<br>**श्रीमती तिवारी शशिकला,**फ्लैट–A-101, फ्लोर–1, साम्राज्य रेसीडेंसी, इंद्रप्रस्थ ए, स.क्रमांक. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4, प.ह.नं. 108/39; ग्राम– फाफाडीह, रायपुर छ.ग.– 492008.<br>**श्रीमती तिवारी शशिकला,** सेक्टर 1, साहू आटा चौकी के बाजू, गैस गोदाम के पास, शिवानंद नगर, खमतराई रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492008– भारत।<br>**मेसर्स चंदू तिवारी,** प्रोपराइटर **श्री चंदू तिवारी** के माध्यम से, सत्यम बिला के बाजू में, नया साहू आटा चक्की के बाजू में, पुराना गैस गोदाम के पीछे, सेक्टर – 1, शिवानंद नगर, खमतराई, रायपुर छत्तीसगढ़ –पिन–492008 – भारत। | ₹27,17,887/- as on 31-Aug-2024* | 11-OCT-2024 | फ्लैट–A-101, फ्लोर–1, साम्राज्य रेसी. इंद्रप्रस्थ A, क्रमांक. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4, प.ह.नं. 108/39; ग्राम–फाफाडीह, रायपुर छ.ग.– 492008. |
| 3. | **श्री तिवारी चंदू,** यूनिट–फ्रंट–कमर्शियल–ऑफिस–9, फ्लोर–1, साम्राज्य रेजीडेंसी कमर्शियल, क्र.सं. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4, प.ह.नं. 108/39; ग्राम– फाफाडीह, रायपुर छ.ग.।<br>**श्री तिवारी चंदू,** सेक्टर 1, साहू आटा चौकी के बाजू, गैस गोदाम के पास, शिवानंद नगर, खमतराई रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492008 – भारत।<br>**श्रीमती तिवारी शशिकला,** यूनिट–फ्रंट–कमर्शियल–ऑफिस–9, फ्लोर–1, साम्राज्य रेजीडेंसी कमर्शियल, क्र.सं. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4, प.ह.नं. 108/39; ग्राम– फाफाडीह, रायपुर छ.ग.ष<br>**श्रीमती तिवारी शशिकला,**सेक्टर 1, साहू आटा चौकी के बाजू, गैस गोदाम के पास, शिवानंद नगर, खमतराई रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492008 – भारत।<br>**एमएस। चंदू तिवारी,** प्रोपराइटर **श्री चंदू तिवारी** के माध्यम से, सत्यम बिला के बाजू में नया, साहू आटा चक्की के बाजू में, पुराना गैस गोदाम के पीछे, सेक्टर – 1, शिवानंद नगर, खमतराई, रायपुर छत्तीसगढ़, – पिन – 492008– भारत। | ₹ 7,41,249/- as on 31-Aug-2024* | 11-OCT-2024 | यूनिट फ्रंट–कमर्शियल–ऑफिस–9, फ्लोर–1, साम्राज्य रेजीडेंसी कमर्शियल, क्रमांक. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4, प.ह.नं. 108/39; ग्राम– फाफाडीह, रायपुर छ.ग.। |
| 4. | **श्रीमती सिंह सीमा,** फ्लैट–307–ब्लॉक–2, फ़्लोर–2, ग्रीन अर्थ ट्यूलिप ब्लॉक 1 से 7, क्र.सं. भाग {(217, 218, 226-235, 242-250 ग्राम–अमलेश्वर में) एवं (1496, 1503, 1504, 1516, 1517–सांकरा में}, तहसील पाटन ; जिला दुर्ग, दुर्ग–491001.<br>**श्रीमती सिंह सीमा,** A-201, जयपाल टावर्स, अग्रसेन चौक, मगरपारा रोड, बिलासपुर – 495000.<br>**श्रीमती सिंह सीमा,** एबिस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा आई.बी ग्रुप, इंदामार, डीपीएस स्कूल के पीछे, राजनांदगांव – 491441. | ₹ 9,56,391/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | फ्लैट–307, "ट्यूलिप" ब्लॉक नं. 02, द्वितीय तल, क्षेत्रफल 802.44 वर्गफीट, स्थित अमलेश्वर/ सांकरा, "ग्रीन अर्थ सिटी", प.ह.नं. वार्ड–45, रानी दुर्गावती, तहसील एवं जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी–उत्तर–फुटपाथ, दक्षिण–306, पूर्व–308, पश्चिम–ट्यूलिप 3-302. |
| 5. | **श्रीमती सिंह सीमा,** फ्लैट–306–ब्लॉक–2, फ़्लोर–2, ग्रीन अर्थ ट्यूलिप ब्लॉक 1 से 7, क्र.सं. भाग {(217, 218, 226-235, 242-250 ग्राम–अमलेश्वर में) एवं (1496, 1503, 1504, 1516, 1517–सांकरा में}, तहसील पाटन ; जिला दुर्ग, दुर्ग–491001.<br>**श्रीमती सिंह सीमा,** A-201, जयपाल टावर्स, अग्रसेन चौक, मगरपारा रोड, बिलासपुर – 495000.<br>**श्रीमती सिंह सीमा,** एबिस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा आई.बी ग्रुप, इंदामार, डीपीएस स्कूल के पीछे, राजनांदगांव – 491441. | ₹ 9,59,929/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | फ्लैट–306, "ट्यूलिप" ब्लॉक नं. 02, द्वितीय तल, क्षेत्रफल 802.44 वर्गफीट, स्थित अमलेश्वर/ सांकरा, "ग्रीन अर्थ सिटी", प.ह.नं. वार्ड–45, रानी दुर्गावती, तहसील एवं जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी–उत्तर–307, दक्षिण–फुटपाथ, पूर्व–308, पश्चिम–ट्यूलिप 3-302. |
| 6. | **श्री बाबू बी रमना,** खसरा नंबर 1069/10, पुराना नंबर 1069 (भाग), प.ह.नंबर 22/37, प्लॉट नंबर 66/4, स.क्रमांक, शीट नंबर 13, मौजा तोरवा, वार्ड नं. पुराना नंबर 39, गणेश नगर, चुचुहिया पारा, बिलासपुर–छ.ग.–495001.<br>**श्री बाबू बी रमना पिता बी गणेश,** 3, अन्नपूर्णा कॉलोनी, गणेश नगर 3, बिलासपुर, बिलासपुर–छ.ग. – 495004.<br>**श्री बाबू बी रमना,** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मेगर सिग्नल सिरगिट्टी, तारबहार फाटक, बिलासपुर, बिलासपुर–छ.ग. – 495004.<br>**श्रीमती बी मंगा देवी पिता बी गणेश,** 3, अन्नपूर्णा कॉलोनी, गणेश नगर 3, बिलासपुर, बिलासपुर–छ.ग. – 495004.<br>**श्रीमती बी मंगा देवी,** खसरा नंबर 1069/10, पुराना नंबर 1069 (भाग), फोन नंबर 22/37, प्लॉट नंबर 66/4, क्रमांक, शीट नंबर 13, मौजा तोरवा, वार्ड नं., पुराना नं. 39, गणेश नगर, चुचुहिया पारा, बिलासपुर–छ.ग.–495001. | ₹19,72,179/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | परिवर्तित प्लॉट नंबर 66/4, माप 1197 वर्गफुट। खसरा नंबर 1069/10, पुराना खसरा 1069 (भाग), शीट नंबर 13, स्थित– तोरवा, प.ह.नं.–37,, आरआईसी–बिलासपुर, तह. एवं जिला. बिलासपुर छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी–उत्तर–फैजल हुसैन का घर, दक्षिण– हाउस ऑफ एम.जी. मूर्ति, पूर्व – देबू कुमार पाल की भूमि, पश्चिम – सड़क। |
| 7. | **रोहरा विकास जी.** फ्लैट–ए–403, फ़्लोर–4, रॉयल ऑर्किड ब्लॉक A, स. क्रमांक, खसरा नं. 932/1, 933, 934, प.ह.नं. 21/25, ग्राम–मंगला, बिलासपुर–छ.ग.–495001.<br>**श्री रोहरा विकास,** 403, चौथी मंजिल, रॉयल ऑर्किड, 27 खोली, बिलासपुर, बिलासपुर–छ.ग.–495001.<br>**श्री रोहरा विकास,** रोशनी मोबाइल, दुकान नंबर Eg 17, राजीव प्लाजा, बिलासपुर–छ.ग. – 495001.<br>**श्रीमती रोहरा सरिता,** 403, चौथी मंजिल, रॉयल ऑर्किड, 27 खोली, बिलासपुर, बिलासपुर–छ.ग.–495001.<br>**श्रीमती रोहरा सरिता,** फ्लैट–ए–403, फ़्लोर–4, रॉयल ऑर्किड ब्लॉक A, स. क्रमांक, खसरा नं. 932/1, 933, 934, प.ह.नं. 21/25, ग्राम–मंगला, बिलासपुर–छ.ग.–495001. | ₹25,27,928/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | फ्लैट–A-403, चौथी मंजिल, क्षेत्रफल– 950 वर्गफुट खसरा क्रमांक – 932/1, 933, 934 स्टार क्रमांक –31/18 भुखंड कर्मांक –40, 41, 202, स्थित –मंगला 'रॉयल ऑर्किड' फ़ोन नंबर – 35, आरआईसी बिलापसुर, विकासखंड और तहसील– बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी – उत्तर– फ्लैट–A -404, दक्षिण–खुला आकाश, पूर्व – खुला आकाश, पश्चिम – लॉबी, गेट। |
| 8. | **श्री गांधी अजय,** फ्लैट–A-107, फ्लोर–1, अविनाश वुड्स ब्लॉक A, क्रमांक, खसरा नंबर 26/7-8; मौजा–कंगोली, तह.–जगदलपुर; जिला–बस्तर, बस्तर–494001.<br>**श्री गांधी अजय,** दामोदर पेट्रोल पंप के पीछे, रमैया वार्ड, जगदलपुर, छत्तीसगढ़, जगदलपुर – 494001.<br>**श्री गांधी अजय,** मेसर्स अजय किड्स वियर, प्रताप गंज पारा, जगदलपुर – 494001.<br>**श्रीमती गांधी दीप्ति,** दामोदर पेट्रोल पंप के पीछे, रमैया वार्ड, जगदलपुर, छत्तीसगढ़, जगदलपुर – 494001.<br>**श्रीमती गांधी दीप्ति,** फ्लैट–A-107, फ्लोर–1, अविनाश वुड्स ब्लॉक A, क्रमांक, खसरा नंबर 26/7-8; मौजा–कंगोली, तह.–जगदलपुर; जिला–बस्तर, बस्तर–494001. | ₹23,27,965/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | फ्लैट–107, ब्लॉक ए, माप–915 वर्गफुट। सूबा, खसरा नं. 26/7-8, स्थित–ग्राम कांगोली 'अविनाश वुड्स' फोन नंबर–03 वार्ड–नंबर–36 गुरुगोविंद सिंह वार्ड, आरआईसी–जगदलपुर–1, तह. जगदलपुर और जिला बस्तर, छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी – उत्तर – फ्लैट–A-106, दक्षिण – फ्लैट A-108, पूर्व – हवा के लिए खुली जगह, पश्चिम – रोड. |
| 9. | **श्री श्रीवास्तव योगेश,** मकान 101/18, 102/20(भाग), खसरा 101/18, 102/20(भाग), प.ह.नं. 107/23, मौजा कोटा, वार्ड क्रमांक 2, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, रायपुर– 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव योगेश,** शहनाई पैलेस के पीछे, भवानी नगर, कोटा गुढ़ियारी, रायपुर – 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव योगेश,** अविनाश डेव्लपर्स प्राइवेट लिमिटेड, अविनाश हाउस, मारुति बिजनेस पार्क, नेशनल गैराज के सामने, जी ई रोड, रायपुर – 492001।<br>**श्रीमती श्रीवास्तव गायत्री,** शहनाई पैलेस के पीछे, भवानी नगर, कोटा गुढ़ियारी, रायपुर – 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव प्रशांत,** शहनाई पैलेस के पीछे, भवानी नगर, कोटा गुढ़ियारी, रायपुर – 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव अमित,** शहनाई पैलेस के पीछे, भवानी नगर, कोटा गुढ़ियारी, रायपुर – 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव अंकित कुमार,** मकान नंबर 2, शहनाई पैलेस के पीछे, कोटा, रायपुर – 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव प्रशांत,** आरडीएनए एंड कंपनी एलआईपी, 205, प्रथम तल, समता कॉलोनी, रायपुर– 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव अमित,** अक्स इन्वेस्टमेंट्स, 525, 526, 5वीं मंजिल, रवि भवन, जयस्तंभ चौक, रायपुर–492001.<br>**श्री श्रीवास्तव अंकित कुमार,** एन.आर. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड, 10, सोना टावर, सामने। देशबंधु प्रेस कॉम्पलेक्स, समता कॉलोनी, रायपुर–492001।<br>**श्रीमती श्रीवास्तव गायत्री,** मकान 101/18, 102/20(भाग), खसरा 101/18, 102/20(भाग), प.ह.नं. 107/23, मौजा कोटा, वार्ड क्रमांक 2, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, रायपुर– 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव अंकित कुमार,** मकान 101/18, 102/20(भाग), खसरा 101/18, 102/20(भाग), प.ह.नं. 107/23, मौजा कोटा, वार्ड क्रमांक 2, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, रायपुर– 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव प्रशांत,** मकान 101/18, 102/20(भाग), खसरा 101/18, 102/20(भाग), प.ह.नं. 107/23, मौजा कोटा, वार्ड क्रमांक 2, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, रायपुर– 492001.<br>**श्री श्रीवास्तव अमित,** मकान 101/18, 102/20(भाग), खसरा 101/18, 102/20(भाग), प.ह.नं. 107/23, मौजा कोटा, वार्ड क्रमांक 2, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, रायपुर– 492001. | ₹46,61,306/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | परिवर्तित भूमि और उस पर निर्मित समस्त भूभाग, क्षेत्रफल–2050 वर्गफुट। खसरा नंबर–101/18, 102/20, 101/1 और 113/51 उत्परिवर्तित खसरा नया – 101/20 स्थित–मौजा–कोटा, वार्ड–नंबर–02, रामकृष्ण परम हंस नगर, प.ह.. 37/51, आरआईसी –रायपुर–1, रायपुर छ.ग. चौहद्दी–उत्तर – सड़क, दक्षिण – गुप्ता की भूमि, पूर्व – राय का घर, पश्चिम – अनीता कन्नौजिया की भूमि। |
| 10. | **श्री राठौड़ उपेन्द्र कुमार,** यूनिट–J-30-द्वितीय तल, दीन दयाल आवास योजना (एलआईजी फ्लैट्स), हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रामपुर, कोबरा–Kobra-495677.<br>**श्री राठौड़ उपेन्द्र कुमार,** जी 5, पोली टेकिक, बाल्को, वार्ड 34, कोरबा – 495684.<br>**श्री राठौड़ उपेन्द्र कुमार,** मेसर्स उपेन्द्र कुमार राठौर, H.N. 6, झा उड़िया मोहल्ला, बल्लो, कोरबा – 495677.<br>**श्रीमती राठौड़ जय लक्ष्मी,** G 5, पोली टेकिक, बालको, वार्ड 34, कोरबा – 495684.<br>**श्रीमती राठौड़ जय लक्ष्मी,** यूनिट–J-30-द्वितीय तल, दीन दयाल आवास योजना (एलआईजी फ्लैट्स), हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रामपुर, कोरबा–495677. | ₹ 5,93,656/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | फ्लैट–LIG-30/J (एस.एफ.) ब्लॉक जे, क्षेत्रफल– 477 वर्गफुट। सुपरबिल्टअप, ख. नं. 830 और 831 पुराना खसरा–203/02 गांव में स्थित है। रामपुर 1 तह. और जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी–उत्तर – सड़क, दक्षिण – LIG-30-I, पूर्व –LIG 30-I, पश्चिम –LIG-31-I. |
| 11. | **श्री गर्ग सुरेंद्र कुमार,** प्लॉट नंबर EWS-308, मकान नंबर EWS-308, कॉलोनी महाराणा प्रताप नगर, खसरा नंबर 235/1(भाग), प.ह.नं. 9/16, मौजा कोरबा, वार्ड क्रमांक 24, कोरबा– 495677.<br>**श्री गर्ग सुरेंद्र कुमार,** LIG 51, एमपी नगर, कोरबा एमकॉर्प, कोरबा–495677.<br>**श्री गर्ग सुरेंद्र कुमार,** मै. सुरेंद्र कुमार गर्ग, प्लॉट नंबर HIG 55, पं. रविशंकर शुक्ला नगर, कोरबा – 495677.<br>**श्रीमती गर्ग कविता,** LIG 51, एमपी नगर, कोरबा एमकॉर्प, कोरबा–495677.<br>**श्रीमती गर्ग कविता,** प्लॉट नं.–495677. | ₹23,77,059/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | डायवर्टेड प्लॉट एवं उस पर निर्मित समस्त भूभाग, 308 EWS क्षेत्रफल– 40.50 वर्ग मीटर, GF. 17.46 + 6.40 वर्ग मीटर। (GI शीट छत) खसरा क्रमांक–भाग– 235/1, कोरबा स्थित, हुडको योजना महाराणा प्रताप नगर फोन– 16, वार्ड 24. और जिला कोरबा छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी–उत्तर–पेविंग रोड गली, दक्षिण – EWS 309, पूर्व–पेविंग रोड गली, पश्चिम –120 मीटर चौड़ी रोड। |
| 12. | **श्री सिराज शाह मुस्तफा,** हाउस ख. क्रमांक 202/433, खसरा 202/433, प.ह.नं. 61, जिला रायपुर, कॉलोनी मठपुरेना, ग्राम गोकुल नगर, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, रायपुर– 492001.<br>**श्री सिराज शाह मुस्तफा,** मुकेश किराना स्टोर्स के पास, बजरंग नगर, हांडीपारा, रायपुर – 492001.<br>**श्री सिराज शाह मुस्तफा,** मेसर्स स्माइल किड्स वियर, अग्रसेन चौक, समता कॉलोनी, रायपुर – 492001.<br>**श्रीमती खान रुखसार,** मुकेश किराना स्टोर्स के पास, बजरंग नगर, हांडीपारा, रायपुर – 492001.<br>**श्रीमती खान रुखसार,** मेसर्स स्माइल किड्स वियर, अग्रसेन चौक, समता कॉलोनी, रायपुर – 492001.<br>**श्रीमती खान रुखसार,** हाउस ख. क्रमांक 202/433, खसरा 202/433, प.ह.नं. 61, जिला रायपुर, कॉलोनी मठपुरेना, ग्राम गोकुल नगर, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, रायपुर– 492001. | ₹26,68,217/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | डायवर्टेड प्लॉट, क्षेत्रफल 800 वर्गफीट। खसरा क्रमांक–202/433 निर्माण–GF-476 वर्गफीट। स्थित– मठपुरेना, प.ह.न नंबर–105/61, आरआईजी–रायपुर–1, वार्ड नंबर–52, गोकुल नगर, चन्द्रशेखर आज़ाद वार्ड, तह. और जिला–बिलासपुर छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी–उत्तर–सड़क, दक्षिण–सहानावाज़ खान हाउस, पूर्व–रोड, वेस्ट–साहू जी का मकान। |
| 13. | **श्री मिंज नीरज,** इकाई क्रमांक–122, श्रीकुंज, स. क्रमांक, खसरा क्रमांक 9/3, 9/5, 13/14, 14/2,14/3, 14/7, 15/5, 16/5, 17/5, 18/5, प.ह.नं. 13, ग्राम–बोईरदादर, रायगढ़–छ.ग.–496001.<br>**श्री मिंज नीरज,** 11वीं बैट, भा/रा चा सीजी फोर्स, डी समवाय कैंप, अमलीडीह,एल्मिडी, बीजापुर एस.ओ. – 494447.<br>**श्री मिंज नीरज,** छत्तीसगढ़ शासन, कार्यालय. कंपनी कॉम 11वीं बैट, भा/रा सीजी फोर्स, डी समवाय कैंप, इमलीडी, बीजापुर एस.ओ. – 494444.<br>**श्रीमती मिंज पॉलिना,** मकान 36/6, वार्ड 12 उर्दना, उर्दना कैम्प, उर्दना कैम्प – रायगढ़–छ.ग. – 496001.<br>**श्रीमती मिंज पॉलिना,** इकाई क्रमांक–122, श्रीकुंज, स. क्रमांक, खसरा क्रमांक 9/3, 9/5, 13/14, 14/2,14/3, 14/7, 15/5, 16/5, 17/5, 18/5, प.ह.नं. 13, ग्राम–बोईरदादर, रायगढ़–छ.ग.–496001. | ₹18,51,489/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | डायवर्टेड प्लॉट नंबर–122, क्षेत्रफल–1000 वर्गफीट। खसरा नंबर 9/3/1, 9/5 13/14 14/2, 14/3, 14/7, 15, 16,17, 18/5 स्थित– बोरीदादर 'श्रीकुंज' फोन नंबर–30 वार्ड– क्रमांक–48 आरआईसी–रायगढ़–1 तहसील और जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी–उत्तर – प्लॉट–121, दक्षिण – प्लॉट 123, पूर्व – प्लॉट –128, पश्चिम – 25 फीट चौड़ी सड़क। |
| 14. | **श्री साहनी उपेन्द्र,** खसरा नं. 4258/5, प.ह.नं. 14/19, मौजा कोहका, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, मकान नं., पुरानी बस्ती, वार्ड नं.7, रा.नि.मं. दुर्ग, दुर्ग–491001.<br>**श्री साहनी उपेन्द्र,** 5/5 वार्ड–2, नेहरू नगर (पूर्व), मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई दुर्ग, भिलाई– 493441.<br>**श्री साहनी उपेन्द्र,** मेसर्स. ओम साई ग्लास आर्ट्स, अयप्पा नगर, जुनवानी रोड, भिलाई– 493441.<br>**श्रीमती देवी सविता,** 5/5 वार्ड–2, नेहरू नगर (पूर्व), मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई दुर्ग, भिलाई– 493441.<br>**श्रीमती देवी सविता,**मेसर्स ओम साई ग्लास आर्ट्स, अयप्पा नगर, जुनवानी रोड, भिलाई– 493441.<br>**श्री साहनी रवि,** 55 एचआईएसडीपी, आवास, वार्ड क्रमांक 02, नेहरू नगर पूर्व, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई – 490020.<br>**श्रीमती देवी सविता,** खसरा नं. 4258/5, प.ह.नं. 14/19, मौजा कोहका, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, मकान नं., पुरानी बस्ती, वार्ड नं.7, रा.नि.मं. दुर्ग, दुर्ग–491001.<br>**श्री साहनी रवि,** खसरा नं. 4258/5, प.ह.नं. 14/19, मौजा कोहका, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, मकान नं., पुरानी बस्ती, वार्ड नं.7, रा.नि.मं. दुर्ग, दुर्ग–491001. | ₹64,18,096/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | परिवर्तित भूखंड एवं उसपर निर्मित समस्त भूभाग, क्षेत्रफल 3400 वर्गफुट, ख.नं.–4258/5, स्थित–कोहका–प.ह.नं.–14/19, वार्ड 7, आरआईसी– दुर्ग 01–NPN–भिलाई, तह. एवं जिला – दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी – उत्तर – 15 फीट सड़क, दक्षिण – 10 फीट गली, पूर्व – रेवाराम की भूमि, पश्चिम – 10 फीट की गली। |
| 15. | **श्री पाटिल तुषार,** प्लॉट खसरा नंबर 327/20, मकान, खसरा नंबर 327/20, कॉलोनी ममता नगर, खसरा नंबर 327/20, वार्ड नंबर 11, राजनांदगांव–491441.<br>**श्री पाटिल तुषार,** गली नंबर 03, ममता नगर, वार्ड 17, गुलमोहर कॉलोनी, राजनांदगांव – 491441.<br>**श्री पाटिल तुषार,** पाटिल एसोसिएट, गली नंबर 03, ममता नगर, गुलमोहर कॉलोनी, राजनांदगांव – 491441.<br>**श्री पाटिल पुंडलिक,** गली नंबर 03, ममता नगर, वार्ड 17, गुलमोहर कॉलोनी, राजनांदगांव – 491441.<br>**श्री पाटिल पुंडलिक** प्लॉट खसरा नंबर 327/20, मकान, खसरा नंबर 327/20, कॉलोनी ममता नगर, खसरा नंबर 327/20, वार्ड नंबर 11, राजनांदगांव–491441. | ₹ 34,70,093/- as on 30-Sep-2024* | 05-Nov-2024 | प्लॉट एवं उस पर निर्मित समस्त भूभाग, प्लॉट नंबर– 327/20, क्षेत्रफल 1740 वर्गफुट, खसरा नं. 327/20 (327/13 का भाग) स्थित मोती पुर, प.ह.नं. 46, आरआईसी–राजनांदगांव, एनपीएन–एमजी, तहसील एवं जिला – राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ और चौहद्दी–उत्तर–जीवन का प्लॉट, दक्षिण –सड़क, पूर्व – विक्रेता विश्राम की भूमि, पश्चिम – विक्रेता विश्राम भूमि की बचत भूमि. |
| 16. | **श्रीमती सिंह शिप्रा,** यूनिट–96, शगुन रेजीडेंसी, स. क्रमांक, ख. क्रमांक 1220/2-3,1221 से 1224, 1227, प.ह.नं. 80/1, ग्राम–नरदाहा, तह.–आरंग, रायपुर–492001.<br>**श्रीमती सिंह शिप्रा,**डी 2 बाय 8, लोटस टॉवर, ढेबर सिटी, भाठागांव, रायपुर – 492001.<br>**श्रीमती सिंह शिप्रा,** प्राइवेट स्कूल, ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल, विधानसभा रोड, जीरो पॉइंट, नरदाहा, रायपुर – 492001.<br>**श्री सिंह विजित,** डी 2 बाय 8, लोटस टॉवर, ढेबर सिटी, भाठागांव, रायपुर – 492001.<br>**श्री सिंह विजित,** यूनिट–96, शगुन रेजीडेंसी, स. क्रमांक, ख. क्रमांक 1220/2-3,1221 से 1224, 1227, प.ह.नं. 80/1, ग्राम–नरदाहा, तह.–आरंग, रायपुर–492001.<br>**श्री सिंह विजेता,** गैलेक्सी सिनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, अरोंडा नवा रायपुर, सेक्टर 21,, रायपुर– 492001. | ₹ 7,06,541/- as on 30-Sep-2024* | 29-OCT-2024 | परिवर्तित प्लॉट नंबर–96, क्षेत्रफल 1500 वर्ग फुट। (सुपरबिल्टअप) खसरा क्रमांक – 1220/2 भाग, 1220/3 भाग स्थित – नरधा 'साघुन रेजीडेंसी' फोन N-80/01, आरआईसी– मंदिरहसौद, तह. आरंग, एवं जिला – रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी–उत्तर – प्लॉट 97, दक्षिण – प्लॉट 95, पूर्व – प्लॉट 83 पश्चिम – सड़क। |
| 17. | **श्री पटनायक असीम प्रसाद,** फ्लैट–C-11, फ्लोर–2, सुयोग विहार, ब्लॉक ए, बी, सी, स. क्रमांक, खसरा नंबर 196/4 ; प.ह.नं. 113, ग्राम–तेलीबांधा रायपुर, छत्तीसगढ़–492001.<br>**श्री पटनायक असीम प्रसाद,** A10, वसंत विहार, महावीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001.<br>**श्री पटनायक असीम प्रसाद,** साई राम मैनेजमेंट सॉल्यूशंस, वसंत विहार, महावीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001.<br>**श्रीमती बोहिदार सुजाता,** मेसर्स सुजाता 10, वसंत विहार, महावीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001.<br>**श्रीमती बोहिदार सुजाता,** फ्लैट–C-11, फ्लोर–2, सुयोग विहार, ब्लॉक ए, बी, सी, स. क्रमांक, खसरा नंबर 196/4 ; प.ह.नं. 113, ग्राम–तेलीबांधा रायपुर, छत्तीसगढ़–492001.<br>**श्रीमती बोहिदार सुजाता,** ए–13, वसंत विहार, महावीर नगर, रायपुर छत्तीसगढ़–492001. | ₹20,37,653/- as on 30-Sep-2024* | 05-Nov-2024 | फ्लैट–C-11,ब्लॉक–सी, दूसरी मंजिल जिसका क्षेत्रफल 602.72 वर्गफीट (बिल्टअप एरिया), खसरा नं.–196/4 भाग, स्थित, मौजा– तेलीबांधा 'सुयोग विहार' प.ह.नंबर–00064, आरआईसी–रायपुर, वार्ड–44, गुरु घासीदास वार्ड। तहसील एवं जिला – रायपुर छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी–उत्तर–खुली जगह, दक्षिण– बाउंड्रीवॉल, पूर्व–फ्लैट–नंबर–C-08 , पश्चिम–बाउंड्रीवॉल. |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।

उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, राजनांदगांव, जगदलपुर
दिनांक : 29.11.2024

कृते/प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

पंजीकृत पता– एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई–400020

ASA





# इसमें लिखी हैं प्राचीन काल की कविताएं और राजाओं का इतिहास, जानिए क्या है तालपत्र ग्रंथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्राचीन समय में कविताएं, पुराण और भारत के राजाओं का इतिहास ताड़ के पत्तों पर लिखने की परंपरा थी। रामायण, महाभारत और राजाओं के समय की घटनाएं भी इन्हीं पत्तों पर लिखी जाती थीं। इन ताड़ के पत्तों को तालपत्र ग्रंथ कहा जाता है। इन्हें भारतीय ज्ञान का भंडार माना जाता है, जो उस समय की सभ्यता और संस्कृति का दस्तावेज हैं।

### तालपत्र ग्रंथों की स्थिति और संरक्षण

आज के समय में ऐसे प्राचीन ग्रंथ बहुत कम देखने को मिलते हैं। जो भी कुछ बचे हुए ग्रंथ हैं, उन्हें आंध्र यूनिवर्सिटी, विशाखापट्टनम की डॉ. वीएस कृष्णा लाइब्रेरी में संरक्षित किया गया है। इस लाइब्रेरी की असिस्टेंट हैमावती ने बताया कि इन तालपत्र ग्रंथों को डिजिटल स्वरूप में बदलने की प्रक्रिया जारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां इन ऐतिहासिक दस्तावेजों को देख और समझ सके।



### पुराने समय का कानून और नियम पालन

प्राचीन समय में ताड़ के पत्तों पर लिखे गए नियम और कानूनों का कठोरता से पालन किया जाता था। यदि कोई नियम ताड़ के पत्तों पर दर्ज किया जाता, तो लोगों के लिए उसका पालन अनिवार्य हो जाता था। यह प्राचीन समाज के अनुशासन और नियमबद्ध जीवन को दर्शाता है।

### लाइब्रेरी का ऐतिहासिक महत्व

यह पुस्तकालय 1927 में स्थापित किया गया था। इसमें 5 लाख से भी अधिक अनमोल किताबें हैं। यहां प्राचीन हस्तरेखा शास्त्र और अन्य ग्रंथों को अलग-अलग सुरक्षित रखा गया है। पुस्तकालय में ताड़ के पत्तों पर लिखे कुल 2,663 ग्रंथ हैं, जो एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर के रूप में देखे जाते हैं।

### आधुनिक पीढ़ी और प्राचीन ग्रंथों से सीख

आज कई लोगों ने अपने पुराने ताड़ के पत्तों के ग्रंथ लाइब्रेरी को दान किए हैं। ये शिलालेख और हस्तरेखा शास्त्र की किताबें आधुनिक पीढ़ी को अतीत की गहराइयों में झांकने का मौका देती हैं। इनसे नई पीढ़ी को न केवल ज्ञान मिलता है, बल्कि भारतीय संस्कृति और इतिहास की समृद्धि को समझने का अवसर भी मिलता है।

## 'करोड़ों का खज़ाना छिपाया है, ढूंढ सको तो ढूंढ लो', अरबपति ने दिया ओपन चैलेंज



**वॉशिंगटन।** आपने भी बचपन में ट्रेज़र हंट यानी खज़ाने की खोज वाला गेम ज़रूर खेला होगा। गेम में खज़ाना कहीं छिपाया जाता है और उससे जुड़े हुए क्लू दिए जाते हैं। जो भी इन संकेतों तो वक्त रहते समझ जाता है, वो खज़ाने तक पहुंच जाता है। हालांकि ये सिर्फ खेल था, लेकिन इस वक्त खज़ाना ढूंढने का एक असली चैलेंज चर्चा में है, जो एक क्रिप्टो करेंसी इंवेस्टर ने लोगों के सामने रखा है। जो कोलिंस ब्लैक नाम के शख्स ने खुला चैलेंज दिया है कि उसने 5 जगहों पर खज़ाना छिपा रखा है। ये सारी जगहें पब्लिक प्लेस हैं, तो इन्हें कोई भी ढूंढ सकता है। इस चैलेंज ने इंटरनेट पर तहलका मचा रखा है। सुनने में ये काफी दिलचस्प है।

### 'खज़ाना छिपाया है, ढूंढ सको तो ये आपका'

ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक जो कोलिंस ब्लैक नाम के एक अमेरिकन शख्स ने पब्लिक ट्रेज़र हंट का ऐलान किया है। उसका कहना है कि उसने बिटकॉइन में इंवेस्ट करके खूब दौलत कमाई है और अब इनसे ही महंगी चीजें खरीदकर इन्हें खज़ाने के तौर पर 5 जगहों पर गाड़ दिया है। उसने पब्लिक को चैलेंज किया है कि अगर वे इस खज़ाने को ढूंढ लें, तो ये उनका हो जाएगा।

### बढ़ती रहेगी खज़ाने की राशि

जो का कहना है कि ये अमेरिकन इतिहास की सबसे बड़ी खज़ाने की खोज होगी। **There's Treasure Inside** नाम की कोलिंस की किताब में इससे जुड़ी हुई जानकारी दी गई है और इसमें ही क्लू भी हैं। खज़ाने में तमाम महंगी-महंगी चीज़ें हैं, जिनमें बिटकॉइन और एंटीक चीज़ें भी शामिल हैं। इस खज़ाने की वैल्यू 17 करोड़ से 22 करोड़ तक हो सकती है। ये वक्त के साथ बढ़ती ही जाएगी, जबकि कोलिन इससे जुड़े क्लू हर 8-10 साल में देते रहेंगे। क्योंकि, वो चाहते हैं कि खज़ाना ढूंढ लिया जाए।

# रिश्तेदारों की कब्र पर रोने के लिए देने होंगे पैसे, प्रशासन का नियम

एजेंसी ▶▶| लंदन

जब हमारा कोई अपना इस दुनिया से चला जाता है तो सिर्फ उसकी यादें हमारे साथ रह जाती हैं। जिन धर्मों में पार्थिव शरीर को दफनाने का रिवाज है, उस धर्म के लोग अपने रिश्तेदारों की मौत के बाद उनकी कब्र पर अक्सर जाते हैं, फूल चढ़ाते हैं, रोते हैं और उन्हें अपने पास महसूस करते हैं। सोचिए कि अगर ऐसे में कोई किसी को अपने रिश्तेदारों की कब्र पर जाने से रोके या जाने के लिए पैसे मांगे तो क्या ये इंसानियत कहलाएगी? हाल ही में ब्रिटेन में ऐसा ही हुआ, जिसकी वजह से लोग प्रशासन की आलोचना कर रहे हैं। एक वेबसाइट के अनुसार ब्रिटेन के शहर स्टोक-ऑन-ट्रेंट में एक कब्रिस्तान है, जिसका नाम गार्डेन ऑफ रिमेंब्रेंस है। इस कब्रिस्तान के प्रशासन ने अजीब नियम बनाया है। प्रशासन ने लोगों के लिए वीआईपी पास निकाल दिया है, जिसे लेने के बाद लोग अपने रिश्तेदारों की कब्र पर जा सकते हैं और आंसू बहा सकते हैं। जो भी ये पास नहीं बनवाएगा, वो सिर्फ ऑफिस आवर्स के दौरान ही कब्रिस्तान में जा सकता है।

### कब्रिस्तान का बनेगा वीआईपी पास!




### सोमवार से शुक्रवार ही कब्रिस्तान में जा पाएंगे

जो लोग पास नहीं बनवाएंगे, वो सोमवार से शुक्रवार, सुबह के 9 से लेकर दिन के 3 बजे तक ही कब्रिस्तान में घुस पाएंगे। वीकएंड, बैंक हॉलीडे, या उस दिन जब ऑफिस बंद रहेगा, तब बिना पास वाले कब्रिस्तान में नहीं घुस पाएंगे। ये वीआईपी पास 532 रुपए और 1064 रुपए के होंगे, जिसमें कब्रिस्तान के अंदर अलग-अलग जगह जाने की इजाजत मिलेगी।

### कब्रिस्तान में लग रहा है इलेक्ट्रिक गेट

कब्रिस्तान के बाहर एक नोटिस लगा दी गई है, जिसपर लिखा है कि जनवरी 2025 से इस साइट को बिजली के गेट से कवर किया जाएगा। साइट के सामने जो गेट है, वो तय समय पर ही अपने आप खुलेगा और बंद रहेगा। कब्रिस्तान में एंट्री एक वीआईपी पास की मदद से होगी। इस तरह प्रशासन उस कब्रिस्तान में काम करने वाले कर्मचारियों, मृतक के परिवारवालों और अन्य लोगों को सुरक्षित करना चाहता है।

## महिला ने शादी को बनाया 'धंधा' 3 महीने में कमाए 36 लाख, चट रिश्ता और पट ले लेती थी तलाक!

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

एक वक्त था, जब शादी-विवाह जैसा रिश्ता पूरी ज़िंदगी के लिए होता था। फिर दौर बदला और रिश्ते टूटने का भी सिलसिला चल पड़ा। हालांकि, आजकल शादी होने के कुछ महीने बाद ही कई बार टूट जाती हैं। आज हम आपको एक ऐसी महिला के बारे में बताएंगे, जो शादी करती ही इसलिए थी, क्योंकि उसे तोड़ना होता था। शादी को यूं तो जन्म-जन्म का रिश्ता माना जाता है, लेकिन कुछ लोग इस रिश्ते का भी मज़ाक बना डालते हैं। पड़ोसी देश चीन में रहने वाली एक महिला ने कुछ ऐसा ही किया और इस पवित्र रिश्ते को पैसे कमाने का धंधा बना डाला।



### क्या है ये फ्लैश मैरिज?

जब स्कैम का शिकार हुए शख्स ने इसके बारे में पुलिस को बताया तो पता चला कि महिला के पहले से 5 बच्चे हैं और वो ऐसी शादियां करके काफी पैसे कमा चुकी है। इस तरह की शादियों को चीन में फ्लैश मैरिज कहा जाता है।

### शादी नहीं, पैसे कमाने का ज़रिया

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के गुइज़ाऊ प्रोविंस की रहने वाली एक महिला ने सीरियल ब्राइड बनने का अपराध किया है। वो शादी के लिए बेताब हो रहे मर्दों को अपने जाल में फंसाती थी और फिर उनसे पैसे ऐंठती थी। इस तरह के तीन केसेज़ के ज़रिये महिला ने 3 महीने में 300,000 **yuan** यानी करीब 36 लाख रुपए वसूल लिए। उसने पिछले साल दिसंबर में शादी की थी और फिर पति पर घरेलू हिंसा का केस डाल दिया। उसने पति को तो छोड़ा लेकर ब्राइड मनी के तौर पर मिले पैसे वापस नहीं किए। इसके तुरंत बाद वो ब्लाइंड डेटिंग एजेंसी के ज़रिये दूसरे लड़के को डेट करने लगी।

# स्पेस स्टेशन में फैली 'जहरीली गंध', कमांडर सुनीता विलियम्स ने बंद किया रूस का मॉड्यूल

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

कमांडर सुनीता विलियम्स के नेतृत्व में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) में मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने हाल ही में रूसी अंतरिक्ष यान से निकलने वाली एक चिंताजनक 'जहरीली गंध' का पता लगाया। सीएनएन के मुताबिक स्पेसक्राफ्ट, प्रोग्रेस 90, भोजन, ईंधन और अन्य उपकरण के साथ स्पेस स्टेशन पर पहुंचा था। अंतरिक्ष यात्रियों ने जब इसे खोला तो उन्हें एक अजीबोगरीब गंध महसूस हुई और कुछ छोटी बूंदें दिखीं। इसके तुरंत बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने तत्परता दिखाते हुए हैच बंद कर दिया और किसी भी जहरीली गैस को हटाने के लिए एयर स्क्रबर्स एक्टिव कर दिया।नासा के मुताबिक जमीन

### धरती पर नासा हुआ परेशान



पर मौजूद उड़ान कंट्रोल ने तेजी दिखाते हुए सामान्य प्रक्रियाओं के रूप में एयर स्क्रबिंग उपकरण एक्टिवेट किया। इससे यह संकेत मिलता है कि स्पेसक्राफ्ट के अंदर सामग्री से गंध की संभावना बढ़ रही थी। आईएसएस ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'प्रोग्रेस अंतरिक्ष यान का हैच खोलने के बाद रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने एक अप्रत्याशित गंध महसूस की और छोटी बूंदें देखीं।

### सभी अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित

नासा ने कहा कि **ISS** पर हवा की गुणवत्ता सामान्य है और सुनीता विलियम्स समेत सभी चालक दल की सुरक्षा को लेकर चिंता वाली बात नहीं है। हैच खोलने वाले रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने एहतियात के तौर पर सुरक्षात्मक के उपाय पहने थे। **ISS** के अमेरिकी और रूसी खंडों के बीच हैच बंद कर दिया गया था। ह्यूस्टन में नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में समाचार प्रमुख केली ओ हम्फ्रीज के मुताबिक, 'चालक दल के लिए चिंता की कोई बात नहीं है और रविवार दोपहर तक चालक दल पोइस्क और प्रोग्रेस के बीच हैच खोलने के लिए काम कर रहा था।











## न गहने- न महंगी गाड़ी, चोरों ने घर से चुराई ऐसी चीज, दरोगा भी सकते में

**कांगड़ा।** अगर आप भी पशुपालक हैं तो थोड़ा सतर्क रहिए, क्योंकि आपके पशु कभी भी चोरी हो सकते हैं। ऐसा हम दावा नहीं कर रहे, लेकिन मौजूदा हालत देख के तो यही लगता है कि अब पशु भी सुरक्षित नहीं हैं। अब चोरों का निशाना पशुओं पर है। कांगड़ा जिला के खुंडियां से अजब-गजब मामला सामने आया है, जहां 3 बकरियां लेकर चोर फरार हो गए। फिर मामला दरोगा जी के पास पहुंचा। खुंडियां पुलिस के मुख्य आरक्षी सुरिंदर कुमार इस मामले की तफ्तीश कर रहे थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों से तीन बकरे और एक बकरी बरामद कर ली गई है। वहीं, थाना प्रभारी खुंडियां रणजीत सिंह परमार ने बताया कि इस पूरे मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक आरोपी दीपक कुमार (24) गांव गजरोडा, डाकघर बालकरूपी, जयसिंहपुर और गौरव सिंह (23) गांव उतरापुर, जयसिंहपुर शामिल हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com